Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 11 December 2023 ● Year : 01 ● Issue : 320 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

आयकर छापे का पांचवा दिन...



झारखंड और ओडिशा में चल रही कार्रवाई

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 69,825.60 |
| निफ्टी | : | 20,969.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,875 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### विकसित भारत 2047-वायस ऑफ यूथ कार्यक्रम की आज होगी शुरूआत

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विकसित भारत 2047-वायस ऑफ यूथ कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत देशभर के राजभवनों में वर्कशॉप की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री विश्वविद्यालयों के कुलपति, संस्थानों के प्रमुख और फेकल्टी सदस्यों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार यह पहल देश के युवाओं को विकसित भारत के विजन में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करेगी।

### हाइवे पर कार बना आग का गोला, आठ की मौत

**NAINITAL :** बरेली-नैनीताल हाइवे पर आधीरात बाद दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। यहां भोजीपुरा थाना से कुछ दूरी पर डंपर से टकराने के बाद एक कार में आग गई। कुछ ही देर में उसमें सवार सभी आठ बारातियों की मौत हो गई। सीओ चमन सिंह चावड़ा ने इस हादसे में आठ लोगों की जान जाने की पुष्टि की है। ल्लपुलिस के अनुसार कार सवार लोग बरेली शहर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर बहेड़ी लौट रहे थे। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाकर कार से शवों को बाहर निकाला। डंपर से टकराने के बाद कार में आग लगी।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

# पिछले चार दिनों से जारी है नोटों की गिनती

# 600 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है आंकड़ा

**CRIME REPORTER RANCHI :** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी रविवार को पांचवें दिन भी जारी रही। चार दिन से जारी नोटों की गिनती के दौरान अबतक नोट गिनने की कई मशीनें जल चुकी है और नोटों की गिनती अभी भी जारी है। सोमवार तक नोटों की गिनती खत्म होने की संभावना है। रविवार तक 500 करोड़ से अधिक रुपये की गिनती की जा चुकी है। अभी और नोटों की गिनती जारी है। अनुमानतः यह आंकड़ा 600 करोड़ तक पहुंच सकता है। पहले दो-तीन दिनों की छापेमारी में 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए थे। चौथे दिन ओडिशा में सांसद धीरज साहू के मैनेजर के घर से 200 करोड़ से अधिक की बरामदगी की बात सामने आयी है।

रविवार को रांची के रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम सुबह ही पहुंच गई और कार्रवाई शुरू की। लोहरदगा में छापेमारी की कार्रवाई पूरी हो चुकी है जबकि ओडिशा के आवास, कार्यालय सहित झारखंड की राजधानी रांची में रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में छापेमारी जारी रही। सूत्रों ने बताया कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों से जितने नोटों बरामद हुए हैं और हो रहे हैं, उनकी पूरी गिनती होने पर आंकड़ा 800-1000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। वैसे साहू के ठिकानों से मिले नोटों की गिनती जारी है।



### कांग्रेस आलाकमान ने मांगा स्पष्टीकरण पूछा- इतने कैश किसके व कहां से आए?

■ आईटी रेड में मिले पैसे से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं

**RANCHI :** कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों पर इनकम टैक्स रेड में करीब 500 करोड़ कैश मिलने के बाद पूरे देश में चर्चा और फजीहत उठाने के बाद आखिकार पार्टी ने अपना कदम उठाया है। पार्टी आलाकमान ने कांग्रेस सांसद होने के नाते उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। आलाकमान ने जानना चाहा है कि इस प्रकरण में जो हालात बने हैं, उसे वह स्पष्ट करें। स्पष्टीकरण में धीरज प्रसाद साहू से पूछा गया है कि उनके पास इतना पैसा कहां से आया और यह पैसे किसके हैं। यह जानकारी कांग्रेस भवन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान दी। इधर, पांडेय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन सब मामलों से पार्टी का कोई लेना देना नहीं है। पांडेय ने कहा कि कहा कि कांग्रेस किसी सांसद, विधायक के बल पर नहीं है। भाजपा के ऑपरेशन लोट्स के जरिये पूरे देश में इन दिनों कांग्रेस के खिलाफ साजिश रची जा रही है। यह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जो भी मामले सामने आ रहे हैं, उसमें बिना वजह कांग्रेस को जोड़ने की साजिश हो रही है। इसे सफल नहीं होने दिया जायेगा। झारखंड में जब से महागठबंधन की सरकार बनी है उस दिन से यहां भी साजिश रचने का काम हो रहा है, जो सही नहीं है।

### बंधु जवाब तो देना पड़ेगा : जेपी नड्डा

सांसदके ठिकाने से मिले करोड़ों रुपये के मामले को लेकर भाजपा पूरी तरह आक्रामक हो चुकी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्विट कर कहा कि बंधु जवाब तो देना पड़ेगा, तुमको भी और तुम्हारे नेता राहुल गांधी को भी। ये नया भारत है, यहां पर राजपरिवार के नाम पर जनता का शोषण नहीं करने दिया जाएगा। भागते-भागते थक जाओगे, लेकिन कानून पीछा नहीं छोड़ेगा। अगर कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है तो मोदी जी भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की गारंटी है, जनता की लूटी हुई पाई-पाई लौटानी पड़ेगी।

### सात लॉकर व 10 कमरे खुलने बाकी

गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के अनुसार, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 500 करोड़ नकदी बरामद हो चुके हैं। 20 प्रतिशत हिस्से के घोषित पार्टनर हैं, अघोषित, बेनामी तो जांच से पता चलेगा। उन्होंने बताया कि उनके रांची व लोहरदगा आवास पर 20 करोड़ नगद व 150 करोड़ के सोने, चांदी, हीरा की बरामदगी हुई है। अभी सात लॉकर और 10 कमरे खुलने बाकी हैं। शायद नकदी बरामदगी का यह आंकड़ा 800 करोड़ से ऊपर चला जाये। उन्होंने कहा कि धीरज साहू कांग्रेस के तीन बार के सांसद हैं, जिनका राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में गलबहियां डालते हुए सारे फोटो वायरल हैं। राहुल गांधी जी की यात्रा भारत जोड़ो नहीं भ्रष्टाचारी जोड़ो यात्रा थी। उन्होंने कहा कि सवाल है कि 500 करोड़ कांग्रेस के एक नेता के घर पर हैं। कांग्रेस के सारे नेता को इस मुद्दे पर इस्तीफा देना चाहिए था, लेकिन अभी तक कांग्रेस ने धीरज साहू को निष्कासित भी नहीं किया है।

### बौध डिस्टिलरीज के प्रबंधकों से पूछताछ

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित बौध डिस्टिलरीज कंपनी के ठिकाने पर रविवार को पांचवें दिन कंपनी के दोनों मैनेजर राजेश साहू और बंटी साहू से पूछताछ की जा रही है। जब्त नोटों की गिनती एसबीआई के बोलांगीर स्थित मुख्य ब्रांच में जारी है। नोटों की गिनती पूरी की जा सके इसके लिए अधिक काउंटिंग मशीनें और मैनपावर लगाए गए हैं। इस संबंध में ओडिशा एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा ने बताया कि हमें 176 बैग मिले और उनमें से 140 की गिनती हो चुकी है। बाकी की गिनती आज की जाएगी। गिनती प्रक्रिया में तीन बैंकों के अधिकारी शामिल हैं। हमारे 50 अधिकारी इसमें शामिल हैं।

### डिजिटल डिवाइस की भी जांच शुरू

ओडिशा में बलदेव साहू संस एंड ग्रुप कंपनीज के ठिकानों से मिले कंप्यूटर और अन्य डिजिटल डिवाइस की जांच भी शुरू हो चुकी है। हैदराबाद से आयकर विभाग की 25 सदस्यीय एनालिस्ट टीम पहुंच चुकी है। यह टीम डिजिटल तथ्यों की जांच करेगी। जिन ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की है, वहां से बरामद कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल सहित अन्य उपकरणों की भी जांच होगी। कैश की गिनती के कारण सांसद साहू के कारोबार और परिवार से जुड़े बैंक लॉकर और खातों को खंगाला नहीं गया है। अभी उनकी जांच बाकी है। नोटों की गिनती पूरी होने के बाद लॉकर खोले जाएंगे।

## प्रेमी से मिलने रांची आई युवती से गैंगरेप

### अनबन होने पर घर से बाहर निकली लड़की को युवकों ने किया अगवा

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रेमी से मिलने खूंटी से रांची आई नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। घटना जिले के तुपुदाना ओपी क्षेत्र की है। जहां आरोपियों ने नाबालिग का पहले अपहरण किया, फिर उसे अपने साथ ले गए और रात भर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के संबंध में तुपुदाना ओपी पुलिस को रविवार को जानकारी मिली। नाबालिग का पुलिस ने मेडिकल कराया है, और उसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**रातभर की हैवानियत**

घटना के संबंध में लड़की ने पुलिस को बताया है कि वह मूल रूप से खूंटी की रहने वाली है। अपने प्रेमी से मिलने के लिए खूंटी से रांची आई हुई थी। लेकिन शनिवार की रात को प्रेमी के साथ उसकी कुछ अनबन हो गई और वह उसके घर से बाहर निकल सड़क पर आ गई। नाबालिग को अकेले देख पहले बाइक सवार तीन युवकों ने उसे अगवा कर लिया। घटना तुपुदाना थाना क्षेत्र के हुलहुन्दू के पास चर्च गेट के पास से उसे रात करीब 9 बजे अगवा किया गया। फिर उसे खरसीदाग स्थित एक सुनसान किशकी गांव के चुकरु जंगल में लेकर पहुंचे। जहां पहले से भी पांच युवक शराब पी रहे थे। उसके बाद सभी ने एक-एक कर रातभर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया। जब लड़की की स्थिति खराब होने लगी तो उसे बाइक से लेकर रात 12 बजे दसमाइल चौक के पास छोड़ दिया। लड़की किसी तरह एक ऑटो वाले की सहायता से रात डेढ़ बजे तुपुदाना थाना पहुंची। फिर उसने पूरी कहानी पुलिस को बतायी।

## साइकिल वितरण में ₹360 करोड़ खर्च करेगी सरकार

**RANCHI :** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 4 लाख 90 हजार बच्चों की साइकिल खरीद के लिए सरकार ने 10 दिसंबर तक 220 करोड़ रुपये दिये हैं। यह राशि डीबीटी के जरिये सीधे उनके खाते में भेजी गई है। लाभुकों में 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के 8वीं क्लास के बच्चे शामिल हैं। इस सत्र के बाकी बचे लगभग 3 लाख 10 हजार बच्चों को 29 दिसंबर तक 140 करोड़ रुपये साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा कर दी जाएगी। सरकार-आपके द्वार के प्रत्येक शिविर एवं विशेष कैंप लगाकर छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए राशि दी जा रही है।

### गोगामेड़ी का मर्डर करके चंडीगढ़ भागे थे शूटर

**CHANDIGARH :** राजस्थान में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के आरोपी चंडीगढ़ के सेक्टर 24 के होटल कमल रिसॉर्ट नाम के गेस्ट हाउस में छिपे थे। यहां से इन्हें शनिवार रात को दिल्ली क्राइम ब्रांच और राजस्थान पुलिस की टीम पकड़कर ले गई। इनमें गोगामेड़ी को गोली मारने वाले शूटर नितिन फौजी और रोहित राठौड़ के अलावा उनका साथी उधम भी शामिल है।

### एक्सएलआरआइ के प्लैटिनम जुबली समारोह में शामिल हुए जगदीप धनखड़

# विकसित भारत बनाने में आर्थिक राष्ट्रवाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : उपराष्ट्रपति

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** एक्सएलआरआइ के टाटा ऑडिटोरियम में प्लैटिनम जुबली समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मौजूद थे। उन्होंने टाटा स्टील के ग्लोबल सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने छात्रों से आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान के लिए सफलता पूर्वक 75 साल पूरे करना बड़ी बात होती है। लेकिन जब किसी संस्थान के 75 साल होने के बाद भी जब उसके प्रति लोगों में सम्मान का भाव रहे तो यह वाकई में गौरवान्वित करने वाली बात होती है। उन्होंने एक्सएलआरआई को उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के 75 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, एक्सएलआरआइ अकादमिक उत्कृष्टता, नैतिक नेतृत्व, व्यापक भलाई के प्रति प्रतिबद्धता की गहरी भावना पैदा करने के प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह संस्थान प्रबंधन शिक्षा में हमारे देश के पहले बिजनेस स्कूल के रूप में गौरवपूर्ण स्थान रखता है। पिछले 75 वर्षों में इसने ऐसे बिजनेस लीडर तैयार किए जो न केवल सफल लीडर हैं बल्कि समाज की सेवा करने के लिए तैयार हैं। एक्सएलआरआई ने ऐसे बिजनेस लीडर को तैयार करके भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जो न केवल आर्थिक प्रगति करने में सक्षम हैं, बल्कि हमारे समाज के नैतिक मूल्यों और इसकी जरूरतों का पोषण करने में भी सक्षम हैं।

■ किसी भी संस्थान के लिए सफलता पूर्वक 75 साल पूरे करना बड़ी बात

■ देश के पहले बिजनेस स्कूल के रूप में गौरवपूर्ण स्थान रखता है एक्सएलआरआइ



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

### 2030 तक विश्व की तिसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, लेकिन इस दशक के अंत तक यानी 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनेगी। कहा कि विश्व बैंक ने भी यह माना है कि डिजिटल समावेशन के लिए भारत ने 6 वर्षों में जो हासिल किया है, उसे करने में दुनिया को आमतौर पर 47 साल लग जाते हैं। यह संभव हो पाया है जवाबदेह व पारदर्शी गर्वनेंस मॉडल के कारण। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम इतना शानदार है कि इसे सिंगापुर जैसे देश ने भी अपनाया। यूपीआई लेनदेन के मामले में भारत अकेले यूके, यूएस, जर्मनी और फ्रांस की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के डिजिटल भुगतान को पार करते हुए 1.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। हमारा लेन-देन इन देशों के लेन-देन से 4 गुना अधिक होता है। हमारी प्रति व्यक्ति मोबाइल डेटा खपत एक महत्वपूर्ण संकेतक है, यह तकनीकी पहुंच को दशार्ता है। इसके व्यापक उपयोग का मतलब है कि गांवों, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों में लोगों ने इसका उपयोग करना शुरू कर दिया है।

### नौसेना जहाज की तैनाती भारत-अफ्रीकी संबंधों को आगे बढ़ाने का प्रयास

# केन्या के लामू बंदरगाह पर पहली बार पहुंचा 'सुमेधा'

**AGENCY NEW DELHI :** अफ्रीका में चल रही लंबी दूरी की तैनाती के एक हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना का जहाज 'सुमेधा' केन्या के लामू बंदरगाह पहुंच गया है। हाल ही में विकसित केन्या के इस बंदरगाह पर पहली बार भारतीय नौसेना जहाज का कोई जहाज गया है, जो पहली बंदरगाह कॉल का प्रतीक है। यह जहाज विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का हिस्सा है और पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के परिचालन कमान के तहत कार्य करता है। पोर्ट कॉल के दौरान दोनों नौसेनाओं के कर्मी पेशेवर बातचीत, डेक दौरे और खेल आदान-प्रदान की एक विस्तृत श्रृंखला में शामिल होंगे, जिसका उद्देश्य आपसी सहयोग बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना है। यात्रा के हिस्से के रूप में एक संयुक्त योग सत्र, डेक रिसेप्शन, चिकित्सा शिविर और एक समुद्री साझेदारी अभ्यास की योजना बनाई गई है। आईएनएस सुमेधा भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से विकसित सरयू-श्रेणी की तीसरी श्रेणी का जहाज है। इसे 07 मार्च, 2014 को नौसेना में कमीशन किया गया। जहाज को स्वतंत्र रूप से और बेड़े के संचालन के समर्थन में कई भूमिकाओं के लिए तैनात किया गया है। यह जहाज हथियारों और सेंसरों की एक श्रृंखला से सुसज्जित है और बहु-भूमिका वाले हेलीकॉप्टर ले जा सकता है।

■ पोर्ट कॉल के दौरान दोनों नौसेनाओं के कर्मी आपसी सहयोग बढ़ाएंगे

■ आईएनएस सुमेधा भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से विकसित सरयू-श्रेणी की तीसरी श्रेणी का है



### एयरपोर्ट पर नाइजीरियन महिला से मिली दो करोड़ की ड्रग, गिरफ्तार

**MUMBAI :** सीमा शुल्क विभाग(कस्टम) की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने मुंबई एयरपोर्ट पर दो करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ एक नाइजीरियन महिला को गिरफ्तार किया है। यह ड्रग मुंबई से दिल्ली नए साल के जश्न के लिए भेजी जा रही थी। इस मामले की गहन छानबीन की जा रही है। कस्टम सूत्रों ने रविवार को मीडिया को बताया कि एआईयू टीम को मुंबई से दिल्ली ड्रग भेजे जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी के आधार पर एयरपोर्ट पर नाईजीरियन महिला को शनिवार को जांच के लिए रोका गया। पहले तो महिला ने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उसके पास ड्रग नहीं है, लेकिन एआईयू की टीम ने महिला की तलाशी ली तो उसके अंदरुनी वस्त्रों में छिपाकर रखे गए 20 कैप्सूल मिले, जो कथित तौर पर हेरोइन थी।

# विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के होंगे नए मुख्यमंत्री

### डॉ रमन सिंह होंगे विधानसभा अध्यक्ष

**AGENCY RAIPUR :** छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। रायपुर के बीजेपी प्रदेश कार्यालय में विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया है। साय ने राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद वे अस्थाई मुख्यमंत्री निवास पहुना पहुंच गए हैं। बड़ी घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि, दो साल का बकाया धान का बोनस 25 दिसंबर को देंगे। सूत्रों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष हो सकते हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में 2



डिप्टी सीएम होंगे। इनमें अरुण साव और विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। दोनों ही नेता पहली बार ही विधायक बने हैं। विजय शर्मा जहां पहली बार चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए हैं वहीं अरुण साव सांसद रह चुके हैं।

THE PHOTON NEWS

02 www.thephotonnews.com

Monday, 11 December 2023

BRIEF NEWS

### बड़े भाई व भाभी की टांगी से काटकर हत्या, धराया

**LOHARDAGA :** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खवास खिजरी तेतर चुआ गांव में छोटा भाई जीतू उरांव अपने सगा बड़े भाई सुकरा उरांव (50) और उसकी पत्नी गायत्री देवी (45) की हत्या रविवार को दिनदहाड़े उसके घर में घुसकर टांगी से काट कर दी। दोनों की मौत उनके घर के आंगन में ही हो गई।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना भंडरा थाना प्रभारी को दी गई। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही गांव में जाकर सुकरा एवं गायत्री देवी का शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया गया है। घटना के शुरूआती दौर में जांच में हत्या का कारण आपसी बटवारा को बताया जा रहा है। पुलिस अन्य बिंदु पर जांच कर रही है। पुलिस ने हत्यारे भाई जीतू उराव को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर कोई संगठन मजबूत नहीं हो सकता : कालीचरण



**KHUNTI :** अड़की प्रखंड के जोजोहातु ग्राम में रविवार को कांग्रेस के अड़की प्रखंड अध्यक्ष बसंत सेठ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा और खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि पार्टी की मजबूती बूथ कमेटी तैयार होने पर ही संभव है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकताओं से ही कोई भी संगठन मजबूत होता हैं। कार्यकताओं को अनदेखा कर कोई भी संगठन मजबूत नहीं हो सकता। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहें और कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों को गांव के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने का काम करें।

### राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान ने सम्मान समारोह का किया आयोजन



**KODERMA :** सतगावां स्थित पहलवान आश्रम भखरा में रविवार को सम्मान समारोह आयोजित कर वैज्ञानिक अंकित राज को विरसा मुंडा एक्साइलेंस एवआर्ड के तहत मेडल, प्रशस्ति-पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। संस्थान सचिव मनोज दांगी, अध्यक्ष रामन्नदन प्रसाद, कोषाध्यक्ष विजय कुमार और कार्यक्रम प्रभारी निर्भय कुल ने संयुक्त रूप से मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर संस्थान के सचिव मनोज दांगी ने कहा कि अंकित राज ने सतगावां प्रखण्ड, कोडरमा जिला ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड राज्य को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर अंकित राज ने उपस्थित बच्चे बच्चियों को सफलता के कई टिप्स बताया। समारोह को संबोधित करने वालों में विजय कुमार, रामन्नदन प्रसाद, निर्भय कुल, जोशफीन एक्का, दशरथ प्रसाद यादव, मुसाफिर प्रसाद, रंजीत कुमार, सुमंत कुमार के नाम शामिल हैं।

# गिरिडीह : साइबर ठगी के छह आरोपी गिरफ्तार, आठ लाख नकद बरामद

## 12 मोबाइल, 21 एटीएम, छह पासबुक, चार पैनकार्ड और दो आधार कार्ड जब्त

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान में गिरिडीह पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस बार पुलिस ने न सिर्फ छह आरोपियों को पकड़ा है, बल्कि इनके पास ठगी की रकम आठ लाख 29 हजार छह सौ रुपये के साथ एक दर्जन मोबाइल, 21 एटीएम, पासबुक, छह पासबुक, चार पैनकार्ड और दो आधार कार्ड भी जब्त किया है। इनको गिरफ्तार करने के दौरान दो जवान भी चोटिल हुए हैं।



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देते एसपी दीपक कुमार। • फोटोन न्यूज

एसपी दीपक कुमार शर्मा ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में जिले के बेंगाबाद थाना इलाके के साठीबाद निवासी पवन मंडल, सरिया के नगर केशवारी निवासी लव कुमार मंडल, डुमरी थाना के नारंगी निवासी सतीश मंडल, बेंगाबाद के फुरसोडीह निवासी छोठी मंडल, डुमरी के कुस्तो निवासी क्रिश मंडल, बिरनी थाना इलाके के सोनू मंडल शामिल हैं जबकि फरार अपराधियों में डुमरी के नारंगी निवासी सुरेश मंडल, सरिया के नगर केशवारी निवासी प्रकाश मंडल, अजीत मंडल, मुकेश मंडल और बेंगाबाद के कृष्णा मंडल शामिल हैं।

एसपी ने बताया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल से उन्हें सूचना मिली थी कि डुमरी, सरिया, बिरनी तथा बेंगाबाद में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। इस सूचना पर डीएसपी संदीप के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने घेराबंदी की और छह अपराधियों को पकड़ा गया जबकि पांच लोग फरार हो गए।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के समीप खुलासा करते हुए बताया कि सारे अपराधी ओकलूट, लोकांतो और स्कोका एप के जरिए ही युवाओं को ऑनलाइन सेक्स का प्रलोभन देकर फंसाते थे और उसका स्क्रीन शॉट लेकर ब्लैकमेलिंग किया करते थे। साथ ही पोषण ट्रेकर ऐप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के मोबाइल पर काल कर मातृत्व योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे की ठगी करते थे।

## पुलिस ने चलाया हेलमेट चेकिंग अभियान, दर्जनों से वसूला जुर्माना

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और इसमें दो पहिया वाहनों पर सवारों की हो रही मौत ने प्रशासन के कान खड़े कर दिये हैं। दो पहिया वाहनों की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सघन हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया और बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाते दर्जनों लोगों को पकड़कर उनसे जुर्माना वसूला गया।

तोरपा थाना के एक कनीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि अब थाना में शराब के नशे की जांच के लिए मशीन भी अ गई है। इससे पता लगता है कि वाहन चालक शराब का सेवन कर बाइक चला रहा है या नहीं।



उन्होंने कहा कि लोगों की सबसे बड़ी गलतफहमी है कि पुलिस हेलमेट के जांच के नाम पर आम लोगों को परेशान करती है, जबकि पुलिस सिर्फ उनकी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की चेतावनी दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी पेट्रोल पंप सचालकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि वे बिना हेलमेट वाले दो पहिया वाहनों में पेट्रोल न दें।

## पारा शिक्षकों ने सरकार पर वादा खिलाफी का लगाया आरोप, आंदोलन की चेतावनी

**PHOTON NEWS RAMGARH :** पारा शिक्षकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर अपना वादा भूलने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले रामगढ़ में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शामिल पारा शिक्षकों ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने चुनावी दौरे में यह कहा था कि उनकी सरकार बनते ही पर शिक्षकों को वेतन का भुगतान किया जाएगा। लेकिन अब इस सरकार का अंतिम वर्ष चल रहा है। हेमंत सोरेन ने अपने उसे वादे को बुलाकर पर शिक्षकों को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

बैठक की अध्यक्षता उतरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष भागवत तिवारी ने की। इस बैठक में उपस्थित सहायक अध्यापक साथियों ने विचार व्यक्त किया तथा सबने मिलकर झारखंड सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि अब तक हम सबका मूल मांग वेतनमान नहीं मिला ,जो खेद जनक है। झारखंड के समस्त सहायक अध्यापक पूरा विश्वास किए थे कि झारखंड में आदिवासी मूलवासी की सरकार बनेगी तो आम पारा शिक्षक जो आदिवासी मूलवासी है उनका उद्धार होगा। किंतु वो विश्वास टूट गया। सरकार को उसके वादे याद दिलाने के लिए पारा शिक्षक अब विधानसभा के समक्ष 19 दिसंबर को प्रदर्शन करेंगे। अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो 28 दिसंबर से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष पारा शिक्षक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ जाएंगे।



बैठक के बाद आक्रोश जताते पारा शिक्षक। • फोटोन न्यूज

### उपराष्ट्रपति ने IIT-ISM के दीक्षांत समारोह में 39 गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करना छात्रों का दायित्व : जगदीप धनखड़

**PHOTON NEWS DHANBAD :** आईआईटी आईएसएम धनबाद के पेनमेन हॉल में रविवार को 43वां दीक्षांत समारोह आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व विशिष्ट अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 39 गोल्ड मेडलिस्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां छापे में मिले तीन सौ करोड़ रुपये की ओर इशारा किया और छात्रों से आग्रह किया कि वो भविष्य में एक ऐसी मशीन बनाए जो कभी न थकने वाला हो और वो तेजी से अनगिनत नोटो को बिना रुके गिन सके।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी ने आईआईटी आईएसएम धनबाद जैसे महान संस्थान में अध्ययन किया है। आज जो डिग्री आपने प्राप्त की है वह सिर्फ आपकी शैक्षणिक प्रगति का प्रमाण नहीं है, यह आपके समर्पण, दृढ़ता और क्षमता का प्रतीक है। इस क्षमता का आपको पूरी तरह से देश के प्रगति में योगदान करना है। अब आपका दायित्व है की इस राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करना है।



दीक्षांत समारोह में छात्रा को सम्मानित करते उपराष्ट्रपति। • फोटोन न्यूज

इससे पहले दीक्षांत समारोह विधिवत रूप से सुबह शैक्षणिक शोभायात्रा के साथ शुरू हुई। चार सत्र में आयोजित दीक्षांत समारोह में 1249 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। वर्ष 2023 बैच के 1919 छात्र-छात्राओं में से 1249 छात्रों ने दीक्षांत समारोह के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। डिग्री लेने के लिए छात्र-छात्राएं भारतीय परिधान में मंच पर पहुंचे।

आईआईटी आईएसएम धनबाद में इस दौरान प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल एक, सिल्वर मेडल 15, स्पॉन्सर मेडल 19, बेस्ट थिसिस अवार्ड 9 को दी गई। वहीं कुल 1919 छात्रों को डिग्री दी गई। इनमें मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी के 311, बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के 806, बीटेक और एमटेक के 20, एमबीए के 69, मास्टर ऑफ साइंस के 145, मास्टर ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के 95, इंटीग्रेटेड मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी के 66 छात्र-छात्राओं को दिया गया।

# रामगढ़ में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन कांग्रेस को बताया भ्रष्टाचार की जननी

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ के सुभाष चौक पर भाजपा के नेताओं ने कांग्रेस के खिलाफ एक आक्रोश प्रदर्शन किया है। रविवार को आयोजित इस आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी करार दिया। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए प्रदर्शन का संचालन जिला महामंत्री रंजन फौजी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन शिव कुमार महतो द्वारा किया गया।



आक्रोश प्रदर्शन में शामिल भाजपाई। • फोटोन न्यूज

आक्रोश प्रदर्शन में मांडू विधायक विधानसभा सचेतक व प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने बतौर मुख्य वक्ता ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी रही है। भोले-भाले पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को फंसाकर करोड़ों रुपए हड़पने वाले कांग्रेस आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कई सौ करोड़ रुपए लूटे है।

वर्तमान सरकार ने पिछड़े वर्ग को आरक्षण नहीं दिया है और इस कारण से नगर निकाय चुनाव को स्थगित कर रखा है। आज भाजपा सम्पूर्ण झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस के सांसद धीरज साहु के ठिकानों से करोड़ों रुपए नकदी मिलना बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने इस पूरे मामले को ईडी के हवाले करने की मांग केंद्र सरकार से की ।

उन्होंने झारखंड में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज रामगढ़ में दिन में भी गोली चल रही है। उन्होंने हेमन्त सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आप संभल जाओ नहीं तो भाजपा की सरकार बनते ही पाई पाई का हिसाब लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस धरना के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि झारखंड सरकार में लिप्त भ्रष्टाचारियों को इडी के सुपुर्द कर उन्हें उनके करनी की सजा मिले।

भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस झामुमो और राजद गठबंधन सरकार ने जनता को सिर्फ लूटने काम किया है। ये लोग आगामी लोकसभा और

## खुंटी : बिरसा मृग विहार के पास सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**PHOTON NEWS KHUNTI :** खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर बिरसा मृग विहार के पास रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पानी टंकी पिपराटोली खूंटी निवासी राजा चौधरी(20 ) के रूप में की गई है, जबकि घायल युवक आर्या मुंडा मुरहू थाना क्षेत्र के इंदीपीड़ी का रहने वाला है। घायल युवक भू अर्जन विभाग खूंटी में कार्यरत है। पिता की मौत के बाद 2019 में उसकी नौकरी लगी है।

जानकारी के अनुसार आर्या मुंडा अपने दोस्त राजा चौधरी के साथ अपनी बाइक से अपनी बहन के घर तुपुदाना जा रहा था। बिरसा मुग विहार के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे राजा चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आर्या मुंडा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आर्या और राजा को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजा चौधरी को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने आर्या मुंडा की गंभीर स्थिति को देखते हुए एसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक राजा चौधरी के पिता सोनू चौधरी अस्पताल पहुंचे। दोनों परिवार वालों का रो-रो बुरा हाल है। सोनू चौधरी ट्रक चालक हैं।



घायल युवक का इलाज करते डॉक्टर। • फोटोन न्यूज

## 10 मिनट जाम में फंसे रहे राज्यपाल और स्वास्थ्य मंत्री

**PHOTON NEWS DHANBAD :** आईआईटी-आईएसएम के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद बरवाअड्डा जा रहे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता का काफिला रणधीर वर्मा चौक पर जबरदस्त जाम में करीब 10 मिनट तक फंसा रहा। इस दौरान राज्यपाल के सुरक्षाकर्मियों ने उनकी गाड़ी को चारों ओर से घेर लिया। जिला पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से जाम हटाया और काफिला आगे बढ़ा।

बताया गया है कि जिस रूट में उप राष्ट्रपति, राज्यपाल और स्वास्थ्य मंत्री को जाना था उसी रूट पर बढ़ी संख्या में बाइक और कार आ गईं। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी देखते रह गए लेकिन राहगीरों को न तो रूट पर आने से रोका गया और न ही रणधीर वर्मा चौक पर लगे जाम को जल्द हटाने का प्रयास किया गाय। इस दौरान राज्यपाल और स्वास्थ्य मंत्री काफी नाराज दिखे।

## उपायुक्त ने की पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

**PHOTON NEWS RAMGARH :** डीसी चंदन कुमार ने रविवार को जिले में पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान की शुरूआत की। सदर अस्पताल में उपायुक्त ने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाने के उपरांत सभी जिलेवासियों से 5 वर्ष तक के बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की।

इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने उपायुक्त को 12 सितंबर तक जिले में चलने वाले पल्स पोलियो अभियान एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तैयार किए गए माइक्रो प्लान की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी।

पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिन यानी 10 दिसम्बर को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं। वहीं, 11 एवं 12 दिसम्बर को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के लगभग 01 लाख 72 हजार 425 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है।

### जीता जागता दृढ़ इच्छाशक्ति का बड़ा चेहरा बना दिव्यांग तीरंदाज झोंगो पाहन

# 26 से 29 दिसंबर तक पटियाला में होनेवाली राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का करेगा प्रतिनिधित्व

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जीवन में परिस्थितियां कितनी ही कठिन क्यों न हो, लेकिन मन में कुछ करने का जज्बा हो, इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास प्रबल हो, तो न दिव्यांगता बाधा बनती है और न ही गरीबी आड़े आती है। इसे सिद्ध कर दिखाया है खूंटी के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त युवा दिव्यांग तीरंदाज झोंगो पाहन। आज वह जीता जागता दृढ़ इच्छाशक्ति का बड़ा चेहरा है।

बचपन में ही दोनो पैरों में पोलियो का शिकार होने के बावजूद झोंगो ने अपने हौसलों और इरादों के बल पर ऊंची उड़ान भरने की तैयारी कर रखी थी। झोंगो पाहन को 26 से 29 दिसंबर तक पंजाब के पटियाला में होनेवाली राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में झारखण्ड तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। खूंटी प्रखंड की फुदी पंचायत के सेल्दा गांव निवासी झोंगो के पिता गुसू पहान अपने गाव में चरवाहा का काम करते हैं, तो मां सोवाग देवी गृहिणी है। गरीबी, तंगहाली और बेटे की दिव्यंगता के बावजूद पढाई न छूटे, इसलिए 2022 में झोंगो का नामांकन खूंटी के बिरहू स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय में कराया। वहीं से तीरंदाजी की शुरूआत की और आज वह तीरंदाजी के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर दस्तक दे रहा है।



दिव्यांग तीरंदाज झोंगो पाहन। • फोटोन न्यूज

### ओलंपिक में पदक जीतना सपना

झोंगो ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत में वह कोच द्वारा धनुष थमाए जाने पर वह थोड़ा नर्वस था और उम्मीद नहीं थी कि बेहतर करेंगे, लेकिन सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि सामान्य तीरंदाजों को भी निशाना साधने में पीछे छोड़ रहा है। अब एकमात्र सपना ओलंपिक और पैरा ओलंपिक खेलों में भारत के लिए पदक जीतना खासकर गोल्ड मेडल हासिल करना है।

### खूंटी जिले के लिए गौरव की बात

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय में समाज के अन्तिम वर्ग के अनाथ, एकल अभिभावक के बच्चे, दिव्यांग, मानव तस्करी के मुक्त कराये गए और नक्सल प्रभावित परिवार के बच्चों को पढाई और खेल के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा में लाने का एक प्रयास है। इसमें अब बच्चे को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलना समस्त विद्यालय और जिला के लिए गौरव की बात है।

### सुविधा मिले तो और बेहतर प्रदर्शन करेंगे खिलाड़ी : कोच अशीष

झोंगो के प्रशिक्षक दानीश बताते हैं कि झोंगो भले ही दिव्यांग है, लेकिन उसका शरीर तीरंदाजी के लिए पूरी तरह से अनुकूल है और वह तेजी से इस विधा में निपुण हो रहा है। वह लगातार बेहतर करने की कोशिश में रहता है। कोच अशीष बताते हैं कि सीमित संसाधनों में झोंगो बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जबकि संसाधन और आधारभूत संरचना यदि बेहतर तरीके से यहां उपलब्ध कराया जाए, तो यहां के तीरंदाजों में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने की प्रतिभा है।

# अयोध्या नगरी से तोरपा पहुंचा अक्षत कलश, देवी मंडप में की गयी आरती

**PHOTON NEWS KHUNTI :** अयोध्या नगरी से अक्षत कलश भगवान राम की फोटो और आमंत्रण पत्र रविवार को तोरपा पहुंचा। विश्व हिंदू परिषद के महेश प्रसाद सिंह उर्फ एमपी सिंह व बजरंग दल के कार्यकताओं ने अक्षत कलश प्राप्त किया। कलश में आये हुए अक्षत को संगठन के लोग 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह व नवनिर्मित मंदिर में रामलल्ला के विराजमान होने के अवसर पर आमंत्रण देने तोरपा की सभी पंचायतो में घर.घर जाकर आमंत्रण देंगे।



अक्षत कलश के साथ ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

एमपी सिंह ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने कें लिए संघ परिवार और विहिप के साथ सभी हिन्दू संगठनों, मंदिर समितियो,ए सामाजिक संस्थाओ,ए हिंदू विचारों को लेकर कार्य कर रहे धर्म गुरुओ, महिला समितियों, युवा समितियों सहित अन्य संगठनों से आग्रह किया है कि मंगलवार को एनएचपीसी परिसर स्थित शिव मंदिर में बैठक आयोजित कर आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी। रविवार को आरती के बाद विश्व हिंदू परिषद के महेश प्रसाद सिंह ने पुरोहित अनिल मिश्र और बैकुंठ षाड़ंगी को अक्षत कलश सौंपा। एमपी सिंह ने बताया कि अगली बैठक के बाद घर-घर जाकर अक्षत का वितरण किया जाएगा।

BRIEF NEWS

### गृह रक्षा वाहिनी के चार कंपनी कमांडर प्रशिक्षण में उत्तीर्ण

RANCHI : पुलिस अकादमी हजारीबाग में गृह रक्षा वाहिनी के कंपनी कमांडर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार कंपनी कमांडर उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें रांची मुख्यालय के सुमन कुमार, चतरा के प्रभु उरांव, गढ़वा के आनंद नायक और साहिबगंज के राज रोशन उरांव शामिल हैं। आईजी ट्रेनिंग ने निर्देश आदेश जारी कर कहा है कि गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय रांची के कमांडेंट इस परीक्षाफल को अपने स्तर से संबंधित अधिकारियों को सूचित करने का कष्ट करें।

### पहाड़ी मंदिर की दानपेटी से निकले पांच लाख

RANCHI : रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से रविवार को सुबह नौ बजे से मुख्य मंदिर का तीन दान पेटी खोला गया। तीन बजे तक गिनती हुई। इसमें छोटे नोट दस, बीस, पचास, सौ रुपये के नोट अधिक थे। अभी पांच लाख रुपये दान में मिले हैं। अभी 4 दान पेटी खोलना बाकी है। समिति की ओर से अध्यक्ष एन एन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, सदस्य राजेश साहू, बादल सिंह सुखदेव नगर के एसआई सौरभ शर्मा, मंदिर के पुजारी आदि मौजूद थे।

### पंजाबी हिंदू बिरादरी की बैठक में लोहड़ी पर्व पर चर्चा

RANCHI : पंजाबी हिंदू बिरादरी एवं स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी की बैठक सुधीर दुग्गल की अध्यक्षता में हुई। पंजाबी भवन लाला लाजपत राय पथ में आयोजिक इस बैठक में दशहरा 2023 रावण दहन में हुए खर्च को पास किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि बिरादरी द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर जनवरी माह में एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन फरवरी माह में कराया जाएगा। लोहड़ी 2024 धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर दुग्गल ने कहा कि इस वर्ष लोहड़ी भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा।

### इमा कराटे ग्रेडिंग संपन्न 126 खिलाड़ियों ने लिया भाग

RANCHI : इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वाधान में बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में एकदिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह: ग्रेडिंग का आयोजन हुआ। इस शिविर में विभिन्न स्कूलों और क्लबों से 126 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस फाइट के तकनीकों से अवगत कराया। शिविर के दौरान उपस्थित सभी खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडिंग भी लिया गया। शिविर के दौरान सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें पिछले दिनों ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग में सफल रहे कुमारी मीनाक्षी और आयुष दीवार को ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन की उपाधि से नवाजा गया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि हर एक खिलाड़ियों का लक्ष्य होता है कि वह समय पर ब्लैक बेल्ट प्राप्त करें।

### जे गुरुजी ऐप को डाउनलोड करें सभी सरकारी शिक्षक

RANCHI : राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को अपने मोबाइल पर जे गुरुजी ऐप डाउनलोड करना होगा। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और सभी सरकारी स्कूलों के हेडमास्टरों को पत्र लिखकर जे-गुरुजी ऐप का उपयोग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को फ्री में डिजिटल ई-कंटेंट और ऑनलाइन स्टडी की सुविधा देने के लिए विभाग ने 16 अक्टूबर को जे-गुरुजी ऐप लॉन्च किया था। जे-गुरुजी एप एक मल्टिपर्पस मंच है,जो स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने के लिए वेब और मोबाइल एप्लिकेशन दोनों के जरिये सुविधा उपलब्ध कराता है। जे-गुरुजी ऐप में झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) की ओर से उपलब्ध कराये गये ई-बुक, ऑडियो बुक और ई-पब उपलब्ध है।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

पूर्व आईएएस संजय सिंह और हृदयानंद कांग्रेस में शामिल

# पार्टी में इनके आने से कांग्रेस को मिलेगी मजबूती : अविनाश



कांग्रेस के मिलन समारोह में अविनाश पांडे, राजेश ठाकुर व पार्टी के पदाधिकारी-कार्यकर्ता।

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत अधिकारी डॉ. संजय सिंह और कारगिल युद्ध में अपनी भूमिका निभाने वाले हृदयानंद यादव ने रविवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस का दामन थाम लिया। झारखंड प्रदेश प्रभारी अश्विनी पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की मौजूदगी में दोनों पार्टी में शामिल हुए। मौके पर अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले इन दोनों लोगों का वह हार्दिक अभिनंदन करते हैं। कांग्रेस पार्टी में उनके आने से पार्टी में मजबूती मिलेगी। कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी का दामन थामा है। पार्टी के सैद्धांतिक विचारों पर चलने का उन्होंने वादा किया है। साथ में पार्टी और संगठन को भी मजबूत करने को लेकर भी वह काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार से जोड़कर कांग्रेस पार्टी बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इस साजिश को कांग्रेस पार्टी नाकाम करेगी। डॉ. संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमने इसलिए ज्वाइन किया है क्योंकि, मैं इस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित हूं। मेरी मंशा कहीं से चुनाव लड़ने की नहीं है। मैंने ताउम्र प्रशासनिक अधिकारी रहकर जनता की सेवा की है। अब यही काम कांग्रेस पार्टी से जुड़कर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि अगर इतिहास देखें तो देश को बनाने में सबसे ज्यादा योगदान कांग्रेस पार्टी का ही रहा है और कांग्रेस ही देश की जनता के मूल स्वभाव को समझती और जानती है। देश की जनता भी कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी पर विश्वास करती है। आने वाले समय में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। हृदयानंद यादव ने कहा कि यदि गोली-बारूद के मर्म को कोई जानता व समझता है तो वह कांग्रेस पार्टी है। उनके परिवार में कई लोगों ने कुबार्नी दी है। 1992 में बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में बतौर लेक्चरर डॉ. संजय सिंह ने अपने करियर की शुरूआत की। कॉलेज में इन्होंने अंग्रेजी साहित्य विषय में योगदान दिया। 1993 में वो डिप्टी कलेक्टर बने और राज्य प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में कदम रखा। प्रशासनिक सेवा के 30 वर्षों के अनुभव के दौरान उन्होंने जिला स्तर के कई महत्वपूर्ण पदों पर योगदान दिया, जिसमें साल 2010 में एसडीओ रांची, 2012 में एसडीओ बोकारो, डीडीसी बोकारो और डीडीसी दुमका के पद पर रहे। डीडीसी के पद पर रहते हुए इन्हें ग्रामीणों से सीधे संवाद और उनकी समस्या और समाधान पर काम करने का अवसर मिला।

जेएमएम और कांग्रेस के पदाधिकारियों ने थामा आजसू का दामन

# राज्य की वर्तमान व्यवस्था से नाखुश है जनता : सुदेश


आजसू के मिलन समारोह में सुदेश महतो व पार्टी के पदाधिकारी-कार्यकर्ता।

PHOTON NEWS RANCHI : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की मौजूदा व्यवस्था से जनता खुश नहीं है। सरकार की गलत नीतियों का असर आम आदमी के जीवन पर पड़ रहा है। गैर जवाबदेह शासन ने प्रदेश को पीछे धकेला है। लोगों ने जिन्हें सत्ता संभालने की जिम्मेदारी दी वे जनता का विश्वास जीतने में पूर्णतः विफल रहे हैं। सुदेश कुमार महतो रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान लोहरदगा, जमशेदपुर और रांची से आए जेएमएम, कांग्रेस के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने सैकड़ों की संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि अच्छे विचार के साथ प्रदेश में काम करने का समय आ गया है। चौबीस में हम सभी को मिलकर झारखंड को विकास की पटरी में लाना है। आजसू पार्टी जनता के उत्थान के लिए आप सभी को मंच देगी।

उन्होंने कहा कि झारखंड को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ लड़ाई का सही वक्त है। यह प्रदेश अपनी क्षमता और ताकत पर खड़ा होगा। इस प्रदेश की संभावनाओं को आजसू पार्टी और उसके कार्यकर्ता अपनी मेहनत से यथार्थ में बदलेंगे। 30 साल से अधिक जेएमएम में रहने के बाद पार्टी में शामिल हुए जेएमएम के लोहरदगा जिला सचिव रन्तु उरांव ने कहा कि जिस आशा और उम्मीद से झारखंड का निर्माण हुआ लेकिन उसका एक कतरा भी पूरा नहीं हुआ। हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी लेकिन वो झारखंड को संवारने में विफल रहे। इसलिए आज आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं।

जेएमएम को छोड़ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले धीरज कुमार यादव ने कहा कि जेएमएम से 26 साल के रिश्ते को तोड़कर आज आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं। पांच साल में सरकार ने जनता के लिए कुछ नहीं किया। सुदेश को राज्य की जनता उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। आने वाले चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा।

इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता देवशरण भगत, हसन अंसारी, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, मुकुंद चंद्र मेहता, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## दोनों हाथ बंधे युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

नगड़ी थाना क्षेत्र के सैंबो पुल के नीचे मिली लाश

CRIME REPORTER RANCHI : जिले के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित सैंबो पुल के नीचे रविवार सुबह दोनों हाथ बंधे एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान 48 वर्षीय अनिल कश्यप के रूप में हुई है। वह खूंटी जिला के बेलवादाग गांव रहने वाला है। मामले की जानकारी मिलने के बाद नगड़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुटी हुई है। आशंका जतायी जा रही है कि व्यक्ति की हत्या कहीं और की गयी। इसके बाद साक्ष्य को छिपाने की नियत से आरोपियों ने शव को पुल के नीचे फेंक दिया और वहां से फरार हो गये। नगड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि शव पर कोई चोट के निशान है। लेकिन उसके दोनों हाथ बंधे थे। इससे आशंका जतायी जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को यहां फेंक दिया गया होगा।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

RANCHI : रांची-खूंटी रोड पर हिरण पार्क के पास सड़क दुर्घटना में रविवार को दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने के पहले ही दोनों की मौत हो गई। फिलहाल युवकों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस दोनों युवकों की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

## मौसम साफ होते ही 3 डिग्री गिरा रांची का तापमान, शहर में जलने लगे अलाव

10 डिग्री तक पहुंच सकता है राजधानी का न्यूनतम तापमान


रांची में ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े व टोपी पहनकर घूमते दिखे लोग।

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में मिचौंग तूफान का असर खत्म हो गया है। इसके साथ ही तापमान में गिरावट होने लगी है। राजधानी रांची के मौसम में महज 24 घंटे में तीन डिग्री तक गिरावट देखने को मिली है। हालांकि मौसम विभाग के रांची केंद्र का कहना है कि 15 दिसंबर तक आसमान साफ रहेगा। इस वजह से अगले दो दिनों में रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंचने की उम्मीद है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। फिलहाल बारिश को कोई अनुमान नहीं है। मौसम में बदलाव के साथ ही रांची नगर निगम की ओर से चौक-चौराहे में अलाव की व्यवस्था की गई है। लोगों को परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शहर के आठ चौक-चौराहों में अलाव की व्यवस्था की गई है। जिसमें सुजाता चौक, अरगोड़ा चौक, डोरंडा, रिम्स, अलबर्ट एक्का चौक, रेलवे स्टेशन व कांटाटोली बस स्टैंड शामिल है। इन जगहों में पूरे ठंड तक हर दिन अलाव जलाए जाएंगे।

### कंट्रोल रूम में दें सूचना

नगर निगम ने शहर के लोगों से अपील की है कि चौक-चौराहों पर ठंड में रहने को विवश लोगों की सूचना नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 9431104429 पर दें। निगम ऐसी जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था करेगा। नगर निगम के अनुसार बरसात के दौरान सूचरू बिजली आपूर्ति के लिए शहर में पेड़ों की छंटाई की गई थी। जिन्हें बकरी बाजार स्टोर में लाकर सुखाया गया था।

## मजलिस ए उलेमा झारखंड का एक दिवसीय इजलास 14 को


आयोजित होने वाले इवेंट की जानकारी देते मजलिस ए उलेमा के सदस्य।

PHOTON NEWS RANCHI : मजलिस ए उलेमा झारखंड की ओर से एक दिवसीय मजलिस का आयोजन मदरसा इस्लामिया सुरसा मुड़मा मिसाल में 14 दिसंबर को होने जा रहा है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। अंजुमन मीडिया हाल में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी, उपाध्यक्ष मौलाना शरीफ अहसन मजहरी, महासचिव मुफ्ती ताल्हा नदवी ने कहा के मजलिस उलेमा ये उलेमा की एक तंजीम है। 1987 में इसकी बुनियाद पड़ी। जिसको स्वर्गीय हजरत मौलाना अहमद अली कासमी ने कायम की। उनकी कोशिश थी उलेमा को जोड़ना और उलेमा के बीच एकजुटता पैदा करना। हर तंजीम में उतार-चढ़ाव होती है। फरवरी 2023 में नए लोग चुन करके आए और नए जोश व जज्बा के साथ काम हो रहा है। जिला कमेटी का गठन का सिलसिला जारी है। मजलिस ए उलेमा ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष हजरत मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी को रांची आने का आमंत्रण दिया, जिसे हजरत ने कबूल करते हुए 14 दिसंबर को रांची आने की मंजूरी दी है।

सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों रुपये की बरामदगी का मामला

## राजभवन के सामने भाजपा का धरना गिरफ्तारी व ईडी को केस सौंपने की मांग



राजभवन के सामने धरना-प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक व कार्यकर्ता।

PHOTON NEWS RANCHI : कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों रुपये की बरामदगी को लेकर भाजपा ने रविवार को झारखंड के सभी जिला मुख्यालय में धरना दिया। रांची में भी महानगर भाजपा की ओर से राजभवन के सामने धरना दिया गया। धरने में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, कमाल खान समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने धरना देकर धीरज साहू को गिरफ्तार करने और केस को ईडी को सौंपने की मांग की। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही भ्रष्टाचार है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में लगे हैं। कांग्रेस ने यह पैसे जरूर तीन राज्यों के चुनाव में विधायकों की खरीद-फरोख्त और रिसार्ट पॉलिटिक्स के लिए रखा होगा। उन्होंने सांसद धीरज साहू को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस पूरे मामले में ईडी और सीबीआई को भी सामने आना चाहिए और सांसद धीरज साहू से कड़ाई से पूछताछ की जानी चाहिए। कांग्रेस के जब सिर्फ एक सांसद के पास अरबों का कैश है, तो सोचिए पूरी पार्टी ने कितने खरब का गोलमाल किया होगा।

### महुआ के जन्मदिन पर लोगों ने दी बधाई

RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्यसभा सांसद महुआ माजी के जन्मदिन पर उनके आवास में लोगों ने पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी। इसी मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता और सीपीआई के कार्यालय सचिव अजय सिंह ने भी उनके आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। मौके पर जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार की वरिष्ठ सदस्य महुआ माजी ने महिलाओं के लिए जो काम किया है वो अब तक कोई नहीं कर सका। उन्होंने झारखंड के ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अजय सिंह ने बताया कि झारखंड की आवाज महुआ माजी के जन्मदिन के मौके पर हम लोग उन्हें बधाई दिए है। उन्होंने कहा कि महुआ माजी का व्यक्तित्व काफी बड़ा है उनके काम करने का शैली सबको प्रभावित करता है।

## जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 का पोस्टर लॉन्च, छह कैटेगरी में खिलाड़ी होंगे पुरस्कृत


मोहराबादी मैदान स्थित ट्राइका रेस्टूरेंट में पोस्टर का विमोचन करते पदाधिकारी।

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड का सर्वोच्च प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 को लेकर उम्मीद फाउंडेशन ने पोस्टर लांच किया। जयपाल सिंह की जयंती पर तीन जनवरी 2024 को झारखंड का प्रतिष्ठित और सर्वोच्च जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर रविवार को मोहराबादी मैदान स्थित ट्राइका रेस्टूरेंट में पोस्टर का विमोचन किया गया। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, फिल्म निर्देशक नंदलाल नायक, किशोरी राणा, अंतू तिर्की, अश्विनी शर्मा, हेमलाल मेहता, जनक नायक, संगीता तिर्की, राम अवतार केरकेट्टा, गोपाल पांडे, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव आदि की उपस्थिति में पोस्टर का अनावरण किया गया। अतिथियों ने पुरस्कार समारोह की सराहना करते हुए कहा कि यह पुरस्कार राज्य के साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान करेगा। साथ ही शून्य से शिखर तक का सफर तय कर गांव से निकलकर, गांव राज्य देश का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ियों का उचित सम्मान है। पुरस्कार समारोह के माध्यम से राज्य के साढ़े तीन करोड़ लोगों तक जयपाल सिंह मुंडा के जीवनगाथा को पहुंचाने का प्रयास है। संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस बार छह कैटेगरी में खेल के क्षेत्र में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, कोचों और खेल को प्रोत्साहित करने वाले संस्थानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत स्कूलों में चल रहे 75 दिवसीय कार्यक्रमों का समापन 11 को

## महाकवि सुब्रमण्यम भारती की मनाई जाएगी जयंती




PHOTON NEWS RANCHI : एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया था। इस सांस्कृतिक बहुभाषी उत्सव में झारखंड के भी सभी सरकारी स्कूलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूली बच्चों को भारत राष्ट्र की महान भाषायी विविधता के गौरव की अनुभूति कराने वाले इस दिव्य उत्सव का समापन सोमवार को होगा। भारतीय भाषा उत्सव का समापन महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बहुभाषी थीम को गति देने के लिए राज्य के सभी स्कूलों में बड़े पैमाने पर बहुभाषी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। राज्य शिक्षा परियोजना ने राज्य के सभी जिलों को पत्र जारी कर प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई है। साथ ही राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सोमवार को सरकारी स्कूलों में पूर्व से निर्धारित परीक्षाओं व अन्य दूसरे आयोजनों को स्थगित कर आगे बढ़ाया जाए। भारतीय भाषा उत्सव के समापन के मौके पर होने वाले उत्सवी कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और सामान्य जनता के सहयोग और सहभागिता को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। भारतीय भाषा उत्सव के समापन कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विद्यालयों को एक कैनवास तैयार करना होगा, जिसमें स्कूली बच्चे, अभिभावक, शिक्षक अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर कर अपनी मातृभाषा के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित करेंगे। इस बड़े कैनवास को स्कूल के मुख्य द्वार पर रखा जाएगा। इस कार्यक्रम को 'मेरी मातृभाषा में मेरा हस्ताक्षर' नाम दिया गया है। राज्य के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे भारत के अन्य राज्यों के स्वादिष्ट पकवानों एवं व्यंजनों से आम लोगों को रूबरू कराएंगे। वे उन्हीं राज्यों की भाषा में बातचीत भी करेंगे। आम लोग विविधताओं से भरे भोजन का आनंद भी ले सकेंगे। सभी स्कूल कम से कम एक व्यंजन अवश्य तैयार रखेंगे।

### सामलौंग में लगेगा क्रिसमस मेला, झारखंडी संस्कृति की दिखेगी झलक

RANCHI : क्रिसमस के पहले मेला का आयोजन 15,16 और 17 दिसंबर को निर्मल मध्य विद्यालय चर्च में आयोजित होगा। ये आयोजन टुकी टोली गिरजा कोचा सामलौंग के लोग कर रहे हैं। मेला की जानकारी प्रेस वार्ता कर पूर्व पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग,अनमोल टोप्पो ने दी। कहा कि 15 दिसंबर को 3 बजे खिजरी विधायक राजेश कश्यप मेले का उद्घाटन करेंगे। क्रिसमस मेला में कुल 65 स्टाल लगाए जा जायेंगे। जिसमें ऊलेन कपड़े, हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी, शूज,ट्रेडिशनल फूड के अलावा इलेक्ट्रॉनिक सामानों के स्टॉल लगाये जायेंगे। मेला दिन के तीन बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। मेले का मुख्य आकर्षण नृत्य प्रतियोगिता और धार्मिक सांस्कृतिक गाना होगा। मेला में 16 और 17 दिसंबर को झारखंड की पारंपरिक वेषभूषा के थीम पर फैशन शो का भी आयोजन होगा।

## विधानसभा की सीटों को 81 से बढ़ाकर 160 करने की उठी मांग

PHOTON NEWS RANCHI : आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में हक के लिए आर-पार की लड़ाई के लिए मूलवासी सदान तैयार रहें। राजा जब न्याय देने में पक्षपात करे तो महाभारत होना तय है। उक्त बातें रविवार को मूलवासी सदान मोर्चा के राजेंद्र प्रसाद ने कही। मोर्चा की ओर से 2024 चुनाव की रणनीति को लेकर विचार गोष्ठी ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वेट हाल, कोकर में की गई थी। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर झारखंड अलग राज्य तक की लड़ाई में मूलवासी सदानों ने बलिदान दिया लेकिन राज्य में एक ही समुदाय की बात होती है और बहुसंख्यक 65% मूलवासी सदानों को हमेशा से अनदेखी की जाती रही है। कहा कि चुनाव के पूर्व हेमंत सोरेन ने सदानों को भी साथ लेकर चलने की बात कही थी लेकिन वे भूल गए। गोष्ठी में केंद्र और राज्य सरकार के अलावे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी 15 सूत्री मांग प्रस्ताव जो पारित हुआ उसको भेजने का निर्णय लिया गया। इनमें स्थानीय नीति को परिभाषित अंतिम सर्वे 1964 के आधार पर किया जाए और नियोजन नीति स्थानीय नीति के आधार पर तय किया जाए। विधानसभा की सीट को 81 सीट से बढ़कर 160 सीट किया जाए। लोकसभा की सीट को 14 से बढ़कर 28 किया जाए।

BRIEF NEWS

### त्रिशक्ति धाम के वार्षिक समारोह में विशाल निशान शोभा यात्रा



**ROURKELA :** त्रिशक्ति धाम के वार्षिक समारोह की पूर्व संध्या पर विशाल निशान शोभा यात्रा निकली। इस निशान शोभा यात्रा हजारों के संख्या में श्रद्धालु हात में निसान पाकर के चले। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं के झाकियां भी में देखने को मिला। शहर के मुख्य रास्ते से शोभायात्रा परिक्रमा करते हुए हनुमान वाटिका इस्थित त्रिशक्ति धाम पहुंचे। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में राउरकेला नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कालंदी बडजेना, आरसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सुब्रत पटनायक, माणिक चौधरी, धीर दास, विजय सोनकर और कई गणमान्य लोग जुलूस में शामिल हुए।

### राज्य स्तरीय स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सुंदरगढ़ चैंपियन



**ROURKELA :** राज्य स्तरीय स्कूली वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सुंदरगढ़ चैंपियन बना है। हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाली सुंदरगढ़ की टीम पहले मैच में कटक, दूसरे मैच में झारसुगुड़ा और तीसरे मैच में ढेंकनाल को हारकर फाइनल में पहुंची। फाइनल में उन्होंने क्योंझर को 2-0 सेट से हराकर जीत हासिल की।

### रजक समाज ने किया प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

**JAMSHEDPUR :** रजक समाज की ओर से रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से उक्त कार्यक्रम सोनारी स्थित ट्राईबल कल्चर सेन्टर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में इस वर्ष मैट्रिक, इंटर, स्नातक, मेडिकल, इंजीनियरिंग व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए समाज के 350 मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता राजेश रजक एवं समाज के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी, समाजसेवी, महिला समिति के पदाधिकारी एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के अभिषेक मुखी उपस्थित थे।

### कुटीमाकली फुटबॉल टूर्नामेंट में स्माईल क्लब की टीम बनी विजेता

**JAMSHEDPUR :** बोड़ाम के कुटीमाकली में रविवार को देश बंधु क्लब की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा नेता विमल बैठा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त व फुटबॉल में कीक मारकर किया। विमल बैठा ने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फुटबॉल बेहद फायदेमंद है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेलकूद का भी महत्व है। उन्होंने कहा कि इस खेल से शरीर का व्यायाम भी होता है साथ ही बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों का भविष्य भी उज्जवल होता है। उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का भी मौका मिलता है।

## पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

# पशु स्वास्थ्य चिकित्सा से किसानों को होगा बेहतर मुनाफा : विधायक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** टोंटो प्रखंड के बड़ा झींकपानी स्थित हाट परिसर में रविवार को करीब 24 लाख 94 हजार रुपए की लागत से बनने वाली प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय भवन निर्माण हेतु शिलान्यास कार्यक्रम आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपक बिरुवा उपस्थित हुए। चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पशु चिकित्सालय भवन के निर्माण हेतु विधि विधान के साथ नींव का पूजन किया गया. मौके पर विधायक जी ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य को शुभारंभ किया।



शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य। • फोटोन न्यूज

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रखंड में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय खुलने से पशुपालन के क्षेत्र में जुड़े किसानों को काफी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही पशु स्वास्थ्य चिकित्सा मिलने से किसानों को पशुपालन में बेहतर मुनाफा बढ़ने की संभावना अधिक होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकतर किसान खेती बारी के साथ मिश्रित कृषि में पशुपालन कर अपने परिवार का आजीविका चलाते हैं। बेहतर पशुओं को बेहतर चिकित्सा मिलने से और लोग भी पशुपालन से जुड़ने का मन बना सकते हैं। जिससे अधिक पशुधन से किसानों की स्थिति में सुधार आने की संभावना बढ़ सकती है। कहा कि सरकार ने किसानों, पशुपालकों को लाभान्वित करने के लिये कई कल्याणकारी योजनायें चलायी है। उन्नत प्रकार से यहां खेती, उन्नत पशु नस्ल से लाभ और दूध के माध्यम से पशुपालकों की आय बढाने में मददगार होंगा। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि प्रदेश में रहने वाले हर वर्ग को लाभ मिले इस आधार पर योजनायें और कार्यक्रम चलाये जा रहे है। मौके पर जिला परिषद सदस्य राज नारायण तुबिद, मंगल तुबिद, तुराम बिरुली, राजीव हासदा, मंगल हासदा, संजय दास समेत अन्य उपस्थित थे।

## त्रिशक्ति धाम के वार्षिक समारोह में विशाल निशान शोभा यात्रा




निशान शोभायात्रा में शामिल लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** त्रिशक्ति धाम के वार्षिक समारोह की पूर्व संध्या पर विशाल निशान शोभा यात्रा निकली। इस निशान शोभा यात्रा हजारों के संख्या में श्रद्धालु हात में निसान पाकर के चले। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं के झाकियां भी में देखने को मिला। शहर के मुख्य रास्ते से शोभायात्रा परिक्रमा करते हुए हनुमान वाटिका इस्थित त्रिशक्ति धाम पहुंचे। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में राउरकेला नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कालंदी बडजेना, आरसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सुब्रत पटनायक, माणिक चौधरी, धीर दास, विजय सोनकर और कई गणमान्य लोग जुलूस में शामिल हुए।

## सात सूत्री मांगों को लेकर आज से शुरू होगा महानगर निगम कर्मचारियों का आंदोलन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला नगर निगम कर्मचारी संघ ने 7 सूत्री मांगों को लेकर 11 तारीख से हड़ताल करने का निर्णय लिया है। 7 प्रमुख मांगों में 2014 में स्थायी रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को माननीय न्यायालय के आदेश के अनुसार न्यूनतम पेंशन का भुगतान, अधिभार के लिए ग्रेच्युटी का भुगतान करना शामिल है।

कर्मचारियों को नगर विकास पत्र के अनुसार एवं स्थाई नियोजन, 2020 से पहले नौकरी के दौरान मृत कर्मचारियों के वारिसों को पूर्व नियम के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सभी



लाभ एकमुश्त भुगतान करने,तथा माली कार्य में लगे कर्मचारियों को सफाई कर्मचारी के पद से माली कर्मी में स्थानांतरित करना, अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करना, कर्मचारियों के इलाज के लिए स्थायी व्यवस्था करना जैसे मांग शालि है। संगठन के अध्यक्ष रसानंद नयाक ने कहा आंदोलन के पहले चरण में शांतिपूर्ण ढंग से मौन विरोध जताने के लिए काला बैच पहना जाएगा और तख्तियां और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## आयकर विभाग ने जब्त की 300 करोड़ से अधिक की संपत्ति, सुंदरगढ़ से मिले 30 करोड़ से ज्यादा

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शराब कारोबार से जुड़े कांग्रेस सांसद धीरज साहू के संपर्क में रहने वाले लोगो पर ओडिशा और झारखंड में आयकर विभाग की कार्रवाई पांचवें दिन भी जारी है। इस मामले में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जब्त की गई है। इसी कड़ी में सुंदरगढ़ में शराब व्यवसायी राज किशोर जयसवाल के घर पर जांच जारी है। राज किशोर के घर के पास एक खाली पड़े



मकान से 30 करोड़ से ज्यादा रुपये जब्त किये गए। राज्य के बौध, बालांगीर, टिटलागढ़, संबलपुर में छापामारी जारी हैं। राउरकेला में भी शराब कारोबारी कामेश्वर तिवारी के घर चौथे दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी रही। संबलपुर में पैसों की जब्ती की गिनती हो चुकी है, जबकि अन्य जगहों पर गिनती जारी है। अब आयकर विभाग छापेमारी मुद्दे को लेकर सियासत तेज है। इस मुद्दे को लेकर जहां बीजेपी और बीजेडी एक-दूसरे पर हमलावर हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी ने सांसद धीरज साहू से व्यापारिक काम से खुद को अलग बताया है।

## बाल उत्सव सरगी फूल में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ में बच्चों के उत्सव 'सरगी फूल' का तीसरे दिन रविवार को कागज पुतला निर्माण और ओडिसी नृत्य कार्यशालाओं के साथ एक विज्ञान प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षण रही। सुंदरगढ़ के भवानीपुर स्थित एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय में 'सरगी फूल' बाल महोत्सव चल रहा है। इस अवसर पर शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जनजातीय छात्रों द्वारा तैयार की गई विभिन्न नवीन परियोजनाएं प्रमुख आकर्षण रहीं।

इस विज्ञान प्रदर्शनी में 15 जिलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल 26 स्टालों पर उनके द्वारा तैयार विभिन्न विज्ञान परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं। इसमें आधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करके पर्यावरण



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे। • फोटोन न्यूज

मूल्यांकन, पुनर्वनीकरण, पर्यावरण-अनुकूल शहर, जल और बिजली संरक्षण और चिमनी गैस से बिजली उत्पादन जैसी परियोजनाएं शामिल थीं।

सुंदरगढ़ के अतिरिक्त जिलापाल रबीनारायण साहू, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति विकास, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक टुकु बारिक, सुंदरगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी अमूल्य प्रधान, एससीएसटीआरटीआई के उप निदेशक संतोष कुमार और ओएसडी संतोष कुमार भुतिया, वैज्ञानिक स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों द्वारा नवीन तरीकों से किए गए दिलचस्प प्रोजेक्टों की सराहना की।

सरगी फूल कार्यक्रम छात्रों के भीतर प्रतिभा को विकसित करने पर जोर देने की बात किए। इसलिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन ओडिसी नृत्य, कहानी सुनाना, जादू शो, चैट पेपर या कार्डबोर्ड से विभिन्न आकृतियों के कागज के पुतला बनाना, बेकार कागज और अंडे के छिलके से वस्तुएं बनाना पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

वाद्य संगीत, क्विज, एकल अभिनय, एकल संगीत और समूह नृत्य की भी प्रतियोगिताएं हुईं। सुंदरगढ़ में आयोजित उत्तर ओडिशा आदिवासी महोत्सव में विभिन्न जिलों के 600 से अधिक आदिवासी छात्रों ने भाग लिया है।

## निर्मल मुंडा स्मृति व्याख्यान श्रृंखला आयोजित

गवर्नमेंट ऑटोनॉमस कॉलेज, राउरकेला द्वारा 'निर्मल मुंडा बौद्ध व्याख्यान श्रृंखला' का पांचवां वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। असमानता, विविधता और भारतीय संविधान' शीर्षक से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से कॉलेज के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार बेहरा ने की और संचालन विभाग की अध्यापिका रामेश्वरी भोई ने किया।

स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ समानत निर्मल मुंडा के नाम पर शुरू की गई यह व्याख्यान श्रृंखला विभिन्न विषयों पर चर्चा के माध्यम से कॉलेज के छात्रों के ज्ञान क्षितिज का विस्तार करने का एक अनूठा कार्यक्रम कहा जा रहा है। प्रोफेसर बेहरा ने शीर्षक चर्चा के बारे में




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य। • फोटोन न्यूज

जानकारी दी और वर्तमान स्थिति में ऐसे व्याख्यानों के आयोजन की आवश्यकता और महत्व के बारे में बताया। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष चौधरी प्रदोष रंजन ने अतिथि परिचय दिया। गवेष्णा चक्र एसोसिएशन, भुवनेश्वर के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार बहिदार ने विशेष वक्ता के रूप में भाग लिया। डॉ. बहिदर ने हमें अपने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सर्वोत्तम लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदलने का आह्वान किया, जबकि हमारा देश दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र का दर्जा हासिल कर चुका है। इसके अलावा उन्होंने विविधताओं से भरे हमारे देश में संविधान लागू होने के 72 साल बाद भी जाति, धर्म और बर्न की असमानता पर चर्चा की।

## डीबीएमएस कैरियर अकादमी का 30वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** अपनी मातृभूमि को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, डीबीएमएस कैरियर अकादमी के छात्रों ने अपने 30वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में अपनी सफलता का जश्न मनाया। झारखंड के इतिहास और वर्तमान को दशार्ती एक शानदार नृत्य नाटिका का दर्शकों के सामने लाइव प्रदर्शन किया गया। कई अन्य नृत्य शैलियों के बीच छात्रों ने छऊ का भी प्रदर्शन किया। वहीं फैशन डिजाइनिंग के छात्रों ने रैंप




वॉक से दर्शकों का दिल जीत लिया। स्कूल की गायन मंडली ने दिल छू लेने वाली प्रस्तुति दी। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अरका जैन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ एसएस रजी और सम्मानित अतिथि डॉ शाहीन रजी उपस्थित थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में छऊ प्रतिपादक पद्मश्री गुरु शशधर आचार्य और प्रख्यात छऊ नर्तक रंजीत आचार्य भी मौजूद थे।

इस अवसर पर संरक्षक भानुमति नीलकण्ठन, अध्यक्ष बी चंद्रशेखर और ललिता चन्द्रशेखर, अध्यक्ष गीता मोहनदास ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रधानाचार्य सोमा बनर्जी ने वार्षिक शैक्षणिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## जमशेदपुर : झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के पूर्व केंद्रीय सचिव ने समर्थकों संग थामा आजसू का दामन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी की अदला-बदली तेज हो गई है। विभिन्न दलों के नेता पार्टी बदल कर अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में जुटे हैं। इसी क्रम में झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के पूर्व केंद्रीय सचिव धीरज यादव ने रविवार को आजसू का दामन थाम लिया। उन्होंने रांची स्थित आजसू कार्यालय में आयोजित एक समारोह में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो की उपस्थिति में आजसू की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ जुगसलाई विधानसभा



धीरज यादव का स्वागत करते सुदेश महतो। • फोटोन न्यूज

क्षेत्र के लगभग 200 कार्यकर्ता भी पार्टी में शामिल हुए। इधर रांची से जमशेदपुर पहुंचने पर शाम में मखदुमपुर फाटक के पास समर्थकों ने धीरज यादव का भव्य स्वागत किया गया।

पारंपरिक ढोल नगाड़ों और मांदर की थाप पर थी आदिवासी कलाकारों के साथ समर्थकों ने फूलमाला पहनकर उनका स्वागत किया। फाटक से सिदो कान्हू चौक तक रैली निकाली गई, जहां पहुंचकर धीरज यादव ने सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि अपना पूरा समय उन्होंने झामुमो को दे दिया, लेकिन पार्टी में उन्हें सम्मान नहीं मिला। इस कारण अब वे पार्टी छोड़ने को विवश है।

## पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित एसआर रुंगटा ए डिवीजन क्रिकेट लीग

# मैच की अंतिम गेंद पर रन बनाकर यंग झारखंड ने सेरसा चक्रधरपुर को तीन विकेट से दी शिकस्त

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे एस आर रूंगटा ए-डिवीजन लीग के अंतर्गत रविवार को खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में गत वर्ष की चैंपियन टीम यंग झारखण्ड क्रिकेट क्लब चाईबासा ने मैच की आखरी गेंद पर रन बनाकर सेरसा चक्रधरपुर को तीन विकेट से पराजित कर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। यंग झारखंड क्रिकेट क्लब की यह लगातार तीसरी जीत है। इस जीत के साथ ही अंक तालिका में अपने शुरू के तीनों मैच जीतकर बारह अंकों के साथ यंग झारखण्ड की टीम पहले स्थान पर है। अपने शेष बचे दो मैचों में अगर यह टीम



यंग झारखंड की टीम। • फोटोन न्यूज

एक मैच भी जीत जाती है तो इसका फाईनल में खेलना लगभग तय हो जाएगा।

स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए इस मैच में टॉस यंग झारखंड के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सेरसा चक्रधरपुर की शुरूआत ही खराब रही जब पहले ही ओवर में उसके दो विकेट मात्र दो रन के स्कोर पर गिर गए। ये दोनों विकेट तेज गेंदबाज विकास यादव ने चटकाए। बाद में तीसरे विकेट के लिए हिमांशु शर्मा एवं हेमंत नायक ने 81 रनों की साझेदारी निभाकर टीम को संकट से उबारा। 13वें ओवर में हिमांशु शर्मा के रूप में सेरसा का तीसरा विकेट गिरा। हिमांशु ने छः चौकों एवं दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाए। हिमांशु के आउट होने के बाद पाँचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए गौतम सुना ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए चार चौकों एवं चार छक्कों की मदद से 53 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। गौतम सुना एवं हेमंत नायक ने चौथे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया। परंतु बाद के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए। 27वें ओवर में सेरसा चक्रधरपुर का स्कोर चार विकेट पर 174 रन था पर इसके बाद पूरी टीम 199 के स्कोर पर सिमट गई। हेमंत नायक ने अच्छी बल्लेबाजी का परिचय देते हुए सात चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 72 रन बनाए। यंग झारखंड क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए सत्यम यादव ने मात्र 19 रन देकर चार खिलाड़ियों को चलता किया। आयुष पाल ने 33 रन देकर तीन तथा विकास यादव ने 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

जीत के लिए निर्धारित 35 ओवर में 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में यंग झारखंड के बल्लेबाजों के भी पसीने छूट गए। और उन्होने लक्ष्य को 35वें की आखरी गेंद पर सात विकेट खोकर प्राप्त कर लिया।

### पश्चिमी सिंहभूम अंडर 14 क्रिकेट टीम का कल होगा चयन

**CHAIBASA :** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आगामी 22 दिसंबर से आयोजित होनेवाले अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पश्चिमी सिंहभूम टीम का चयन 12 दिसंबर को प्रातः 9:00 बजे से स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर होगा। सज्जन शर्मा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय जूनियर चयन समिति की देखरेख में टीम को अंतिम रुप दिया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि पहले यह ट्रायल 8 दिसंबर को होना था परन्तु बारिश के कारण पीच एवं आउटफील्ड की स्थिति खेलने योग्य नहीं होने के कारण चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया। चयन प्रक्रिया में वही खिलाड़ी भाग लेंगे जिन्होंने अपना निबंधन जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में 7 दिसंबर को कराया है तथा जिनके सारे आवश्यक दस्तावेज सही पाए गए हैं।

## बिरमित्रपुर : सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** बिरमित्रपुर चाइना टाउन के सेंट मैरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की। स्कूल की अध्यक्ष सिस्टर सुनीता की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विरमित्रपुर थाना अधिकारी आशीष कुमार जेना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया।

डॉ बसंत कुमार अग्रवाल सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय के खेल शिक्षक सुरेंद्र लाकड़ा एवं सुबास साहू की देखरेख में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि द्वारा के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। स्कूल के शिक्षक केके पांडा, अमित डांग, कांति लाकड़ा, पूजा, मधुस्मिता, मानस जोहरा सभी ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

## आधा दर्जन ट्रैक्टर को किया जब्त

# पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों ने चलाया छापेमारी अभियान



**पटना:**पटना में बालू माफिया के खिलाफ बिहटा पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस को देखते ही पांडेय चक बालू घाट पर हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने अवैध बालू से लदे 6 ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। इस मामले में थाना प्रभारी केपी सिंह ने कहा कि अवैध खनन को लेकर लगातार छापेमारी किया जा रहा है। इसी दौरान अवैध खनन की सूचना पर पाण्डेय चक बालू घाट पर छापेमारी किया गया है। अवैध बालू से लदे छह ट्रैक्टरों को जब्त किया गया था, जिसे थाने लाने के लिए चालकों को ढूंढना जा रहा था। इसी दौरान पुलिस कर्मियों को हटते सभी ले भागे। इस मामले में 15 नामजद और दर्जनों अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। बालू कारोबारी और ट्रैक्टर चालकों को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

खनन पदाधिकारी प्रीतम ने बताया कि अवैध बालू खनन को लेकर पांडेय चक बालू घाट पर छापेमारी किया गया था। छापेमारी की भनक लगते ही बालू माफिया भागा निकला, लेकिन पहले से छह ट्रैक्टरों पर अवैध बालू लोड किया गया था। इन्हीं ट्रैक्टरों को जब्त किया गया था। जब्त करने के दौरान ही ट्रैक्टर चालक और इनके महिला परिजनों ने पुलिस को अपने बातों में उलझा लिया और बालू लदा ट्रैक्टर को खाली करते हुए अधिकारियों को कुचलने का प्रयास करते हुए फरार हो गया। हालांकि इस घटना में हम लोग बाल-बाल बच गए हैं। बिहटा थाने में 15 नामजद और 30 से अज्ञात लोगों पर लिखित आवेदन दिया है। लिखित आवेदन के आधार पर बिहटा पुलिस बालू माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पांडेचक गांव में लगातार कैंप कर रही है।


## संक्षिप्त डायरी

### केनरा बैंक में चोरी का असफल प्रयास



**जमुई :** के झाझा थाना क्षेत्र के हथिया इलाके के केनरा बैंक में चोरों ने चोरी की कोशिश की लेकिन असफल हो गए। शनिवार की देर रात चोर ने बैंक में गैस कट्टर से खिड़की का रॉड काटकर प्रवेश किया और चोरी का असफल प्रयास किया। घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। रविवार की सुबह स्थानीय लोगों द्वारा मामले की जानकारी बैंक मैनेजर को दी गई। सूचना मिलते ही मैनेजर बैंक पहुंचे और इस घटना की जानकारी झाझा की पुलिस को दी। झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार, झाझा थाना अध्यक्ष राजेश शरण पुलिस दल बल के साथ बैंक पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने इस दौरान बैंक के बाहरी परिसर से एक हेलमेट जिस पर कार्बन पेपर पूरी तरह से चिपकाया हुआ था और एक कंबल बरामद किया। मामले की जांच कर रहे झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया कि बैंक में चोरों ने खिड़की के रॉड को गैस कट्टर से काटकर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि लगभग आधा घंटा से 45 मिनट तक चोर अंदर रहा है, लेकिन उसी समय पुलिस गश्ती दल की गाड़ी पेट्रोलिंग कर रही थी। जो चोरों को पता चल गया और वह बैंक से निकल गया। पुलिस ने बताया कि बैंक के अंदर कुछ-कुछ कमियां पाई गई हैं। पुलिस ने बताया कि गैस कट्टर से लॉकर को काटने का भी प्रयास किया था,ज्यादा क्षति नहीं हुई है। बैंक के अंदर के बैरियर को भी क्षतिग्रस्त किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सीसीटीवी के तार को काट दिया गया है। इस मामले में केनरा बैंक के मैनेजर उपेंद्र बरनवाल कुछ भी बोलने से परहेज किया।

## सचिवालय कर्मी का शव कमरे से बरामद



**पटनाः** पटना सिटी के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के एक मकान से रविवार को पुलिस ने सचिवालय कर्मी का शव बरामद किया है। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कमरे से बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, शव देख ऐसा प्रतीत होता है कि कमरे में जाने के बाद अचानक लड़खड़ाकर गिर जाने से सिर में चोट लगने और अधिक खून के रिसाव के कारण सचिवालय कर्मी की मौत हुई होगी। मृतक की पहचान रंजीत पासवान 30 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक रंजीत पासवान मूल रूप से बेगूसराय का रहने वाला था और पटना के सुल्तानगंज के रानीपुर मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। रंजीत पासवान पटना के सचिवालय में पदस्थापित था। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात वह अपने कमरे में गया और कमरे को अंदर से बंद कर लिया। रविवार की सुबह जब उसके कमरे का दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला तो लोगों ने शक के आधार पर इसकी सूचना सुल्तानगंज थाना की पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। कमरे के अंदर रंजीत का शव पड़ा हुआ था। सुलतानगंज थाना प्रभारी नागमणि कुमार ने बताया कि रंजीत पासवान के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह से यह हत्या या आत्महत्या का मामला प्रतीत नहीं हो रहा है। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## बलान नदी से विधवा का शव बरामद



**बेगूसराय :**बेगूसराय में बकरी चराने गई एक विधवा का शव बलान नदी के किनारे मिला। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव बरामद किया है। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के की है। परिजनों ने मृतका के शरीर पर कई जख्म के निशान और शव की स्थिति को देखकर उसके साथ लूट और दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पुत्र ने कहा कि उसके साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। शव नदी में फेंक दिया। परिजनों ने बताया कि अन्य दिनों की तरह बीते शनिवार को 11 बजे वह बकरी चराने गई थी। जहां से देर शाम तक घर नहीं लौटी, जबकि बकरी घर लौट आई थी। काफी देर होने पर कई बार गाछी सहित आसपास के क्षेत्रों में ढूंढा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उसके बाद बलान नदी किनारे पहुंचे तो शव मिला। एसपी योगेन्द्र कुमार ने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर 15 मिनट के अंदर पहुंचकर छानबीन की तो पता चला कि वो दिमागी रूप से विक्षिप्त थी। लेकिन परिजनों ने किसी अज्ञात के द्वारा हत्या की आशंका बताई जा रही है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। परिजनों ने अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया हैं। मामले की छानबीन की जा रही।

## मानवाधिकार दिवस पर मूसेपुर बांध किनारे कार्यक्रम



**समस्तीपुरः** में ठंड बढने के साथ ही मानवाधिकार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने मानवाधिकार दिवस के मौके पर रविवार को शहर से सटे मूसेपुर गांव में जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान के प्रशासनिक पदाधिकारी चंद्रहास कुमार ने कहा कि संस्थान द्वारा समस्तीपुर में इस बार पांच हजार लोगों को गर्म कपड़ा जैसे कंबनल आदि का वितरण करने का लक्ष्य रखा। आज से कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। यह अभियान अभी ठंड तक जारी रहेगा। इसके तहत रेलवे स्टेशन, फुटपाथ, बस स्टैंड आदि जगहों पर वितरण किया जाएगा। पहले दिन एक हजार से अधिक लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। संस्थान के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान को लेकर संस्था के द्वारा जरूरतमंदों के गांव और स्थल का चुनाव कर लिया गया है। अब एक-एक कर सभी स्थानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि की मदद से कार्यक्रम का अयोजन कर जरूरत मंदों को गर्म कपड़ा व कंबल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए कमेटी के लोग पहले चुनिंदा गांव में जाकर जरूरत मंदों की सूची बनाते हैं। उसके बाद सूची के आधार पर गर्म कपड़ा व कंबल का वितरण किया जाता है। यह कार्यक्रम केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रत्येक वर्ष दिसंबर से जनवरी महीने तक लगातार आयोजित किया जाता है। इस मौके पर जिला प्रधान अभय प्रकाश, जिलाध्यक्ष प्रदुमन कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सूरज कुमार, वारिसनगर के पूर्व उप प्रमुख शिवशंकर महतो आदि उपस्थित थे।

## ऑटो और बाइक के बीच टक्कर, एक की मौत



**किशनगंज :** किशनगंज के पोठिया थाना क्षेत्र के निमला गांव में एक तेज रफ्तार ऑटो ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायल युवक स्थानीय लोगों की मदद से पी एस सी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देख रेफर कर दिया। जहां इलाज के लिए ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान बरतोला निवाशी सुभान के पुत्र के रूप में हुई है। वही घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पोठिया पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

## बुजुर्ग को गोली मारकर किया घायल



**भागलपुरः** भागलपुर के सबौर थाना क्षेत्र के चायचक मामलखा में शनिवार देर रात अपराधियों ने एक बुजुर्ग को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। जमीन विवाद को लेकर अपराधियों ने सोए अवस्था में गोली मारी है। परिजनों ने हत्या का आरोप पड़ोसी और उनके सहयोगी पर लगाया। हालांकि पुलिस पूरे मामले को लेकर छानबीन कर रही है। मृतक की पहचान चाय टोला निवासी रविदास (50) के रूप में की गई है। मृतक के पुत्र अवधेश कुमार ने कहा कि बीते वर्षों से पड़ोसी से जमीन विवाद चल रहा था। पुलिस को कई दफा उन्होंने लिखित शिकायत भी की। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के नाम पर खानापूर्ति की। जिसकी वजह से पिता की हत्या हुई। हालांकि अपराधियों ने पहले भी जान मारने की धमकी दी थी। शनिवार की दिन रात गोली मारकर रविदास की हत्या कर दी। घटना के जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन भी शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। परिजनों ने लिखित दिया है। परिजन हत्या का आरोप पड़ोसी पर लगा रहे हैं। हमलोग हर एंगल से जांच कर रहे है।

## डायन का आरोप लगा महिला संग मारपीट

### घर में घुसकर 3 लोगों पर गाली देने का भी आरोप, पीड़िता बोली-गला भी दबाया



**जमुई :** में डायन का आरोप लगाकर जान मारने की नीयत से घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला झाझा थाना क्षेत्र के धोबियाकूरा गांव का है। धोबियाकूरा गांव निवासी सुभाष दास की पत्नी पूजा देवी ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ झाझा थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में महिला ने बताया कि 8 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे दिन एक एक कर शंभू दास, बलदेव दास और नीरज कुमार लाठी डंडा लेकर आया और घर में घुसकर डायन का आरोप लगाकर मारपीट करने लगा। उन लोगों ने गंदी-गंदी गालियां दी है। इसका वीडियो भी सामने आया है। लोग कह रहे थे कि तुम मेरे बेटे को खा गई, तुम डायन हो। मारपीट के दौरान लोगों ने गलत नीयत से मुझे अर्धनग्न किया और जमीन पर पटक दिया। महिला ने गला दबाने का भी आरोप लगाया है। साथ ही एक आरोपी नीरज कुमार पर मैला घोलकर पिलाने का भी प्रयास करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि जब उसकी सास पंचा देवी बीच-बचाव करने पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट करने लगा। मारपीट के बाद लोगों ने घर में रखे एक बैग में 20 हजार रुपए लेने का भी आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि अगर तुम लोगों ने गांव नहीं छोड़ा तो तुम लोगों की हत्या करवा दोगे। पीड़िता ने थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। झाझा थाना अध्यक्ष राजेश शरण ने बताया कि आवेदन के आधार पर पूरे मामले की जांच की जाएगी।

## घर में आग लगने से मवेशी की जलने से मौत



**मेतिहारीः** के रामगढ़वा थाना क्षेत्र के रामगढ़वा गांव के वार्ड संख्या एक में अगलगी से एक घर व उसमे बंधे मवेशी के जलने से उनकी मौत हो गई। रामगढ़वा गांव के कुंडल साह के घर में अगलगी की घटना हुई है। आग लगने का कारण घर में अलाव जलाने का कारण बताया जा रहा है। अगलगी में एक गाय, एक बछड़ा व कई बकरी भी बुरी तरह से जल गए। जिससे इन सभी की मौत हो गई। अगलगी होने के बाद घर वाले व ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश किया गया लेकिन अग्निशमन के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं पीड़ित परिवार के सदस्य कुंडल साह, कलावती देवी व कवल साह का कहना है कि हम लोग बहुत ही गरीब हैं। ऐसे में ऐसी घटना ने सड़क पर ला दिया है। मवेशियों के जलने से लाखों का नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार के द्वारा मुआवजे को लेकर ब्लॉक में आवेदन दिया गया है।

## मरीज की मौत के बाद जमकर काटा बवाल



**भागलपुर :** के जोकसर थाना क्षेत्र के आदमपुर चौक के समीप स्थित तपस्वी हॉस्पिटल में शुक्रवार की देर शाम गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, शनिवार की सुबह जोगेंद्र शाह को तपस्वी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर घुटने में दर्द का इलाज होना था लेकिन परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गलत सुई देकर मार डालने की आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरपुर थाना क्षेत्र से आए एक मरीज को शनिवार की सुबह तपस्वी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, उक्त मरीज का इलाज घुटने में हो रहे दर्द का करवाना था। लेकिन शनिवार शाम डॉक्टर ने मरीज के गले में सुई दे दिया। इसके थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पन्द्रह हजार फीस लिया। और दो लाख की डिमांड की गई थी। रुपए नहीं देने के वजह से अस्पताल प्रशासन ने रिपोर्ट भी नहीं दिया। इधर घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है मृतक को दो पुत्र एवं एक पुत्री है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची जोकसर पुलिस ने मामले की छानबीन कर रही है। एसआई शक्ति पासवान ने बताया कि परिजन एफआईआर दर्ज करने को तैयार नहीं हुए। दोनों के बीच आपसी सुलह के बाद भेज दिया गया है।

## ओवरहैड तार टूटने से 3 घंटे बाधित रहा अप लाइन

### खड़ी रही पटना-डीडीयू सवारी गाड़ी



**बक्सरः** दानापुर डीडीए रेलखंड के पवनी के समीप बिजली का ओवरहेड तार टूटने के कारण अप लाइन पर रेल परिचालन ठप हो गया। यह वाकया 11:20 के लगभग हुआ। जिसके कारण लगभग 3 घंटे से पटना डीडीयू सवारी गाड़ी पवनी के पास खड़ी रही। वही अन्य एक्सप्रेस ट्रेन विभिन्न स्टेशनों पर रुक गई। बक्सर-चौसा के मध्य पवनी हाल्ट के समीप टूटा था तार। घटना के 45 मिनट बाद टावर वैगन के साथ इलेक्ट्रिशिन द्वारा टूटे हुए तार को दो बजे ठीक किया गया। जिसके बाद अप लाइन पर परिचालन सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया। कोलकाता से जम्मूतवी को जाने वाली हिमगिरी को डाउन लाइन से पार कराया गया। लेकिन जैसे ही ये ट्रेन चौसा के पास पहुंची तब तक अप लाइन को भी सुचारू कर दिया गया। जिससे पहले 2 बजे पटना-डीडीयू पैसेंजर गाड़ी उसके बाद 2:40 में श्रमजीवी को अप लाइन से पार करा यातायात सुचारू किया गया। जिससे यात्रियों और रेल कर्मचारियों द्वारा राहत की सांस ली गई। चौसा स्टेशन मास्टर मो. वसीम ने बताया कि पटना की तरफ से आ रही मालगाड़ी ट्रेन बक्सर स्टेशन को पार करते हुए जैसे ही पवनी कमरपुर हॉल्ट को पार की वैसे ही अप लाइन का OSD तार टूट गया। हालंकि 2 बजे तक टूटे तार की रिपेयरिंग कर अप पर ट्रेनों का परिचालन सुचारू कर दिया गया है।

# यौन शोषण पीड़ित बच्चों को कब मिलेगा न्याय?

केंद्र सरकार की तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में 2,43,237 मामले लंबित थे। अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में कम से कम नौ साल का समय लगेगा। अरुणाचल प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में 25 से ज्यादा साल तक का समय लग सकता है। साथ ही 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। ये चौंकाने वाले तथ्य विधि एवं कानून मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर केंद्रित इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) की ओर से जारी शोधपत्र ह्यजस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूजह्न में उजागर हुए हैं। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन और हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि देने के बावजूद इस शोधपत्र के निष्कर्षों से देश के न्यायिक तंत्र की क्षमता और दक्षता पर सवालिया निशान उठ खड़े होते हैं। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों जैसी विशेषीकृत अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। इनका गठन 2019 में किया गया और भारत सरकार ने हाल ही में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसे 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपये की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। इन फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि वे इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लेंगी लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2,68,038 मुकदमों में से महज 8,909 में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया। इसका अर्थ यह है कि एक मुकदमे के निपटारे पर नौ लाख रुपये का खर्च आया। शोधपत्र के अनुसार, प्रत्येक विशेष अदालत से हर तिमाही 41-42 और साल में कम से कम 165 मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन आंकड़ों से लगता है कि गठन के तीन साल बाद भी ये विशेष अदालतें अपने तय लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए शोधपत्र आगे कहता है कि बाल विवाह बच्चों के साथ बलात्कार है। उधर, वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि देश में रोजाना 4,442 नाबालिग लड़कियों को शादी का जोड़ा पहना दिया जाता है। इसका मतलब यह है कि देश में हर मिनट तीन बच्चियों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है जबकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की हालिया रिपोर्ट कहती है कि देश में बाल विवाह के रोजाना सिर्फ तीन मामले दर्ज होते हैं। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह को रोकने के लिए देश में मजबूत नीतियों, कड़े कानूनों और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद सजा की मामूली दरों को गंभीर चिंता का विषय करार दिया। भुवन ऋभु ने कहा, कानून की भावना को हर बच्चे के लिए न्याय में रूपांतरित होने की जरूरत है। अगर बच्चों के यौन शोषण के आरोपियों में महज तीन प्रतिशत को ही सजा मिल पाती है तो ऐसे में कहा जा सकता है कि कानूनी निरोधक उपाय नाकाम हैं। अगर पीड़ित बच्चों को बचाना है तो सबसे जरूरी चीज यह है कि बच्चों और उनके परिवारों की सुरक्षा की जाए, उनके पुनर्वास और क्षतिपूर्ति के इंतजाम किए जाएं और पूरा न्यायिक तंत्र निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जैसी ऊपरी अदालतों तक मुकदमे का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करे। यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को एक समयबद्ध और बच्चों के प्रति मैत्रीपूर्ण तरीके से न्याय दिलाना सुनिश्चित करने और लंबित मामलों के निपटारे के लिए आईसीपीएफ ने कई अहम सिफारिशें की हैं। सर्वप्रथम, सभी फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतें संचालन में हों और वे कितने मामलों का निपटारा कर रहे हैं, इसकी निगरानी के लिए एक फ्रेमवर्क हो। इसके अलावा इन अदालतों से संबद्ध पुलिस से लेकर जजों और और पूरा अदालती स्टाफ को पूरी तरह सिर्फ इन्हीं अदालतों के काम के लिए रखा जाए ताकि ये प्राथमिकता के आधार पर मामलों को अपने हाथ में ले सकें। साथ ही लंबित मामलों के निपटारे के लिए इन अदालतों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही पारदर्शिता के लिए इन सभी सभी फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के कामकाज को सार्वजनिक दायरे में लाया जाए।

# सिद्ध करनी होगी मानवाधिकार दिवस की सार्थकता

ANALYSIS



रमेश सर्राफ धमोरा

**बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते हैं। उन अधिकारों का व्यक्ति की आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है, क्योंकि मानवाधिकारों से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। नेता मानवाधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं, मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गए तो तो उनकी नेतागीरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।**

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल है। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते हैं। उन अधिकारों का व्यक्ति की आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है, क्योंकि मानवाधिकारों से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। नेता मानवाधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं, मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गए तो तो उनकी नेतागीरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं, जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2023 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ भी है। इसीलिए इस बार 2023 में मानवाधिकार दिवस की थीम सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय है। इतिहास गवाह है कि भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है। भारत में 28 सितंबर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 23, 24, 39, 43, 45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है। इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जात के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है। हर तबके, हर शहर और दुनिया के कोने-कोने में किसी न किसी वजह से लोगों को बराबरी के हक से महरूम रखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में हुई बड़ी से बड़ी क्रांति के पीछे अधिकारों का हनन ही अहम वजह रही है। हमेशा ही अपने अधिकारों के लिए इंसान को लंबी जंग लड़नी पड़ी है। दुनिया में तमाम जगह लोगों ने अपन हक की लड़ाई में लाखों कुर्बानियां दी हैं और आज भी बहुत से लोग अपने अधिकारों की जंग लड़ रहे हैं। पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मो सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है। इंसानी अधिकार हमारे अस्तित्व और दुनिया में आत्मसम्मान से रहने की गारंटी होते हैं। हमारी भौतिक और आत्मिक सुरक्षा बरकरार रखते हुए लगातार तरक्की में अहम होते हैं। इसके अंतर्गत भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, शोषण से रक्षा का अधिकार, प्रवास का अधिकार, बाल शोषण, उत्पीड़न पर रोक, महिला हिंसा, असमानता, धार्मिक हिंसा पर रोक जैसे कई मजबूत कानून बनाए गए हैं। यही वजह है कि हर लोकतांत्रिक देश मानवाधिकार अधिकारों की सशक्त पैरवी करते नजर आते हैं। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाये गए और उनको लागू करने या करवाने के लिए प्रयास भी हो रहे हैं। लेकिन वह सिर्फ कागजी दस्तावेज बन कर रह गए हैं। समाज में मानवाधिकारों के होने वाले उल्लंघन के प्रति अगर मानव ही जागरूक नहीं है तो फिर इनका औचित्य क्या है? देखें तो पता चलेगा की कितने मानवाधिकारों का हनन मानव के द्वारा ही किया जा रहा है। मानव के द्वारा मानव के दर्द को पहचानने और महसूस करने के लिए किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती है। अगर हमारे मन में मानवता है ही नहीं तो फिर हम साल में पचासों दिन ये मानवाधिकार का झंडा उठा कर घूमते रहें कुछ भी नहीं किया जा सकता है। सरकार भी मानवाधिकारों का हनन रोक पाने में पूर्णतया सफल नहीं हो पा रही है। देश में आये दिन मानवाधिकार हनन की घटनायें घटित होती रहती हैं। मगर सरकारी स्तर पर सख्त कार्रवाई अमल में नहीं लायी जाती है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लग सके। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमाम प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सरकारी और गैर सरकारी मानवाधिकार संगठनों के बावजूद मानवाधिकारों का लगातार हनन होता रहता है।

**लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

# जो प्रतिपल विकसित होता है- वही ब्रह्म, वही शब्द

शब्द आत्म अभिव्यक्ति के उपकरण होते हैं। वे मन की बात कहने के माध्यम हैं। प्रत्येक शब्द का गर्भ होता है। इस गर्भ में शब्द का अर्थ छिपा होता है। शब्द अपने स्थान के अनुसार भी अर्थ बदलते रहते हैं। शब्द मुस्कराते हैं। कभी-कभी वे संकोची भी जान पड़ते हैं और कभी-कभी अपने अर्थ के प्रभाव में सबको आच्छादित भी करते हैं। शब्दों की अपनी महिमा है। प्रकृति सृष्टि का अपना संसार है। प्रकृति की अभिव्यक्ति सांसारिक रूपों में होती है। समृद्ध भाषाओं में प्रकृति की प्रत्येक अभिव्यक्ति के लिए अलग अलग शब्द हैं। कहना कठिन है कि शब्द के भीतर सारा संसार समाया हुआ है या संसार के भीतर सारे शब्द समाए हुए हैं। शब्द संसार के सभी रूपों के प्रतिनिधि हैं। शब्द हंसते हुए दुख और विषाद को कम भी करते हैं। हर्ष और विषाद भी शब्दों के माध्यम से प्रकट होते हैं। शब्द ज्ञानकोष के आज्ञाकारी जान पड़ते हैं। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान शब्दों में प्रकट हुआ है। इस तरह हमारे सामने दो संसार प्रकट होते हैं। एक संसार रूपों का और दूसरा संसार शब्दों का। कदाचित इसीलिए व्यास जी ने शब्द को ब्रह्म कहा। संस्कृत में ब्रह्म का अर्थ है सतत विस्तरमानता। जो प्रतिपल विकसित हो रहा है सतत विस्तारशील है वही ब्रह्म है। वही शब्द है। भारतीय संस्कृति का प्रचार व प्रसार संस्कृत की प्रचुर भाषा सम्पदा में हुआ। शब्द सरस्वती तट पर स्तुतिरूपा था। शब्द मंत्र था। शब्द मुद मोद प्रमोद का वाहक बना। चतुर्दिक शब्द। सामने शब्द, पीछे शब्द, दांए शब्द, बांए शब्द। शब्द आकाश का गुण है। शब्द आकाश में था। मंत्र रूप में परम व्योम में था। संप्रति शब्द सामर्थ्य घटी है। चर्चित राजनेता भी शब्द और अपशब्द का भेद नहीं करते। कुछ शील अश्लील में भी फर्क नहीं करते। समाज का वातावरण बिगड़ता है। सुन्दर शब्दों की तुलना में असुंदर शब्द प्रभावी होते जाते हैं। बुरा शब्द अच्छे शब्द को धकियाता है। अच्छा शब्द रिरियाते हुए धक्का खाकर पीछे चला जाता है। इंग्लैंड के अर्थशास्त्री ग्रेशम ने कहा था कि, 'खोटे सिक्के अच्छे सिक्कों को चलन से बाहर कर देते हैं।' अस्तित्व की तरह शब्द संसार भी लगातार विस्तीर्ण हो रहा है। पहले शब्दों की संख्या कम थी। धीरे-धीरे बढ़ती गई। अब विभिन्न भाषाओं में लाखों शब्द हैं। शब्द की जन्म तिथि का पता लगाना कठिन है। आदिम मनुष्य के पास भाषा नहीं थी और न ही समझ में आने वाली बोली। उस समय मनुष्य ने स्वयं को प्रकट करने की इच्छा की। अनुमान है कि संकेतों से मनुष्य ने अपने मित्रों के बीच अपना भाव प्रकट किया होगा। उंगली से संकेत करना, हाथों को हृदय पर रखना, मन की बात रखने के लिए कंधे उचकाना आधुनिक काल में बॉडी लैंग्वेज कहा जाता है। तो भी हाव भाव के माध्यम से पूरा अर्थ प्रकट करना कठिन था। तब मनुष्य का ध्यान प्रकृति के अंतसंगीत की तरफ गया होगा। कुछ ध्वनिमूलक संकेतों से बात आगे बढ़ी होगी। चार्ल्स डारविन ने ऐसे तथ्यों की ओर संकेत किया है। ध्वनियों के संयोजन से संगीत का जन्म हुआ होगा और शब्दों के संयोजन से गीतों का जन्म। दुनिया के सारे गीत शब्दों से बनते हैं और संगीत ध्वनि संयोजन से। इसीलिए संगीत का अर्थ नहीं होता और गीत का अर्थ होता है। जहां-जहां अर्थ वहां-वहां शब्द। जहां-जहां शब्द वहां-वहां अर्थ। अथर्ववेद के एक सुन्दर मन्त्र में सरिताओं से कहा गया है, 'हे सरिताओं आप नाद करते हुए बहती हैं इसलिए आप का नाम नदी पड़ा है।' पहले जल प्रवाह फिर जल प्रवाह की ध्वनि और उसका नाद फिर जल तरंग की अनुभूति और फिर नदी। मनुष्य की तरह नदियां भी प्रसन्न या उदास होती हैं। मनुष्य नदियों को प्रसन्न बहते हुए देखते हैं। शब्द भी प्रसन्न होते हैं। शब्द प्रसन्नता के इस प्रवाह से काव्य का जन्म होता है। यहां भी शब्द की महत्ता है। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान और दर्शन शब्द के माध्यम से सार्वजानिक सम्पदा बना है। शब्द वस्तुतः वाणी के अंश होते हैं। वाणी वाक है। शब्दों के अर्थपूर्ण संयोजन से वाक्य बनते हैं। वाक्य शक्ति हैं और वाणी उसका प्रकट रूप। कुछ शब्द स्वयं पूर्ण होते हैं। शब्द ब्रह्म हैं और उपनिषदों में ब्रह्म रस बताया गया है। रसो वै सह। कुछ शब्द नीरस भी होते हैं लेकिन अपने मूल स्वभाव से नीरस नहीं होते। उन्हें रसपूर्ण या नीरस बनाना शब्द प्रयोगकर्ता पर निर्भर है। सामान्यतः अर्थ और नाम ज्ञान के मौलिक आधार हैं। सभी रूप प्रकृति की अभिव्यक्ति हैं। उनका नामकरण मनुष्य का कौशल है। ऋग्वेद के ज्ञानसूक्त में कहा गया है कि, 'पहले रूपों के नाम रखे गए। विद्वानों ने सार असार को अलग किया।' सभी नाम शब्द हैं लेकिन सभी शब्द नाम नहीं हैं। शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार ने वाणी को विराट कहा था। शब्द की देह अक्षर है। अक्षर अविनाशी है। इसलिए शब्द भी अमर हैं लेकिन शब्द भी मनुष्य की तरह बूढ़े होते हैं। शब्द भाषा की काया होते हैं। शब्द जीवन का प्रवाह हैं। प्रेम शब्दों में प्रकट होता है। अस्तित्व का रस भी शब्दों के माध्यम से मिलता है। जीवन की मधुमयता भी शब्दों में प्रकट होती है। मधु आपूरित शब्द जीवन को मधुमय बनाते हैं। नीरस व अप्रिय शब्द जीवन को आहत करते हैं। अथर्ववेद में मधुर शब्दों की इच्छा व्यक्त की गई है। ऋषि की प्रार्थना है कि, 'हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मध्य भाग मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम तेजस्वी वाणी भी मधुरता के साथ बोलें।' शब्द वस्तु या पदार्थ नहीं होते। वे अपना अर्थ ढोते हुए ध्वनि तरंगों से प्रकट होते हैं। अच्छा है कि शब्द पदार्थ नहीं होते वरना बड़ी कठिनाई होती। हम अपने मित्रों के साथ प्रायः 16-20 घंटे गप मारते हैं। शब्द प्रयोग करते रहते हैं। शब्द अगर पदार्थ होते तो उन्हें सुरक्षित रखने की जगह नहीं होती। शब्द पदार्थों का वर्गीकरण भी कठिन होता। सरस शब्द, नीरस शब्द, शालीन शब्द, क्रुद्ध और आक्रामक शब्द।


## Social Media Corner

सच के हक में...



हम आज भारत और कोरिया गणराज्य के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और बढ़ती साझेदारियों की यात्रा रही है। मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं राष्ट्रपति के.आर यूं सुक येओल और हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी को गहरा और विस्तारित करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



बेईमान अफसरों/सत्ताधारियों के बीच पीपी के नाम से मशहूर दलाल प्रेम प्रकाश जेल में बंद जरूर है। लेकिन जेल से उसके हैरान करने वाले एक से बढ़कर एक कारनामों की खबरें देखकर हैरानी होती है और इस राज्य के नालायक एवं अयोग्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर दया आती है। एक दलाल कुछ बेईमान अफसरों को बंदरों की तरह अंगुली के इशारे पर नचाता है। सत्ता इसके निर्देश पर कान पकड़ कर उठक-बैठक करती है। सिर्फ.इस आदमी ने अपने हैरतअंगेज कारनामे से पूरे झारखंड की शासन व्यवस्था को तहस-नहस करके रख दिया है। लेकिन धृतराष्ट्र बने इस तानाशाह मुख्यमंत्री को कुछ दिख ही नहीं रहा है। पता नहीं हेमंत सोरेन की आंख कभी खुलेगी भी या ये अपने साथ और कितने का बेड़ा गर्क करा के ही मानेंगे?

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# जलवायु परिवर्तन और भारत के प्रयास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण के संबोधन में जलवायु परिवर्तन पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन भी एक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण भारत इन चिंताओं को कम नहीं आंकता है। इसको लेकर भारत सचेत है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी दुबई में इस मसले पर हो रहे मंथन के दौरान आई है। खास बात यह है कि वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी28 में इस मामले में भारत के प्रयासों की तारीफ की गई है। सम्मेलन में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में इस साल पिछली बार की तुलना में एक पायदान ऊपर (सातवें स्थान) पहुंच गया और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शुमार है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की गई। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक तैयार करने के लिए 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु शमन प्रयासों की निगरानी की गई। यह देश दुनियाभर में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करते हैं। सूचकांक में भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है। यह अलग बात है कि रिपोर्ट में जलवायु नीति और नवीकरणीय ऊर्जा में पिछले वर्ष की तरह मध्यम रैंकिंग मिली है। महत्वपूर्ण यह है कि सूचकांक में कहा गया है कि भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। सूचकांक पर आधारित यह रिपोर्ट कहती है, 'हमारा डेटा दिखाता है कि प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस श्रेणी में, देश दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के मानक को पूरा करने की राह पर है। हालांकि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में थोड़ा सकारात्मक रुझान दिखता है, लेकिन यह रुझान बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रहा है।' जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत स्पष्ट दीर्घकालिक नीतियों के साथ अपने राष्ट्रीयस्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। यह नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीकरणीय ऊर्जा घटकों के घरेलू विनिर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। इसके बावजूद, भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतें अभी भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर भारी निर्भरता से पूरी हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने दुबई पहुंचे जर्मनी के नेता और यूरोपीय संसद के सदस्य पीटर लीसे ने भारत के संदर्भ में अहम टिप्पणी कर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा है कि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन बेहद कम है। इसलिए भारत को चीन और अमेरिका जैसे देशों के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने भारत के पक्ष में एक बात यह भी कही कि जब जर्मनी में लोगों के पास दो कार हैं, तो भारतीयों के पास भी एक कार तो होनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कम होने के बावजूद इस सम्मेलन में भारत को अमेरिका जैसे प्रमुख उत्सर्जकों के साथ जोड़ने के ठोस प्रयास किए गए हैं। यूरोप में तमाम लोग चीन और भारत को और कभी-कभी खाड़ी देशों को एक ही नजर से देखते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह नजरिया पूरी तरह अस्वीकार्य है। इन देशों की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन बहुत कम है। इस हफ्ते की शुरूआत में जारी वैश्विक वैज्ञानिकों की एक टीम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन पिछले साल लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर दो टन कार्बन डाइऑक्साइड तक पहुंच गया, लेकिन यह अब भी वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। इस रिपोर्ट में चेताया गया है कि अमेरिका प्रति व्यक्ति उत्सर्जन चार्ट में शीर्ष पर है।

# सदस्यता पर आंच

नकदी या किसी प्रलोभन के बदले में संसद में सवाल पूछने के आरोप में एक सांसद की सदस्यता छिन जाने का एक और विरल मामला न केवल चिंताजनक, बल्कि समग्रता में बहुत दुखद भी है। अव्वल तो ऐसे हालात बनने ही नहीं चाहिए, लेकिन अगर बनते भी हैं, तो इनका पटाक्षेप तार्किक और पारदर्शी होना चाहिए। सत्ता पक्ष ने जिस तरह से अपने सांसदों को शुक्रवार को संसद बुलाया था, उससे यह संभावना पहले ही जताई जा रही थी कि कोई बड़ा फैसला होने वाला है। सदन में बहस के बाद तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। विपक्ष बहस के लिए ज्यादा समय मांग रहा था। साथ ही, यह भी मांग थी कि महुआ मोइत्रा को जवाब देने का मौका मिले। खैर, उन्होंने सदन के बाहर ही अपना जवाब पढ़ा, आरोपों से पुरजोर इनकार किया। उनके इनकार के साथ विपक्ष की एकजुटता गौरतलब है। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी खुलकर साथ आ गए हैं। मतलब, आने वाले दिनों में इस मामले में सरगर्मी वैसे ही बढ़ी रहेगी, जैसे राहुल गांधी की सदस्यता जाते समय रही थी। लोकतंत्र में राजनीतिक पार्टियों के बीच संघर्ष नई बात नहीं है, यह शायद जरूरी भी है, मगर किसी सत्य या असत्य पर राजनीतिक ढंग से जो भ्रम पैदा किया जाता है, वह जनता के मुफीद नहीं है। क्या यह चिंता की बात नहीं है कि संसद के लिए कंगारू कोर्ट जैसे शब्द का इस्तेमाल किया गया? इस शब्द का इस्तेमाल साल 2005 में भी हुआ था, जब धन के बदले प्रश्न मामले में 11 नेताओं की सदस्यता छिन गई थी। कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दौर में तब जिन सांसदों की सदस्यता गई थी, उनमें ज्यादातर भाजपा के थे, जिन्हें एक स्टिंग ऑपरेशन में सवालों का सौदा करते देखा गया था। तब सदस्यता जाने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि बर्खास्तगी जैसी सजा बहुत ज्यादा है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# कोका कोला अहमदाबाद में लगाएगी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

## - साणंद में प्लांट स्थापित करने 3000 करोड़ का निवेश करेगी

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी बेवरेज मैन्युफैक्चरर, कोका-कोला कंपनी (टीसीसीसी) अहमदाबाद से 32 किमी दूर साणंद में एक बेवरेज और कंसन्ट्रेट प्लांट स्थापित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कोका-कोला अपनी एक सहायक कंपनी इंटरनेशनल रिफ्रेशमेंट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करेगी।` रिपोर्ट के मुतो बिक गुजरात सरकार में अपने सूत्रों के हवाले से कहा कि भूमि का एक टुकड़ा (एसएम-52) जिसका आकार 1,60,000 वर्ग मीटर है, कंपनी द्वारा साणंद औद्योगिक एस्टेट-2 में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया गया है। रिपोर्ट में राज्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा गया है` कि कोका-कोला ने पहले ही गुजरात में अपने बॉटलिंग पार्टनर्स के माध्यम से दो बड़े निवेश किए हैं। सरकार ने मंजूरी की प्रक्रिया को तेज कर दिया है और पहले ही कंपनी को भूमि आवंटन कर दिया है। कोका-कोला कंपनी के पास साणंद के अलावा अपने बॉटलिंग पार्टनर हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज लिमिटेड के माध्यम से गोबलेज में पहले से ही एक प्लांट है, जो अहमदाबाद से लगभग 33 किमी दूर है। टीओसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों प्लांट कुल 18 करोड़ डॉलर के निवेश पर स्थापित किए गए थे।

अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि साणंद में स्थापित होने वाला प्लांट रोबोटिक टेक्नॉलजी के माध्यम से पूरी तरह से ऑटेमेटिक होगा। प्लांट में आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जाएगा, जो इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करेगी। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि साणंद में स्थापित होने वाला आगामी प्लांट रोबोटिक तकनीक से पूरी तरह ऑटोमेटिक होगा। प्लांट में ऐसे उपकरणों का उपयोग किया जाएगा जो इंटरनेट ऑफ थिंग्स (ढ्ढश्ज्ञ) और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हैं। इससे मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस की रियल टाइम पर निगरानी और नियंत्रण हो सकेगा। प्लांट ऑटोमेटिक स्टोरेज और पुनर्प्राप्ति सिस्टम से भी लैस होगा।




# ओपनएआई के साथ माइक्रोसॉफ्ट की साझेदारी पर समीक्षा कर रहा यूके नियामक

**लंदन।**

ब्रिटेन का प्रतिस्पर्धा नियामक हाल के घटनाक्रमों सहित चैटजीपीटी के डेवलपर माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई के बीच साझेदारी पर गौर करेगा, ताकि यह समझा जा सके कि विलय का यूके में प्रतिस्पर्धा पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। प्रतिस्पर्धा और बाजार प्राधिकरण (सीएमए) इस बात की जांच कर रहा है कि क्या ओपनएआई के साथ माइक्रोसॉफ्ट का जुड़ाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मार्केट को प्रभावित कर सकता है। मार्केट वॉचडॉग ने एक बयान में कहा, इनविटेशन टू कमेंट (आईटीसी) सीएमए की सूचना एकत्र करने की प्रक्रिया का पहला पार्ट है और फॉर्मल फेज 1 इन्वेस्टिगेशन के किसी भी लॉन्च से पहले आता है।

हाल ही में ओपनएआई के प्रशासन में कई डेवलपमेंट्स हुए हैं, जिनमें से कुछ में माइक्रोसॉफ्ट भी शामिल है। सीएमए अब यह निर्धारित करने के लिए आईटीसी जारी कर रहा है कि क्या हाल के डेवलपमेंट्स सहित माइक्रोसॉफ्ट/ओपनएआई पार्टनरशिप के चलते प्रासंगिक विलय की स्थिति पैदा हुई है, यदि हां, तो प्रतिस्पर्धा पर संभावित प्रभाव पड़ेगा। पिछले महीने, ओपनएआई बोर्ड ने एक नाटकीय कदम में सीईओ सैम ऑल्टमैन को बर्खास्त कर दिया था, बाद में, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला ने उन्हें एडवांस एआई रिसर्च का नेतृत्व करने के लिए नौकरी की पेशकश की। अंत में, ओपनएआई ने पूरी तरह से नए बोर्ड के साथ ऑल्टमैन को शीर्ष पर बहाल कर दिया, इस तरह यह इंटेंस ड्रामा समाप्त हो गया।

इस बात पर अटकलें हैं कि ऑल्टमैन को क्यों हटाया गया, लेकिन कुछ भी ठोस सामने नहीं आया है। नया बोर्ड इसकी समीक्षा कर रहा है सीएमए के अनुसार, जिस स्पीड से एआई उपयोग बढ़ रहा है वह आर्थिक इतिहास में बेजोड़ है, जबकि पावरफुल फाउंडेशन मॉडल (एफएम) में प्रगति का मतलब है कि यह इस ट्रांसफॉर्मेटिव टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट में एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# निवेशकों की नजर भारत, अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़ों पर

**नई दिल्ली।**



जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि आगामी सप्ताह में, निवेशकों की नजर भारत और अमेरिका के मुद्रास्फीति डेटा पर रहेगी।भारतीय में महंगाई दर बढ़ने की संभावना है, जबकि अमेरिकी मुद्रास्फीति स्थिर रहेगी। भारतीय औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन में भी विस्तार की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि फेड नीति बैठक के नतीजे बाजार की भावनाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे। मजबूत घरेलू जीडीपी विकास दर में बढ़ोतरी के कारण भारतीय बाजार ने सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल किया। आरबीआई द्वारा दरों को यथास्थिति बनाए रखने के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 के लिए जीडीपी विकास पूर्वानुमान (6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत) ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया। उन्होंने कहा कि एसडीएफ और एमडीएफ सुविधाओं को वापस लेने सहित तरलता की कमी को दूर करने के उपायों ने वित्तीय स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे सप्ताह के दौरान निफ्टी बैंक में 5 प्रतिशत की बढ़त हुई। मूल्यांकन ठीक होने, त्योहार के सीजन में मांग बढ़ने और आवासीय बिक्री में मजबूत वृद्धि के कारण आईटी, उपभोक्ता, ऑटो और रियल्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ आर्थिक परिदृश्य, मजबूत दूसरी तिमाही की आय और तेल की कीमतों में सुधार के कारण मिड और स्मॉल-कैप ने बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (तकनीकी अनुसंधान) अमोल अठावले ने कहा कि पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांकों में शानदार तेजी देखी गई। निफ्टी 3.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 2,340 अंक से अधिक चढ़ा। लगभग सभी प्रमुख सेक्टोरल सूचकांकों ने सकारात्मक गति दर्ज की, लेकिन ऊर्जा सूचकांक ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगभग 8 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। सप्ताह के दौरान, निफ्टी/सेंसेक्स ने 20,200/68,000 के महत्वपूर्ण प्रतिरोध को सफलतापूर्वक पार कर लिया और ब्रेकआउट के बाद इसकी गति तेज हो गई।

# निवेशकों के लिए कुछ पीएसयू व निजी बैंकों पर भरोसे का समय

**नई दिल्ली।**




भारतीय बैंकिंग प्रणाली में विदेशी और सहकारी बैंकों के अलावा 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। पिछले एक साल से अब तक बैंकिंग इंडेक्स ने 9.29 फीसदी का रिटर्न दिया है। दिवाला और दिवालियापन संहिता लागू होने के बाद, भारतीय बैंकिंग प्रणाली की अधिकांश गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का समाधान हो गया है, या तो इसका भुगतान कर दिया गया है या राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मार्ग के माध्यम से लिया गया है। यदि हम अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों पर नजर डालें तो सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों और शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में भारी कमी आई है। भारतीय बैंकों ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के दौरान अच्छी कमाई की, लेकिन प्रदर्शन में धीमी गति देखी गई।ऋणदाताओं ने क्रेडिट लागत में कमी के कारण साल-दर-साल 33 प्रतिशत की शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की। जबकि वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही के दौरान बैंकों के लिए ऋण वृद्धि लगभग 15 प्रतिशत योय पर आरामदायक थी, जमा और बैंक ऋण की लागत के पुनः मूल्य निर्धारण के कारण अधिकांश के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में गिरावट आई। सार्वजनिक और निजी बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में क्रमिक रूप से सुधार हुआ। वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 12 भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का संयुक्त लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 33,643 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 25,684 करोड़ रुपये था। बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात विते तीय वर्ष 23 की दूसरी तीमाही में 9.67 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 4.62 प्रतिशत हो गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 1.64 प्रतिशत हो गया, जो वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तीमाही में 2.95 प्रतिशत था। हमारा मानना है कि गैर-निष्पादित परिसंपत्ति चक्र में कमी आने के साथ, हम अच्छी ऋण वृद्धि देख रहे हैं और मजबूत सरकारी नीति के साथ, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आकर्षक दिख रहे हैं और इन स्तरों से भी अच्छी खरीदारी होनी चाहिए।

# ग्राहकों को नई ब्रेजा फेसलिफ्ट आ रही खूब पसंद

## - अंदर और बाहर डिजाइन में बड़ा बदलाव किया

**नई दिल्ली ।**

कई खूबियों से भरपूर ब्रेजा फेसलिफ्ट लोगों को खूब पसंद आ रही है। पिछले साल लॉन्च हुई इस कार के अंदर और बाहर डिजाइन में बड़ा बदलाव किया है। इस कार में अब कई नए फीचर्स भी जोड़ दिए गए हैं। नई ब्रेजा को कुछ ऐसे फर्स्ट-इन-सेगमेंट फीचर्स के साथ लाया गया था जो पहले केवल महंगी गाड़ियों में मिलते थे। ब्रेजा अपने सेगमेंट की पहली एसयूवी थी जिसे हेड्स अप डिस्प्ले और पैडल शिफ्टर्स के साथ पेश किया गया था। इसके अलावा, ब्रेजा में मिलने वाले इलेक्ट्रिक सनरूफ, 360 डिग्री कैमरा, स्मार्टप्ले प्रो प्लस सराउंड साउंड सिस्टम जैसे फीचर्स के वजह से यह कार भीड़ से अलग खड़ी होती है।

ब्रेजा को 1.5-लीटर के-सीरीज पेट्रोल इंजन से पॉवर मिलती है। यह इंजन 103 बीएचपी की पॉवर और 137 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन के साथ 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प दिया गया है। कंपनी इसे मैनुअल ट्रांसमिशन में सीएनजी विकल्प के साथ भी पेश करती है। माइलेज के मामले में भी ब्रेजा आपको कहीं से भी निराश नहीं करेगी। इसके ऑटोमैटिक वैरिएंट का माइलेज 19.8 किलोमीटर प्रति लीटर है, वहीं सीएनजी में यह 25.51 किलोमीटर प्रति किलो की सर्टिफाइड माइलेज देती है। सेफ्टी के मामले में भी मारुति ने नई ब्रेजा में काफी सुधार किया है। इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), हिल-होल्ड असिस्ट, सभी यात्रियों के लिए सीट बेल्ट रिमाइंडर, ईबीडी के साथ एबीएस और रियर पार्किंग सेंसर जैसे फीचर्स शामिल हैं। फीचर्स के लिहाज से देखें तो मारुति ब्रेजा अपने सेगमेंट में की सबसे नए फीचर्स से लैस है। इसमें में वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले के साथ 9-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, चार-स्पीकर साउंड सिस्टम, 360-डिग्री कैमरा, वायरलेस फोन चार्जर, सिंगल-पेन सनरूफ और एम्बिएंट लाइटिंग जैसे फीचर्स मिलते हैं। यह अपने सेगमेंट की पहली एसयूवी थी जिसे पैडल शिफ्टर्स (एटी वेरिएंट) और हेड-अप डिस्प्ले जैसे एडवांस फीचर्स के साथ पेश किया गया था।






# हुंडई, किआ का संयुक्त निर्यात 2023 में 2 मिलियन के करीब

**सोल।**

दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर और उसकी सहयोगी कंपनी किआ 2023 में 2 मिलियन यूनिट का संयुक्त निर्यात करने के लिए तैयार हैं, जैसा कि रविवार को महामारी के बाद बाजार में सुधार के आंकड़ों से पता चला है। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट ने कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के हवाले से कहा, हुंडई और किआ ने जनवरी-अक्टूबर की अवधि में ऑटोमोबाइल की 945,062 और 867,136 संबंधित यूनिट्स भेजीं। आंकड़ों से पता चलता है कि संयुक्त आंकड़ा 2022 में इसी अवधि से 17.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। दोनों कार निर्माताओं द्वारा 180,000 यूनिट्स की मंथली शिपमेंट को ध्यान में रखते हुए, इंडस्ट्री के अधिकारियों का अनुमान है कि 2016 के बाद पहली बार 2023 में उनकी विदेशी बिक्री 2 मिलियन यूनिट से ज्यादा होगी। हुंडई मोटर ग्रुप के एक अधिकारी ने कहा, दुनिया भर में पर्यावरण-अनुकूल कारों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए समूह द्वारा घरेलू उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने के बाद यह वृद्धि हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी-अक्टूबर की अवधि में निर्यात का संयुक्त मूल्य भी 43.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल के 41.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के संयुक्त शिपमेंट को पहले ही पीछे छोड़ चुका है। बेची गई कारों की औसत कीमत 24,000 डॉलर हो गई, जो 2016 में 14,000 डॉलर से 68 प्रतिशत अधिक है।

## स्टार्टअप फंडिंग: निराशाजनक 2023 के बाद भारत वैश्विक रैंकिंग में चौथे स्थान पर खिसका

**नई दिल्ली।**

भारत की स्टार्टअप विकास की कहानी में सेंध लगाते हुए, देश 2023 में सबसे अधिक वित्त पोषित भौगोलिक क्षेत्रों में वैश्विक रैंकिंग में चौथे स्थान पर फिसल गया, क्योंकि यहां पांच वर्षों में सबसे कम फंडिंग दर्ज की गई। वैश्विक बाजार खुफिया मंच ट्रैक्सन द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2021 के साथ-साथ 2022 में वैश्विक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करने के बाद, भारत इस साल अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद चौथे स्थान पर रहा, जिसे कुल फंडिंग (5 दिसंबर तक) में केवल 7 बिलियन डॉलर प्राप्त हुए। इस वर्ष की तीसरी तिमाही में, भारत सबसे अधिक वित्त पोषित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और फ्रांस के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गया। तीसरी तीमाही 2023 ने कुल 1.5 बिलियन डॉलर जुटाए, जो कि दूसरी तीमाही 2023 से 30 प्रतिशत कम है और 2022 की तीसरी तीमाही की तुलना में 54 प्रतिशत कम है। इस वर्ष की अंतिम तिमाही में अब तक की सबसे कम 957 मिलियन डॉलर की फंडिंग दर्ज की गई, जो कि 2016 की तीसरी तिमाही के बाद से सबसे कम फंडिंग वाली तिमाही है। रिपोर्ट से पता चला,÷भारत में फंडिंग विंटर के प्रभावों का अनुभव जारी है। 2022 की चौथी तिमाही में फंडिंग में वृद्धि के बाद, इंडिया टेक की फंडिंग में हर तिमाही में गिरावट देखी जा रही है, 2023 की तीसरी तिमाही में फंडिंग में लगातार तीसरी गिरावट के साथ यह 2023 में सबसे कम फंड वाली तिमाही बन गई है और पिछले 5 वर्षों में सबसे कम वित्त पोषित तिमाही भी। फंडिंग प्रवाह में गिरावट के बावजूद, भारत ने इस साल कुल फंडिंग के मामले में शीर्ष 5 भौगोलिक क्षेत्रों में अपना स्थान बरकरार रखा है। 2023 के लिए, सभी चरणों में फंडिंग में गिरावट आई, अंतिम चरण की फंडिंग में 73 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, इसके बाद शुरुआती चरण की फंडिंग (70 प्रतिशत) और सीड-स्टेज फंडिंग (60 प्रतिशत) आई।

# फेड रिजर्व के फैसले और महंगाई आंकड़े से तय होगी बाजार की चाल

## कच्चे तेल की कीमत और एफआईआई के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा

**मुंबई ।**

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल नीतिगत दरों पर फेड रिजर्व के निर्णय और स्थानीय स्तर पर जारी होने वाले महंगाई आंकड़े तय करेंगे। बीते सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चालू वित्त वर्ष के आर्थिक विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत करने के साथ ही महंगाई पर लगाम लगाए रखने के लिए नीतिगत दरों को एक बार फिर से यथावत रखने के निर्णय का भी बाजार पर सकारात्मक असर रहा। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2344.41 अंक उछलकर सप्ताहांत पर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 69825.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 701.5 अंक की तेजी के साथ 20969.40 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी की नीतिगत दरों पर 12-13 दिसंबर को बैठक होने वाली है। बैठक के निर्णयों पर निवेशकों की नजर रहेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा। एफआईआई ने इस वर्ष पिछले लगातार तीन महीने अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में जबरदस्त बिकवाली के बाद नवंबर में 5,795.05 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की है। साथ ही दिसंबर में अब तक बाजार में उनका शुद्ध निवेश 10,874.72 करोड़ रुपये का रहा है।

इसके अलावा स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह मंगलवार को नवंबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई और गुरुवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। बाजार को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह गुरुवार की गिरावट को छोड़कर चार दिन बाजार ने नये रिकॉर्ड बनाए।




# ऑनलाइन रिटेलर जुलीली कर रही सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी


**सैन फ्रांसिस्को।** अमेजन की प्रतिस्पर्धी और ऑनलाइन रिटेलर जुलीली, जिसकी कीमत कभी 7 बिलियन डॉलर थी, सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। कंपनी अमेरिका में परिचालन बंद कर रही है।सिएटल टाइम्स की रिपोर्ट ने राज्य रोजगार सुरक्षा विभाग की एक अधिसूचना के हवाले से बताया, जुलीली 7 फरवरी से सिएटल और वाशिंगटन में अन्य जगहों पर 292 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। गीकवायर के अनुसार, 13 साल पुरानी कंपनी अपने पायनियर स्क्वायर मुख्यालय और अन्य राज्यों में कई अन्य सुविधाओं को भी बंद कर रही है। दोनों राज्यों के नोटिस के अनुसार, नेवादा और ओहायो में गोदामों को बंद करने से 547 अन्य लोगों की छंटनी होगी। लेटेस्ट नौकरी में कटौती ज़ूलीली में छंटनी के पहले कई दौरों के साथ-साथ अक्टूबर में इसके सीईओ टेरी बॉयल के इस्तीफे के बाद हुई है। ज़ुलीली को 2010 में ऑनलाइन ज्वैलरी रिटेलर ब्लू नाइल के पूर्व अधिकारियों मार्क वाडन और डेरेल कैवेन्स द्वारा लॉन्च किया गया था। 2013 में, ज़ुलीली के पास 12.6 मिलियन एक्टिव कस्टमर्स थे और उन्होंने 331 मिलियन डॉलर का राजस्व कमाया, जो 2010 से लगभग 700 प्रतिशत अधिक था। ज़ुलीली 2013 में एक आईपीओ में पब्लिक हुई, जिसका मूल्य मूल रूप से 2.6 बिलियन डॉलर था, यह आंकड़ा लगभग दोगुना हो गया। 2014 तक, 1 बिलियन डॉलर की वार्षिक बिक्री पर ज़ुलीली का बाज़ार मूल्य 7 बिलियन डॉलर था। रिपोर्टों के अनुसार, केवल अमेजन और ओल्ड नेवी ने कम समय में अरबों डॉलर के राजस्व का आंकड़ा छुआ। 2015 में, ज़ुलीली को लिबर्टी इंटरएक्टिव-क्यूवीसी द्वारा खरीदा गया था, जिसे बाद में 2.4 बिलियन डॉलर में क्यूरेट नाम दिया गया था। इस साल मई में, कुरेट ने कंपनी को लॉस एंजिल्स की निजी इक्विटी फर्म रीजेंट को बेच दिया।




# भारत में हर साल 50 मिलियन से अधिक आईफोन बनाने को तैयार है एप्पल

**नई दिल्ली ।**

भारत में एप्पल का लक्ष्य प्रति वर्ष 50 मिलियन से अधिक आईफोन निर्माण करने का है। उसका फोकस कुछ प्रोडक्शन चीन से बाहर शिफ्ट करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार टेक दिग्गज का लक्ष्य अगले दो से तीन वर्षों के भीतर लक्ष्य हासिल करना है, जिसके बाद अतिरिक्त दसियों लाख इकाइयों की योजना बनाई जाएगी। अगर एप्पल इस लक्ष्य को हासिल कर लेता है तो विश्व में आईफोन उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी एक चौथाई हो जाएगी। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन अभी भी सबसे बड़ा आईफोन निर्माता बना रहेगा। एप्पल अपना प्रोडक्शन चीन से बाहर शिफ्ट करने की योजना बना रहा है। इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन भारत में और अधिक कारखाने बनाने की योजना बना रहा है, क्योंकि टाटा समूह अब भारत के सबसे बड़े आईफोन असेंबली प्लांटों में से एक का निर्माण करने के लिए तैयार है। सरकर द्वारा जारी उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-अगस्त की अवधि में भारत में 5।5 बिलियन डॉलर (45,000 करोड़ रुपये से अधिक) का मोबाइल फोन निर्यात हुआ। जबकि वाणिज्य विभाग और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अनुमान के अनुसार, अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5।5 अरब डॉलर का मोबाइल फोन निर्यात हुआ, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि में यह 3 अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) था। एक अन्य रिपोर्ट में अप्रैल-अगस्त की अवधि में भारत निर्मित फोन निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा और पहली बार कुल अनुमानित आंकड़े के 50 प्रतिशत से अधिक को पार कर गए। इसके बाद सैमसंग रहा। सूत्रों ने बताया कि जून तिमाही में, एप्पल ने सैमसंग के 45 प्रतिशत निर्यात की तुलना में देश के कुल 12 मिलियन स्मार्टफोन शिपमेंट में से लगभग 50 प्रतिशत का निर्यात किया। भारत चालू वित्त वर्ष में मोबाइल फोन निर्यात में 1,20,000 करोड़ रुपये को पार करने के लिए तैयार है।



## अहमदाबाद-अहमद नगर में सस्ता हुआ पेट्रोल

**नई दिल्ली।**

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर कोई ज्यादा असर नहीं पड़ा है। हालांकि, कुछ राज्यों व शहरों में ईंधन की कीमतें मामूली रूप से उतार-चढ़ाव आया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने रे विवार को पेट्रोल और डीजल के ताजा भाव जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। देश के 4 महानगरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में पेट्रोल-डीजल के दाम में कल की तरह स्थिर बने हुए हैं और इनमें कोई बदलाव नहीं आया है। अहमदनगर 92.49 रुपये प्रति लीटर और अहमदाबाद 92.17 रुपये प्रति लीटर में पेट्रोल की कीमतें घटी हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 97.00 रुपये और डीजल 90.14 रुपये प्रति लीटर, गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 96.62 रुपये और डीजल 89.81 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Monday, 11 December 2023



# हनुमान जी के ध्यान से बनता है जीवन मंगलमय

हनुमानजी को पराक्रम, बल, सेवा और भक्ति के आदर्श देवता माने जाते हैं। इसी वजह से पुराणों में हनुमानजी को सकलगुणनिधान भी कहा गया है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी लिखा है कि- 'चारो जुग परताप तुम्हारा है परसिद्ध जगत उजियारा।' इस चौपाई का अर्थ है कि हनुमानजी इकलौते ऐसे देवता हैं, जो हर युग में किसी न किसी रूप गुणों के साथ जगत के लिए संकटमोचक बनकर मौजूद रहेंगे। शास्त्रों में कहा गया है कि हनुमानजी की सेवा करने और उनका व्रत रखने से उनकी विशेष कृपा अपने भक्तों पर बनी रहती है। जानिए मंगलवार की व्रत कथा और पूजन विधि।

## हनुमानजी का व्रत करने का लाभ

ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, हनुमानजी का व्रत करने से कुंडली में मौजूद सभी ग्रह शांत हो जाते हैं और उनकी अशीम कृपा प्राप्त होती है। अपने भक्तों पर आने वाले हर संकट को हनुमानजी दूर करते हैं। संतान प्राप्ति के लिए हनुमानजी का व्रत फलदायी माना जाता है। इस व्रत को करने से भूत-प्रेत और काली शक्तियों का प्रभाव नहीं पड़ता है। मंगलवार का व्रत करने से सम्मान, साहस और पुरुषार्थ बढ़ता है।

## मंगलवार पूजन विधि

हनुमानजी का व्रत लगातार 21 मंगलवार करना चाहिए। मंगलवा के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान वगैरह से निवृत्त होकर सबसे पहले हनुमानजी का ध्यान करें और व्रत का संकल्प करें। इसके बाद ईशान कोण की दिशा (उत्तर-पूर्व कोने) में किसी एकांत स्थान पर हनुमानजी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। फिर गंगाजल के छीटें देकर उनका लाल कपड़ा धारण कराएं। फिर पुष्प, रोली और अक्षत के छीटें दें। इसके बाद चमेली के तेल का दीपक जलाएं और तेल की कुछ छीटें मूर्ति या तस्वीर पर डाल दें।

इसके बाद हनुमानजी फूल अर्पित करें और अक्षत व फूल हाथ में रखकर उनकी कथा सुनें और हनुमान चालिसा और सुंदरकांड का पाठ भी करें। इसके बाद आप भोग लगाएं और अपनी मनोकामना बाबा से कहें और प्रसाद सभी में वितरण कर दें। अगर संभव हो सके तो दान जरूर करें। शाम के समय भी हनुमान मंदिर जाकर चमेली के तेल का दीपक जलाएं और सुंदरकांड का पाठ करें और उनकी आरती करें। 21 मंगलवार के व्रत होने के बाद 22वें मंगलवार को विधि-विधान के साथ बजरंगबली का पूजा कर उन्हें चोला चढ़ाएं। उसके बाद 21 ब्राह्मणों को बुलाकर उन्हें भोजन कराएं और क्षमतानुसार दान-दक्षिणा दें।

## मंगलवार व्रत कथा

एक समय की बात है एक ब्राह्मण दंपत्ति प्रेमभाव से साथ-साथ रहते थे लेकिन उनकी कोई संतान ना होने के कारण दुखी रहते थे। ब्राह्मण हर मंगलवार के वन जाकर हनुमानजी की पूजा करने जाता था और संतान की कामना करता था। ब्राह्मण की पत्नी भी हनुमानजी की बहुत बड़ी भक्त थी और मंगलवार का व्रत रखती थी। वह हमेशा मंगलवार के दिन हनुमानजी का भोग लगाकर ही भोजन करती थी। एक बार व्रत के दिन ब्राह्मणी भोजन नहीं बना पाई, जिससे हनुमानजी का भोग नहीं लग सका। तब उसने प्रण किया कि वह अगले मंगलवार को हनुमानजी को भोग लगाकर ही भोजन करेगी। वह छह दिन तक भूखी-प्यासी रखी और मंगलवार के दिन व्रत के दौरान बेहोश हो गई।

ब्राह्मणी की निष्ठा और लगन को देखकर हनुमानजी बहुत प्रसन्न हुए और आशीर्वाद के रूप में एक संतान दी और कहा कि यह तुम्हारी बहुत सेवा करेगा। संतान पाकर ब्राह्मणी बहुत प्रसन्न हुई और उसने बालक का नाम मंगल रखा। कुछ समय बाद जब ब्राह्मण घर आया, तो घर में बच्चे की आवाज सुनाई दी और अपनी पत्नी से पूछा कि आखिर यह बच्चा कौन है? ब्राह्मणी की पत्नी ने कहा कि हनुमानजी ने व्रत से प्रसन्न होकर अपने आशीर्वाद के रूप में यह संतान हम दोनो की दी है। ब्राह्मण को अपनी पत्नी की इस बात पर विश्वास नहीं हुआ। एक दिन जब ब्राह्मणी घर पर नहीं थी तो ब्राह्मण ने मौका देखकर बच्चे को कुएं में गिरा दिया।

## अजब-गजब हनुमान, पंचायत में करते हैं फैसला, उतारते हैं प्रेम का भूत

जब ब्राह्मणी घर लौटी तो उसने मंगल के बारे में पूछा। तभी पीछे से मंगल मुस्कुरा कर आ गया और ब्राह्मण बच्चे को देखकर आश्चर्य चकित रह गया। रात को हनुमानजी ने ब्राह्मण को सपने में दर्शन दिए और बताया कि यह संतान तुम्हारी है। ब्राह्मण सत्य जानकर बहुत खुश हुआ। इसके बाद ब्राह्मण दंपत्ति प्रत्येक मंगलवार को व्रत रखने लगे। शास्त्रों के अनुसार, जो भी मनुष्य मंगलवार व्रत और कथा पढ़ता या सुनता है, उसे हनुमानजी की विशेष कृपा प्राप्ति होती है। उसके सभी कष्ट दूर होते हैं और हनुमानजी की दया के पात्र बनते हैं।



# खरमास में क्या करें और क्या नहीं करना चाहिए

सूर्य के धनु राशि में प्रवेश से एक माह के लिए खरमास का प्रारंभ हो जाता है। 16 दिसंबर 2023 शनिवार से खरमास प्रारंभ हो रहा है। उल्लेखनीय है कि खर का अर्थ होता है गधा अर्थात सूर्यदेव के रथ में घोड़ो की बजाए गधे जोत दिया जाते हैं जिसके चलते एक माह के लिए सूर्यदेव की गति धीमी हो जाती है। इस माह में क्या करें और क्या नहीं यह जरूर जानें।

**क्या नहीं करें :** खरमास को मलमाल भी कहते हैं इस दौरान मांगलिक कार्य नहीं करते हैं। मलमास में नामकरण, विद्या आरंभ, कर्ण छेदन, अन्न प्राशन, उपनयन संस्कार, विवाह संस्कार, गृहप्रवेश तथा वास्तु पूजन आदि मांगलिक कार्यों को नहीं किया जाता है।

**क्या करें :** इस माह में अपने अराध्य देव की अराधना करें। सूर्यदेव को अर्घ्य दें। तिल, वस्त्र और अनाज का दान करें। गाय को चारा खिलाएं। गंगा, यमुना आदि पवित्र नदियों में स्नान करें। बृहस्पति का उपवास करें और उपाय भी करें। गुरुवार को मंदिर में पीली वस्तुएं दान करें।

धनु संक्रांति के दिन सत्यनारायण की कथा का पाठ किया जाता है। तत्पश्चात देवी लक्ष्मी, शिव जी तथा ब्रह्मा जी की आरती की जाती है और चरणामृत का प्रसाद चढ़ाया जाता है। भगवान श्री विष्णु की पूजा में केले के पत्ते, फल, सुपारी, पंचामृत, तुलसी, मेवा आदि का भोग तैयार किया जाता है। साथ ही इस दिन मीठे व्यंजन बनाकर भगवान का भोग लगाया जाता है।

# किस देवी-देवता के सामने कौन सा दीपक जलाना होता है शुभ

सनातन धर्म में पूजा-पाठ करना काफी अहम माना जाता है। पूजा-अर्चना के जरिए व्यक्ति भगवान के प्रति अपनी भावना और आस्था को दर्शाता है। मान्यता के अनुसार, पूजा करने से व्यक्ति के अंतरात्मा का शुद्धिकरण होता है। साथ ही इससे आस्था, विश्वास और शक्ति प्राप्त होती है। भगवान की पूजा करने से पहले हम सभी को पूजा-पाठ के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी होता है। जिससे की इष्ट देव की पूजा करने में किसी तरह की परेशानी न आए।

पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति का आध्यात्मिक भाव बढ़ता है। वहीं भगवान की पूजा में दीपक जलाए जाने का खास महत्व होता है। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी होता है कि कौन से देवी-देवता को किस प्रकार का दीपक जलाना शुभ होता है। यह भगवान के सामने दीपक में लगाई जाने वाली बत्तियों पर निर्भर करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस प्रकार का दीपक जलाना शुभ होता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि इससे क्या लाभ होता है।

**एक मुखी दीपक-** पूजा के दौरान दीपक जलाना शुभ माना जाता है। अपने इष्टदेव की पूजा के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। इस दीपक में बत्ती का उपयोग किया जाता है। जब आप किसी देवी-देवता की पूजा करते हैं, तो इस दौरान एक मुखी दीपक का इस्तेमाल करना शुभ माना जाता है।

**दो मुखी दीपक-** इसके साथ ही मां दुर्गा की पूजा के लिए दो मुखी दीपक जलाना चाहिए। इससे मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और जातक को मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**तीन मुखी दीपक -** हिंदू धर्म में भगवान श्री गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। भगवान गणेश की पूजा के दौरान तीन मुखी दीपक जलाना चाहिए। इससे वह जल्दी प्रसन्न होते हैं।

**चौमुखी दीपक-** बाबा काल भैरव की पूजा के दौरान सरसों के तेल का चौमुखी दीपक जलाना शुभ माना जाता है।

**पांच मुखी दीपक-** बता दें कि भगवान भोलेनाथ के पुत्र कार्तिकेय की पूजा में पांच मुखी बत्ती का उपयोग करना चाहिए। इस तरह से देव कार्तिकेय की पूजा करने से जातक को कोर्ट-कचहरी के मामले में विजय प्राप्त होती है।

**सात मुखी दीपक-** सात बत्तियों वाले दीपक का उपयोग लक्ष्मी पूजन में करना चाहिए। मां लक्ष्मी को धन की देवी कहा जाता है। इससे जातक की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।

**आठ मुखी या बारह मुखी दीपक-** कहा जाता है कि भगवान शिव को प्रसन्न करना बेहद आसान होता है। इसलिए उन्हें भोलेनाथ भी कहा जाता है। ऐसे में महादेव की पूजा के दौरान आठ या बारह बत्ती वाले दीपक का उपयोग करना चाहिए।

**सोलह मुखी दीपक -** भगवान श्रीहरि विष्णु को सृष्टि का पालनहार कहा जाता है। ऐसे में उनकी पूजा के लिए 16 बत्तियों वाले दीपक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



# वास्तु शास्त्र में तांबा का चमत्कारी प्रभाव, जाने कैसे करें इस्तमाल

वैज्ञानिक तौर पर तांबा शरीर के लिए उपयोगी माना गया है, लेकिन आज हम आपको बता रहें है कैसे ज्योतिषशास्त्र के अनुसार तांबा आपके जीवन की परेशानियों को दूर कर सकता है। तांबे की शुद्धता को ध्यान में रखते हुए इसे धारण किया जा सकता है। आइये जानते है तांबा पहनने के क्या फायदे होते है....

-अगर आपके घर में वास्तुदोष है जिसके कारण आपके और आपके परिवार के सदस्यों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वास्तु के अनुसार अपने घर में एक चौकोर तांबे का टुकड़ा रखें। ऐसा करने से आपका घर वास्तुदोष से मुक्त होगा।



-अगर आपने घर बनवाते समय वास्तु के नियमों को ध्यान में नहीं रखा है और आपके घर का मुख्य द्वार वास्तु के अनुसार नहीं है तो अपने दरवाजे के वास्तुदोष को दूर करने के लिए दरवाजे पर तांबे के सिक्के लटका दें। ये सिक्के आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होने देंगे।

-अगर आपके घर की दक्षिण दिशा में दोष है तो आप इस दिशा के दोष से छुटकारा पाने के लिए ठोस तांबे का पिरामिड घर में रखें। इसे घर में रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

-छोटे बच्चे को अगर बार-बार नजर लग जाती है तो आप अपने बच्चे को एक तांबे के सिक्के में छेद करके उसे काले धागे में पिरोकर बच्चे को पहनाएं। ऐसा करने से आपका बच्चा किसी की बुरी नजर से सुरक्षित रहेगा।

-तांबे की अंगूठी पहने से व्यक्ति के सूर्य दोष दूर होते हैं। इसलिए अगर कमजोर सूर्य के कारण जीवन में परेशानियां आप कम नहीं कर पा रहे तो ऐसे में यह अंगूठी पहनें। बहुत जल्द आपको इसका असर दिखेगा, आपको मान-सम्मान और प्रसिद्धि मिलेगी।

-तांबे की अंगूठी गुस्सा नियंत्रण करने में कारगर है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह शांत प्रकृति का है और गर्मी दूर करता है। इसलिए व्यक्ति के मानसिक स्थिति को संतुलित कर गुस्सा शांत करता है।

-आश्चर्यजनक रूप से तांबे का प्रयोग आपको वास्तु दोषों से भी दूर रखता है। शुद्धक होने के कारण आप अगर इसे किसी भी रूप में शरीर पर धारण करते हैं तो यह आपको वास्तु दोषों के प्रभाव से मुक्त करता है।

# समुद्र का पानी क्यों हुआ खारा, जुड़ा है मां पार्वती से नाता



हिंदू धर्म में शिव पुराण को बहुत ही खास माना जाता हैं। वहीं शास्त्रों में इस बात का वर्णन मिलता है पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाराजा पृथु के पुत्रों ने जब समुद्रों का निर्माण किया था तो सातों समुद्र मीठे और दूध जैसे द्रव्यों के थे। लेकिन वर्तमान में दुनियाभर में जितने भी समंदर हैं वो सभी खारे पानी के हैं। आखिर समुद्र का पानी खारा क्यों होता है इसके पीछे एक पौराणिक कथा छुपी हुई है आइए जानते है इस कथा के बारे में....

शिव पुराण के मुताबिक एक बार देवी माता पार्वती शिव को पाने के लिए घोर तपस्या कर रही थी। उनकी तपस्या का तेज इतना था कि देवलोक में बैठे देवताओं का सिहांसन डोलने लगा। इससे देवता भयभीत हो गए। जब सभी देवता इस समस्या को हल करने में जुटे थे उसी वक्त समुद्र देव माता पार्वती के स्वरूप को देखकर मोहित हो गए।

## समुद्र ने भगवान शिव को कहा था बुरा भला

जब माता पार्वती की तपस्या पूरी हो गई तब समुद्र देव ने उनसे विवाह करने की इच्छा जताई। इस संबंध में उन्होंने मां पार्वती के पास विवाह का प्रस्ताव भी रखा। यह सुनकर माता पार्वती ने समुद्र देव से कहा कि वे कैलाशपति भगवान शिव से प्रेम करती हैं और उन्हें अपना पति परमेश्वर मान चुकी हैं। जब समुद्र देव ने यह सुना तो उन्हें गुस्सा आ गया। वे भगवान शिव के लिए भलाबुरा कहने लगे। उन्होंने क्रोध में आकर कहा, 'उस भस्माधारी आदिवासी में ऐसा क्या है, जो मुझमें नहीं है, मैं सभी मनुष्यों की प्यास बुझाता हूं, मेरा चरित्र दूध की तरह सफेद है। हे पार्वती! मेरा विवाह प्रस्ताव स्वीकार करें।'

## क्रोध में आकर मां पार्वती ने दिया श्राप

माता पार्वती ने जब अपने सामने भोलेनाथ का तिरस्कार होते हुए देखा तो उन्हें सहन नहीं हुआ। उन्हें समुद्र देव के ऊपर क्रोध आ गया। उन्होंने समुद्र देव को शाप देते हुए कहा, जिस मीठे पानी पर तुमको घमंड है, वह खारा हो जाएगा। खारे पानी की वजह से तुम्हारा जल मनुष्य ग्रहण नहीं कर पाएंगे। मां पार्वती के उस श्राप के कारण समुद्र का जल खारा हो गया। एक पौराणिक कथा यह भी है कि जब समुद्र हुआ था, तब मंथन के प्रभाव से भी समुद्र जल खारा हो गया था।

# घर में खुशियां भर देता है स्वास्तिक

हर व्यक्ति यह सोचता है कि उसका घर खुशियों से भरा रहे। इन खुशियों के लिए लोगा काफी प्रयत्न किया करते हैं। लेकिन लोग पुराने धर्म कर्म को पूरी तरह से भुला देते हैं। जी हां इन में से ही एक है स्वस्तिक। स्वस्तिक का आविष्कार आर्यों ने किया और पूरे विश्व में यह फैल गया। आज स्वस्तिक का प्रत्येक धर्म और संस्कृति में अलग-अलग रूप में इस्तेमाल किया गया है। कुछ धर्म, संगठन और समाज ने स्वस्तिक को गलत अर्थ में लेकर उसका गलत जगहों पर इस्तेमाल किया है तो कुछ ने उसके सकारात्मक पहलू को समझा। स्वस्तिक को भारत में ही नहीं, अपितु समुचे विश्व के कई देशों में विभिन्न स्वरूपों में मान्यता प्राप्त है। जर्मनी, यूनान, फ्रांस, रोम, मिस्र, ब्रिटेन, अमरीका, स्कैण्डिनेविया, सिसली, स्पेन, सीरिया, तिब्बत, चीन, साइप्रस और जापान आदि देशों में भी स्वस्तिक का प्रचलन किसी न किसी रूप में देखने को मिल ही जाता है। हिदू धर्म में स्वस्तिक को शक्ति, सौभाग्य, समृद्धि और मंगल का प्रतीक माना जाता है। हर मंगल कार्य में इसको बनाना शुभ माना जाता है। स्वस्तिक का बायां हिस्सा गणेश की शक्ति का स्थान बीजमंत्र होता है। इसमें जो चार बिंदियां होती हैं, उनमें गौरी, पृथ्वी, कच्छप और अनंत देवताओं का वास होता है। इस मंगल-प्रतीक का गणेश की उपासना, धन, वैभव और ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी के साथ, बही-खाते की पूजा की परम्परा आदि में विशेष महत्व है। घर के वास्तु को ठीक करने के लिए स्वस्तिक का प्रयोग किया जाता है। स्वस्तिक के चिन्ह को भाग्यवर्धक वस्तुओं में गिना जाता है। स्वस्तिक के प्रयोग से घर की नकारात्मक ऊर्जा बाहर चली जाती है। इसकी चारों दिशाओं के अधिपति देवताओं, अग्नि, इंद्र, वरुण एवं सोम की पूजा हेतु तथा सप्तऋषियों के आशीर्वाद को प्राप्त करने में प्रयोग किया जाता है। यह चारों दिशाओं और जीवन चक्र का भी प्रतीक है।

## सोने के धागे से बने वस्त्र धारण करेंगे रामलला

अयोध्या। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन रामलला सोने के धागे से निर्मित वस्त्र धारण करेंगे। रामलला के वस्त्र पुणे में तैयार किए जा रहे हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है, जिसकी तैयारी की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम मंदिर में साज-सज्जा का भी दौर शुरू हो चुका है। भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान रामलला को जो वस्त्र धारण कराए जाएंगे, वह पुणे में तैयार किए जा रहे हैं। रामलला की पोशाक सोने के धागे से तैयार की जा रही है। इस प्रकार रामलला के वस्त्र विशेष रहेंगे। वैसे देश और दुनिया के लोग रामलला के लिए विशेष वस्त्र समर्पित करना चाहते हैं, लेकिन राम मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि पुणे के कुछ लोग रामलला की पोशाक निर्माण का कार्य आज रविवार से शुरू कर रहे हैं। इसमें दो-दो स्वर्ण धागे जन-सहयोग से लगाए जाएंगे और पोशाक 22 दिसंबर तक तैयार हो जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने कहा कि संपूर्ण देश में भगवान रामलला के लिए अनेक लोग सुंदर वस्त्र तैयार करने में लगे हुए हैं। गुजरात के साथ-साथ कई अन्य जगहों पर भी इन वस्त्रों को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उस समय जो भी वस्त्र सबसे अच्छा लगेगा, वही रामलला धारण करेंगे।

## दिल्ली पुलिस ने विश्नोई गेंग के दो गुर्गे पकड़े

नई दिल्ली। एक फाइव स्टार होटल के सामने फायरिंग करने जा रहे लॉरेंश बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने धर-दबोचा है। हालांकि इससे पहले दोनों तरफ से फायरिंग भी हुई। बदमाशों को पकड़ने में आखिरकार पुलिस को कामयाबी मिल ही गई। पकड़े गए बदमाशों में एक रोहतक का अनीश है और दूसरा 15 साल का नाबालिग है। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) राजीव रंजन सिंह ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में आपराधिक सिंडिकेट पर नकेल कसने के लिए एक टीम लगातार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।ऑपरेशन के दौरान टीम ने धन जुटाने के लिए जबरन वसूली रैकेट में शामिल गिरोह के हरियाणा स्थित मॉड्यूल की पहचान की। डीसीपी ने कहा, हमें पता चला कि लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट प्रोटेक्शन मनी वसूलने के लिए अपने शार्पशूटरों को दिल्ली में किसी प्रमुख स्थान पर गोलीबारी करने के लिए भेजने जा रहा है। डीसीपी ने कहा,2019 में उसने अपने दूर के रिश्तेदार रोहित उर्फ मोटा, जो रोहतक में सक्रिय अपराधी है, की ओर से डकैती करना, जबरन वसूली के लिए गोलीबारी करना शुरू कर दिया। मई 2023 में उसके रोहित के साथ कुछ मतभेद हो गए और उसने उसे मारने का फैसला किया। वह लॉरेंस बिश्नोई के रिश्तेदार और करीबी सहयोगी अनमोल बिश्नोई से संपर्क कायम करने में कामयाब रहा। डीसीपी ने कहा,आरोपी को सिंडिकेट द्वारा दक्षिणी दिल्ली के एक 5 स्टार होटल में गोलीबारी करने का काम सौंपा गया था और उसने इस काम के लिए अपने गिरोह में उसी गांव के एक किशोर को शामिल किया था। बरामद हथियारों और गोला-बारूद की व्यवस्था गिरोह के सदस्यों ने हरियाणा में की थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली और हरियाणा में तकनीकी निगरानी रखी गई थी और टीम को विशेष सूचना मिली कि गिरोह के सदस्य वसंत कुंज में एक प्रसिद्ध 5 स्टार होटल के बाहर गोलीबारी करेंगे। जाल बिछाया गया और दो संदिग्धों को फर्जी नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल पर सवार देखा गया। जब उन्हें रुकने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने अत्याधुनिक हथियारों से पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और उन्हें पकड़ लिया। अनीश उर्फ मोखरा ने पुलिस को बताया कि वह बुरे तत्वों के संपर्क में आ गया और रोहतक में अपराध करने लगा।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा होगा साफ : माथुर

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन से उत्साहित पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने विश्वास जताया कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में राज्य में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा। राज्य में नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की रविवार को होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए माथुर स्वामी विवेकानंद विमानतल पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की कुल 11 लोकसभा सीटों में से नौ पर जीत हासिल की थी तथा कांग्रेस को दो सीटें मिली थी। भाजपा विधायक दल की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को भाजपा के पर्यवेक्षकों के दौरे के बारे में पूछे जाने पर माथुर ने कहा कि हमारी पार्टी के पर्यवेक्षक आ रहे हैं और वे क्या निर्णय लेंगे, हम इसका इंतजार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा के विधायक दल का नेता चुनने के लिए नवनिर्वाचित 54 विधायकों की बैठक रविवार को होगी। बैठक के बाद



मुख्यमंत्री कौन होगा इस पर संशय खत्म होने की संभावना है। भाजपा ने पिछले महीने हुए विधानसभा चुनाव से पहले अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की थी। बैठक में पार्टी के तीन पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सर्बानंद सोनोवाल तथा पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम मौजूद रहेंगे। बैठक में माथुर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य के लिए पार्टी के सह-प्रभारी नितिन नबीन भी मौजूद रहेंगे। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 90 में से 54 सीटें जीती है। वहीं 2018 में 68 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 35 सीटों पर सिमट गई। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) राज्य में एक सीट जीतने में कामयाब रही।

## 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान, 'बहुत खराब' श्रेणी में वायु गुणवत्ता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 314 दर्ज किया गया जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। शनिवार शाम छह बजे एक्यूआई 322 दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 88 फीसदी दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने रविवार को आसमान मुख्यत- साफ रहने का अनुमान जताया है। दिल्ली में अभी तक नवंबर में गंभीर वायु गुणवत्ता वाले 10 दिन दर्ज किए गए हैं। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच को संतोषजनक, 101 और 200 के बीच को मध्यम, 201 और 300 के बीच को खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर 'अति गंभीर' माना जाता है।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अस्पताल में चंद्रशेखर राव से मुलाकात की



हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रविवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) से मुलाकात की, जो कूल्हे की सर्जरी के बाद यहां एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव और संबंधित अधिकारियों को राव के इलाज के लिए आवश्यक सहायता और सहयोग करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैंने उनके (राव के) तेजी से ठीक होने की कामना की और लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए तेलंगाना विधानसभा के सत्र में भाग लेने का अनुरोध किया। लोगों को सुशासन देने के लिए उनकी सलाह की आवश्यकता है।' राव का यहां एक निजी सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में बाईं ओर के कूल्हे की सर्जरी की गई है। अपने आवास पर आठ दिसंबर को गिरने से उन्हें चोट लग गई थी। अस्पताल के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री के छह से आठ सप्ताह में ठीक होने की उम्मीद है।

# संजय राउत ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस को आगाह किया





**मुंबई (एजेंसी)।** देशभर में अगले वर्ष यानी 2024 में लोकसभा चुनाव होने है। इन लोकसभा चुनावों से पहले शिवसेना (यूबीटी) के नेता और राज्यसभा सासंद संजय राउत ने कांग्रेस पार्टी के लिए खास चेतावनी दी है। संजय राउत ने लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि अगर कांग्रेस पार्टी और खासतौर से गांधी परिवार के नजदीकी लोग लगगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुकूल राजनीति करना जारी रखेंगे तो ये पार्टी के लिए मुश्किल भरा हो सकता है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि संजय राउत ने शिवसेना यूबीटी के मुखपत्र सामना में प्रकाशित साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक' में इसका जिक्र किया है। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर उठने वालें मामलों पर भी सवाल किया है। उन्होंने ईवीएम संबंधित आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में ये पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है। राउत ने हाल ही में मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान हुई वोटों की गिनती का जिक्र करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में जब मतपत्र (डाक मतपत्र) की गिनती हो रही थी तब कांग्रेस 199 सीट पर आगे चल थी लेकिन ईवीएम से गिनती शुरू होने के साथ ही परिस्थिति बदल गई।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हाल में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव जीत दर्ज की है जबकि कांग्रेस तेलंगाना में विजयी रही। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए गए। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ का संदर्भ देते हुए राउत ने कहा, ''अगर गांधी परिवार के आसपास के लोग मोदी तथा शाह (केंद्रीय मंत्री अमित शाह) के अनुकूल राजनीति करेंगे तो 2024 में और खतरा होगा।''

कमलनाथ ने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के चुनाव प्रचार अभियान का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा कि मोदी का 'जादू' तीन राज्यों में काम आया लेकिन यह तेलंगाना में नहीं चला। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि यह भ्रम है कि कांग्रेस मोदी को हरा नहीं सकती। उन्होंने 2018 के विधानसभा चुनाव का संदर्भ देते हुए कहा कि कांग्रेस ने पूर्व में मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को हराया है। राउत ने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री क्रमश- अशोक गहलोत और भूपेश बघेल ने मुकाबला किया लेकिन इसके बावजूद दोनों राज्यों में कांग्रेस की हार हुई।

## भाजपा को पराजित करने सभी लोगों को साथ लेकर चलेंगे : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन के साथ रहने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए वह सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। वह यहां हाल ही में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने कहा कि



पहले दिन से ही सपा का लक्ष्य भाजपा का मुकाबला करना रहा है। भाजपा को हराने के लिए सभी लोगों का सम्मान करते हुए और उनका साथ लेते हुए वह आगे बढ़ेंगे। झारखंड में कांग्रेस सांसद के यहां से 250 करोड़ रुपये की मिलने की बात पर उन्होंने कहा कि कानपुर में भी एक इत्र व्यापारी के यहां से जो रकम बरामद हुई, आधी रकम वापस देकर इस मामले पर विराम लगा दिया गया, क्योंकि यह रकम भाजपा वालों की थी। आप देख लेना, अब इस मामले में भी ऐसा ही होगा। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि उस समय कानपुर के इत्र व्यापारी को सपा से जुड़ा बताया गया था, इसलिए उसकी आधी रकम हमें भी दी जानी चाहिए, जिससे हम इस धन को अगले चुनाव में लगा सकें। सपा अध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता को अब ईवीएम पर भरोसा नहीं रह गया है, इसलिए अमेरिका की तर्ज पर बैलट से वोट पड़ने चाहिए। अखिलेश यादव ने उत्तराखंड में सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने वाले रैट होल माइनिंट की टीम के 14 सदस्यों को 1-1 लाख रुपये देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन साथियों ने अपनी जान की परवाह न कर दूसरों की जान बचाई। सरकार ने सुरंग में फंसे श्रमिकों की मदद की, मगर उसे इन बचाने वालों की भी मदद करनी चाहिए।

# पंजाब : केजरीवाल ने 'भगवंत मान सरकार तुहाडे द्वार' योजना की शुरुआत की

**लुधियाना (पंजाब) (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लोगों को उनके घरों तक नागरिक-केंद्रित सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से रविवार को 'भगवंत मान सरकार तुहाडे द्वार' योजना की शुरुआत की।

इस योजना के तहत लोगों को जन्म, विवाह, मृत्यु, आय, निवास, जाति, ग्रामीण क्षेत्र, सीमा क्षेत्र, पिछड़ा वर्ग, पेंशन के प्रमाणपत्र जारी करने, बिजली बिल के भुगतान और भूमि सीमांकन समेत 43 सेवाएं उपलब्ध होंगी। योजना की शुरुआत करने के बाद यहां एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि यह न केवल पंजाब बल्कि देश के लिए भी एक ऐतिहासिक दिन है। मान के साथ आए केजरीवाल ने कहा, 'पंजाब में शुरू किया जा रहा काम किसी क्रांति से कम नहीं है। यह एक क्रांतिकारी कदम है। आपको दफ्तर जाने की जरूरत नहीं है। आपका काम घर बैठे ही हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि 43 सरकारी सेवाएं लोगों को उनके घरों तक मुहैया करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को हेल्पलाइन नंबर 1076 पर संपर्क करना होगा। 'आप' नेता ने कहा कि लोग अपनी सुविधा के अनुसार काम की जानकारी देकर सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में उनकी सरकार ने 2018 में यह सेवा शुरू की थी।



## धीरज साहू से नोट बरामदगी के बाद कांग्रेस ने खींचे हाथ, पैसों का हिसाब देना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बडी संख्या में नोट बरामदगी के बाद कांग्रेस ने भी धीरज साहू से किनारा कर लिया है। बता दें कि पार्टी के राज्य सभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिसरों से बड़े पैमाने पर नकदी बारामद हुई है। इसके बाद कांग्रेस ने कहा कि उसका साहू के कारोबार से कोई लेना-देना नहीं है, तथा इस मामले पर उन्हें ही अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, सांसद धीरज साहू के व्यवसाय से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। सिर्फ वही बता सकते हैं और उन्हें यह स्पष्ट करना भी चाहिए कि कैसे आयकर अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर उनके ठिकानों से इतनी बड़ी मात्रा में नकद बरामद किया जा रहा है। इस मामले में अधिकारियों ने बताया कि बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ आयकर विभाग के छापे में अब तक भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जब्त की गई रकम 290 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है जो किसी भी एजेंसी द्वारा एक ही अभियान में बरामद किए गए काले धन का अब तक का सबसे बड़ा भंडार है।

गौरतलब है कि यह नकदी ओडिशा और झारखंड में धीरज साहू से जुड़े कई ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान बरामद की गई थी। पड़ोसी राज्यों में साहू के परिसरों पर छापेमारी बुधवार को शुरू हुई थी। इस मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड कांग्रेस से रिपोर्ट मांगी है। इस मामले के बाद कांग्रेस पूरी तरह से बैकफुट पर नजर आ रही है। जयराम रमेश के बयान के बाद अब कांग्रेस इस पूरे प्रकरण से अपने को बचाने की कोशिश में जुट गई है। हालांकि इतनी भारी रकम बरामद होने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिसमें अलमारियों में नोटों के बंडल भरे पड़े हैं। नीचे रखे बैग्स भी नोटों से भरे दिख रहे हैं।

## गुटखा विज्ञापन के मामले में केंद्र ने अक्षय, शाहरुख व अजय देवगन को नोटिस दिया



**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को बताया है कि अभिनेता अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को गुटखा कंपनियों के विज्ञापन करने के मामले में यह नोटिस दिया है। केंद्र के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा है। इसलिए याचिका खारिज कर दी जाए।

इसके बाद बेंच ने 9 मई 2024 को सुनवाई तय की। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की बेंच ने एक अवमानना याचिका पर आदेश में कहा कि हाईकोर्ट ने सितंबर 2022 में केंद्र सरकार को याचिकाकर्ता के प्रतिनिधित्व पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। जिन्होंने दलील दी थी कि इन अभिनेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। जिन्हें सम्मान दिए गए हैं, लेकिन वे गुटखा कंपनियों के लिए विज्ञापन कर रहे हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि 22 अक्टूबर को सरकार को प्रतिवेदन दिया गया था, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने बताया कि केंद्र ने अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जिसके बाद केंद्र सरकार की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने हाईकोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार ने अभिनेताओं अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# पांच राज्यों में घने कोहरे के साथ बढ़ेगी ठिठुरन, मौसम विभाग ने किया सर्तक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईएमडी ने पांच राज्यों में ठिठुरन के साथ घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी की है। गौरतलब है कि साल के आखिरी महीने में उत्तर भारत के हिस्सों में मौसम तेजी से बदल रहा है। सुबह और शाम के वक्त ठंड से कंपकपी बढ़ने लगी है। कई राज्यों में सुबह में कोहरे की धुंध छाई रहती है तो शीतलहर का प्रकोप भी शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 5 राज्यों में



कोहरे का अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि उत्तरी मप्र, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में अलग-अलग इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। अगर उत्तराखंड की बात करें तो वहां पारा तेजी से लुढ़क रहा है। आईएमडी के मुताबिक, अगले हफ्ते उत्तर भारत के राज्यों में ठिठुरन और बढ़ जाएगी। इसलिए लोगों को पहले से सतर्क रहने के लिए कहा गया है। इधर नई दिल्ली के कई इलाकों में घने कोहरे के कारण सुबह और शाम के वक्त लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के धौला कुआं इलाके में रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। दिल्ली के मुनिरका में भी आज वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में है।

हालांकि मौसम विभाग ने सोमवार को धुंध छाए रहने की संभावना जताई है। यहां का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 24 और नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। गौरतलब है कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा 51 और 100 के बीच को संतोषजनक 101 और 200 के बीच को मध्यम, 201 और 300 के बीच को खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर अति गंभीर माना जाता है। आईएमडी का कहना है कि मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में कई स्थानों पर सुबह के समय घना कोहरा रहने की संभावना है। 11 दिसंबर से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय को प्रभावित करने वाला है। इसके चलते अगले 24 घंटों के दौरान तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

इधर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। इस दौरान यहां का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। शुक्रवार की रात तापमान गुरुवार को दर्ज हुए शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले दो डिग्री कम दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी में पहलगाम सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम कार्यालय के अनुसार 11 दिसंबर तक आसमान में सामान्यत- बादल छाए रहेंगे लेकिन मौसम शुष्क रहेगा और रात में तापमान में कुछ डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना है।

# रोचक जिरह- 60 साल पहले संसद में अनुच्छेद 370 पर हुई थी जोरदार बहस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** धारा 370 एक बार फिर चर्चा में आ गई है। वजह ये है कि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के आसपास की बहस को निपटाने के लिए तैयार है। 11 दिसंबर को फैसला सुनाने जा रहा है। इससे पहले आलोचकों का तर्क है कि अनुच्छेद को निरस्त करने का निर्णय एकतरफा था, क्योंकि इसे एक स्थायी संवैधानिक प्रावधान माना जाता था। केवल जम्मू और कश्मीर संविधान सभा को ही ऐसा निर्णय लेने का अधिकार था। हालांकि, विधानसभा 26 जनवरी 1957 को भंग कर दी गई थी। कुछ वर्ष पहले नरेंद्र मोदी सरकार ने अनुच्छेद को निरस्त कर दिया था। शीतकालीन सत्र के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर में लंबे समय तक के लिए अनुच्छेद 370 लागू रहने के लिए देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को जिम्मेदार ठहराया था।

27 नवंबर 1963 को संसद में इस मुद्दे पर बहस हो रही थी। सांसदों ने अनुच्छेद को निरस्त करने के बारे में सवाल उठाए। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसपर जवाब दिया। हरि विष्णु कामथ, प्रकाश वीर शास्त्री, भागवत झा आजाद, पीसी बोरोहा, मोहन स्वरूप, डॉ एलएम सिंघवी, विश्राम प्रसाद, रघुनाथ सिंह, डीडी मंत्री, राम रतन गुप्ता, पीआर चक्रवर्ती, सिधेश्वर प्रसाद, डीडी पुरी, कछवैया, डीसी शर्मा और हेम राज सहित 19 सांसदों का एक समूह ने भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के एकीकरण पर भारत सरकार से प्रतिक्रिया मांगी थी। उनके पश्नों को तीन भागों में विभाजित किया गया था।

पहले और दूसरे सवाल के जवाब में तत्कालीन गृह राज्य मंत्री आरएम हजरनवीस ने कहा था, संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत राष्ट्रपति का एक आदेश 25 सितंबर 1963 को जारी किया गया था, जो जम्मू और कश्मीर पर लागू होता है। उन्होंने कहा था, यह निर्णय लिया गया है कि लोकसभा में जम्मू-कश्मीर के प्रतिनिधियों को अन्य राज्यों की तरह प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुना जाना चाहिए। यह निर्णय वर्तमान आपातकाल की समाप्ति के बाद प्रभावी होगा। उन्होंने आगे कहा, यह भी निर्णय लिया गया है कि जम्मू-कश्मीर के सदर-ए-रियासत और प्रधानमंत्री को क्रमशः राज्यपाल और मुख्यमंत्री के रूप में नामित किया जाना चाहिए। प्रस्ताव को प्रभावी बनाने के लिए कानून राज्य विधानमंडल के अगले सत्र के दौरान लाए जाने की उम्मीद है।

नेहरू ने भी इन सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, जैसा कि गृह मंत्री ने बताया है यह खत्म हो गया है। पिछले कुछ वर्षों में कई चीजें की गई हैं, जिससे कश्मीर का भारत सरकार के साथ बहुत घनिष्ठ संबंध बने हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कश्मीर पूरी तरह से एकीकृत है। उन्होंने आगे, ÷हमें लगता है कि अनुच्छेद 370 को धीरे-धीरे कमजोर करने की प्रक्रिया चल रही है। कुछ नए कदम उठाए जा रहे हैं। अगले एक-दो महीने में ये पूरे हो जाएंगे। हमें इसे चलने देना चाहिए। हम अनुच्छेद 370 को



समाप्त करना चाहते हैं। हमें लगता है कि यह पहल कश्मीर राज्य सरकार और लोगों की ओर से होनी चाहिए। हम खुशी से इससे सहमत होंगे। यह प्रक्रिया जारी है।

हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि- अनुच्छेद 370 कुछ संक्रमणकालीन अनंतिम व्यवस्थाओं का एक हिस्सा है। यह संविधान का स्थायी हिस्सा नहीं है।आपको बता दें कि उस समय जम्मू और कश्मीर में शांति थी। राज्य सरकार और विधायिका के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध थे। 1980 के दशक के बाद इसमें बदलाव आना शुरू हुआ, जब पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर को पाकिस्तानी क्षेत्र में विलय करने की एकतरफा घोषणा की।

## इजरायली हमले में लेबनान सीमा पर हिजबुल्लाह आतंकी ढेर

बेरूत । लेबनान के एक सैन्य सूत्र ने बताया कि दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती इलाकों में इजरायली हमलों में एक हिजबुल्लाह आतंकी मारा गया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि ऐता अल-शाब गांव पर इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह आतंकी की मौत हो गई। सूत्र के अनुसार इजरायली युद्धक विमानों और ड्रोनों ने सीमावर्ती इलाकों में घरों और जंगलों को निशाना बनाकर छह हवाई हमले किए इसमें 6 घर नष्ट हो गए और 15 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच हिजबुल्लाह की सैन्य शाखा इस्लामिक रेजिस्टेंस ने कहा कि उसके लड़ाकों ने 10 इजरायली स्थलों पर 10 हमले किए इसमें एक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इज़राइली मीडिया ने बताया कि लेबनान के साथ देश की सीमा पर 3 सैनिक घायल हो गए और उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा बंदरगाह शहर हाइफ़ा के रामबाम अस्पताल ले जाया गया है। लेबनान-इज़रायल सीमा पर 8 अक्टूबर से तनाव बढ़ गया। जब लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने 7 अक्टूबर को इज़राइल पर हमास के हमलों के जवाब में इजराल ने दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी गोलीबारी की।

## अमेरिका के टेनेसी में भीषण तूफान, 6 की मौत, 23 घायल

वाशिंगटन । अमेरिका के टेनेसी राज्य में आए भीषण तूफान से कम 6 लोगों की मौत हो गई व 23 घायल हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार शनिवार दोपहर को मोंटगोमरी काउंटी में बवंडर से एक बच्चे सहित 3 लोगों की मौत हो गई। टेनेसी की राजधानी नैशविल के उपनगरीय इलाके में तीन और लोगों की मौत हो गई। मोंटगोमरी काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि मौसम और गिरी हुई बिजली लाइनों और मलबे से संभावित खतरों के कारण, हम आग्रह करते हैं कि लोग घरों में रहें।

## लाइन में खराबी से श्रीलंका में बिजली हुई गुल

कोलंबो । श्रीलंका में ट्रांसमिशन लाइन में खराबी से देश भर में बिजली गुल हो गई है। बिजली आपूर्तिकर्ता ने यह जानकारी दी। बिजली आपूर्तिकर्ता सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने कहा कि बिजली बहाल करने में कुछ घंटे लगेंगे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को हुई असुविधा के लिए खेद है। शनिवार शाम करीब 5 बजे बिजली गुल हो गई। रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## आतंकरोधी विभाग के चार कर्मचारियों पर बलूच युवाओं की हत्या मामले में केस दर्ज

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के आतंकरोधी विभाग के चार कर्मचारियों पर बलूच युवाओं की हत्या के मामले में केस किया गया है। पाक अखवार डॉन के अनुसार तुरबत में बलूच युवाओं की हत्या को लेकर ये केस किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट द्वारा फर्जी मुठभेड़ में 4 युवाओं के मारे जाने के बाद पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। फर्जी मुठभेड़ में मारे गए युवक के परिवार ने केच जिले में विरोध किया था। परिवार के सदस्यों के अनुसार बख्श और 3 अन्य लोगों को एक फर्जी मुठभेड़ में मार दिया गया था। हालांकि आतंकवाद-रोधी विभाग ने परिवार के आरोपों को बेबुनियाद बताया था।

## यूक्रेन के खिलाफ रूस ने क्यों उतारे गोरखा सैनिक?

कीव । यूक्रेन ने कुछ दिन पहले एक शख्स का वीडियो पोस्ट किया था, जो रूस के लिए लड़ते हुए पकड़ा गया था। ये शख्स न तो रूस का रहने वाला था और न ही रूसी सेना के द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। ये शख्स नेपाल का रहने वाला था। यह रूसी सेना में शामिल होने और यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए भाड़े के सैनिक के रूप में आया था। वीडियो में शख्स की पहचान बिबेक खत्री के रूप में हुई थी। उसने बताया कि रूसी सेना में शामिल होने के पीछे का मकसद सिर्फ पैसा कमाना था। हिमालय की गोद में बसे छोटे से देश में आबादी तेजी से बढ़ रही है और रोजगार की कमी हो रही है। बिबेक ने रूसी अधिकारियों को बताया कि मेरा परिवार संकट में है। मेरी मां काम नहीं कर पाती है, हमें पैसों की ज़रूरत है। इसलिए मैं शामिल हुआ। मेरे दोस्तों ने भाड़े के सैनिक के रूप में शामिल होने का सुझाव दिया था। मैं एक सफल आदमी के रूप में अपनी मां के पास लौटना चाहता था तो मैं शामिल हो गया। किव पोस्ट ने दावा किया है रूस में नेपाल के राजदूत मिलन राज तुलाधर ने एक साक्षात्कार में बताया है कि खत्री अकेले नहीं हैं जिनको मॉस्को से आकर्षक ऑफर मिल रहे हैं। लगभग 200 से अधिक नेपाली नागरिक रूसी सेना में भाड़े के सैनिकों के रूप में सेवा दे रहे हैं यूक्रेन के खिलाफ रूस के लिए युद्ध में लड़ते हुए कम से कम 6 नेपाली नागरिकों की मौत हो चुकी है। अब नेपाल सरकार पर अपने जवानों को वापस लाने के लिए जनता का दबाव पड़ने लगा है।

## चीन के पूर्व विदेश मंत्री किन गैंग की मौत का नहीं मिला सुराग

**-गायब होने के बाद पता नहीं चला कि सुसाइड किया या टार्चर से गई जान**

बीजिंग। चीन के पूर्व विदेश मंत्री किन गैंग की मौत का कहीं कोई सुराग नहीं मिला है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी किन गैंग की मौत सवालों के घेरे में बनी हुई है। माना जा रहा है कि किन गैंग की मौत संदेहास्पद है और उनकी मौत को लेकर यह पता नहीं चल सका है कि उन्होंने सुसाइड किया या टार्चर करने से जान गई है। हालांकि किन गैंग की मौत के मामले की जांच की जा रही है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कथित विवाहेतर संबंध के कारण पूर्व विदेश मंत्री किन गैंग को उनके पद से बर्खास्त कर दिया था। किन जून में गायब हो गए थे, लेकिन अब उनकी मौत ने इस मामले को पेचीदा बना दिया है। जुलाई में उन्हें उनकी भूमिका से हटाए जाने से पहले, किन गैंग एक महीने से अधिक समय तक सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दे रहे थे। उनकी अनुपस्थिति के बारे में कई प्रकार की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। दावा किया गया कि जुलाई के अंत में एक सैन्य अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी, जिसमें शीर्ष नेताओं का इलाज होता है। बता दें कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) ने पूर्व विदेश मंत्री किन गैंग के कथित विवाहेतर संबंधों की जांच की और पाया कि यह मामला तब हुआ जब किन गैंग अमेरिका में चीनी राजदूत के रूप में कार्यरत थे। हालांकि चीनी विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया था। किन के निष्कासन ने कई लोगों को चौंका दिया क्योंकि वह शी जिनपिंग के करीबी माने जाते थे। किन ने जुलाई 2021 से 2023 की शुरुआत तक अमेरिका में चीनी दूत के रूप में कार्य किया था। सीपीसी की जांच में कहा गया है कि किन को उनकी जीवनशैली के कारण बर्खास्त किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, यह शब्द चीन में दुर्व्यवहार के लिए उपयोग किया जाता है।

## हमास के आतंकी लोगों को पीटकर चुरा रहे खाना, इजरायल ने किया खुलासा

गाजा । गाजा में हमास के आतंकी इन दिनों लोगों को पीटकर उनसे खाना छीनकर अपनी भूख मिटा रहे हैं। इजरायली रक्षा बलों आईडीएफ और हमास के बीच लगातार संघर्ष गहराता जा रहा है। इस जंग में मरने वालों की संख्या 16 हजार पार कर गई है। सबसे ज्यादा मानवीय नुकसान गाजा में रह रहे निर्दोष फिलिस्तीनियों को उठाना पड़ा है। मरने वालों में सबसे ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। हमास इस जंग में आरोप लगाता रहा है कि इजरायली सेना बड़ी क्रूरता से आम नागरिकों की हत्या कर रही है। डब्ल्यूएचओ समेत दुनिया की कई एजेंसियां भी गाजा की हालत पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। इस बीच आईडीएफ ने एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उसने दावा किया है कि गाजा में पहुंच रही अंतरराष्ट्रीय मदद को हमास आतंकी जबरन हड़प रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि बंदूक की नोंक पर हमास आतंकी गाजा के लोगों को पीट रहे हैं और डराकर उनसे खाना और अन्य जरूरी रसद छीन रहे हैं। इजरायल रक्षा बलों ने हमास आतंकवादियों पर नागरिकों की पिटाई करने और गाजा को अंतरराष्ट्रीय संगठनों से मिलने वाली मानवीय सहायता चुराने का आरोप लगाया। आईडीएफ ने कहा कि हमास के लिए गाजा के लोग कुछ काम के नहीं हैं। आईडीएफ द्वारा एक्स पर जारी वीडियो में आम लोगों को बंदूकधारियों द्वारा पीटते हुए दिखाया गया है। दावा किया गया है कि वे हमास के आतंकी हैं। आईडीएफ ने यह भी कहा कि अल-मवासी गाजा का वो इलाका है, जहां इजरायली सेना ने कोई सैन्य कार्रवाई नहीं की है।



तेल अवीव में इज़राइल और फिलिस्तीनी इस्लामी समूह हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच, फिलिस्तीनी इस्लामी समूह हमास द्वारा 7 अक्टूबर के घातक हमले में अपहृत बंधकों की रिहाई के लिए आयोजित एक रैली में शामिल हुए लोग।

## तोशाखाना केस में इमरान खान की पत्नी को जांच एजेंसी ने किया तलब

इस्लामाबाद । इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तान के एंटी करप्शन एजेंसी नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो ने तोशाखाना मामले में तलब किया है। एनएबी रावलपिंडी ने बुशरा बीबी को नोटिस जारी करके तोशाखाना मामले के सिलसिले में उन्हें 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे जांच के लिए बुलाया है। एनएबी ने तोशखाना मामले की जांच के सिलसिले में बुशरा बीबी से सोने का हार, हीरे की अंगूठी और कंगन भी अपने साथ लाने को कहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इससे पहले पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने बुशरा बीबी का नाम एग्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) में शामिल किया था। सूत्रों के हवाले से कहा गया या कि राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के 19 करोड़ पाउंड के घोटाले में ईसीएल पर इमरान खान और बुशरा बीबी के नामों का उल्लेख किया गया है। एनएबी की सिफारिश पर उनका नाम ईसीएल में शामिल किया गया था। मालूम हो कि बुशरा बीबी पर तोशाखाना के उपहारों से बालियां, दो अंगूठियां, एक चेन और एक कंगन रखने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा उन पर सोना, हीरा, सोने और हीरे की अंगूठियां, हार, झुमके और कंगन रखने का भी आरोप है। एनएबी के मुताबिक उपहारों की कीमत को देखने के लिए उनको तोशाखाना में पेश ही नहीं किया गया था। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान को झूठे बयान और गलत घोषणा करने के लिए अयोग्य ठहराए जाने के बाद तोशाखाना मुद्दा पाकिस्तान की राष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया। 2022 में तत्कालीन सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों द्वारा दायर संदर्भ में आरोप लगाया गया है कि पीटीआई अध्यक्ष ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान तोशाखाना से अपने पास रखे गए उपहारों के बारे में जानकारी नहीं दी। बाद में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान के दोषी ठहराए जाने को निलंबित कर दिया और उन्हें जमानत दे दी थी।

# भारत-यूके के बीच एफटीए को लेकर होगी चर्चा

### दिल्ली पहुंचे ऋषि सुनक के वरिष्ठ अधिकारी, फरवरी तक होगा इंतजार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की टीम के कई वरिष्ठ अधिकारी इन दिनों भारत आए हुए है। अधिकारी दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर जारी बातचीत के सिलसिले में दिल्ली आए है। इस यात्रा को लेकर अब तक किसी ने कोई पुष्टि नहीं की है। किसी विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। इस यात्रा और बातचीत को लेकर द गार्जियन ने शनिवार को रिपोर्ट दी थी।




हालांकि संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रत्याशित आम चुनाव अभियान पर निकलने से पहले फरवरी के अंत तक एफटीए को अंतिम रूप देने का विचार कर सकती है। वर्ष 2024 में दोनों ही देशों में चुनाव होने है। भारत के साथ व्यापार समझौते पर हत्साक्षर करने से ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की छवि भी मजबूत होगी। द गार्जियन में छपी रिपोर्ट में अधिकारी ने जाकनारी दी है कि सौदा अभी भी बहुत आगे है, और हमारा मानना है कि दोनों देशों के चुनाव से पहले इसे हासिल किया जा सकता है। इसे पूरा करने के लिए आपसी उत्सुकता है।' बता दें कि भारत-यूके एफटीए के लिए बातचीत पिछले साल जनवरी में शुरू हुई थी। शुरुआत में तत्कालीन प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा निर्धारित दिवाली 2022 की समय सीमा तय की गई थी।

इस कड़ी में 13 दौर की बातचीत हो चुकी है। बैठकों के साथ ही ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली टोरी सरकार एक समझौते को सुरक्षित करने के लिए निश्चित नई समयसीमा तय करने को लेकर सतर्क है, जिससे जीबीपी36-बिलियन द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। व्यापार और व्यापार विभाग (डीबीटी) के एक प्रवक्ता ने यूके सरकार के आधिकारिक रुख को दोहराते हुए कहा, 'यूके और भारत एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को आगे बढ़ा रहे हैं जो दोनों देशों के हितों की सेवा करता है। हमारी प्रतिबद्धता एक निष्पक्ष और संतुलित समझौते पर हस्ताक्षर करने की बनी हुई है।' समझौता जो अंततः ब्रिटिश लोगों और अर्थव्यवस्था के सर्वोत्तम हित में है।''


हाल ही में विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर ने पुष्टि की कि एफटीए पिछले महीने उनकी यूके यात्रा के दौरान एजेंडा आइटम में से एक था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों पक्ष एक आम सहमति पर पहुंचेंगे जो उनके पारस्परिक हितों को पूरा करेगी। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सुनक और अन्य वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमने पर्याप्त प्रगति की है। मेरा मानना है कि दोनों पक्ष एफटीए के महत्व को समझते हैं और इसे हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

अपनी नवंबर यात्रा के दौरान, मंत्री ने यूके के विपक्षी नेताओं के साथ एफटीए वार्ता पर भी चर्चा की, लेबर नेता कीर स्टार्मर और छाया विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ बैठकें कीं। शुरुआत में ऐसा माना जा रहा था कि ऋषि सुनक बहुप्रतीक्षित एफटीए को अंतिम रूप देने के लिए 29 अक्टूबर को लखनऊ में इंग्लैंड बनाम भारत विश्व कप मुकाबले में क्रिकेट कूटनीति का इस्तेमाल करेंगे। हालाँकि, टोरी पार्टी में आंतरिक राजनीतिक उथल-पुथल और इज़राइल-हमास संघर्ष जैसे वैश्विक तनाव के कारण ऐसा नहीं हुआ। हाउस ऑफ कॉमन्स समिति सत्र के दौरान समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर यूके के व्यापार और व्यापार सचिव केमी बडेनोच ने कहा कि हम इसे पूरा होने के कगार पर हैं। हम इसे उचित समय पर अंतिम रूप देंगे।

# पुतिन फिर लड़ रहे हैं 2024 में राष्ट्रपति पद का चुनाव

### -अगले दो टर्न तक पद पर बने रहने किया संविधान में बदलाव

**मास्को (एजेंसी)।** रूस में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। व्लादिमीर पुतिन भी इस चुनाव में उतर रहे हैं। व्लादिमीर पुतिन ने ऐलान किया है कि वह 2024 में रूस में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे हैं। जानकार बता रहे हैं कि उनका पांचवां कार्यकाल भी तय माना जा रहा है। हालांकि, भले ही अभी चुनाव और रिजल्ट में महीनों का वक्त बाकी है, मगर सभी जानते हैं कि पुतिन ही इस चुनाव को जीतने वाले हैं। दरअसल पुतिन ने रूस की राजनीतिक व्यवस्था को पूरी तरह से कंट्रोल किया है। विपक्षी नेताओं को जेल में भेजना हो या फिर विरोधियों को ठिकाने लगाना। रूस में पुतिन के लिए ये आम बात रही है। पुतिन ने पिछले सभी चुनाव भारी-भरकम मार्जिन से जीते है। हालांकि, चुनाव पर नजर रखने वाली संस्थाओं का कहना है कि पुतिन चुनावों में धांधली करते आए हैं। पुतिन के लंबे समय तक प्रवक्ता रहने वाले शख्स ने कहा है कि वह अगले साल 90 प्रतिशत वोट के साथ चुनाव जीतेंगे। व्लादिमीर पुतिन ने 2020 में संविधान



में बदलाव करवाए, जिसके जरिए वह अगले साल अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद भी अगले दो टर्म तक राष्ट्रपति रह सकते हैं।

गौरतलब है कि रूस में राष्ट्रपति का कार्यकाल छह सालों का होता है, जिसका मतलब हुआ कि अगर पुतिन चाहें तो 2036 तक राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। अगर वह तब तक राष्ट्रपति बने रहते हैं, तो उनका कार्यकाल जोसेफ स्टालिन के कार्यकाल से भी लंबा हो जाएगा। स्टालिन ने 29 सालों तक रूस की सत्ता संभाली थी। पुतिन को 1999 में बोरिस येल्तसिन के हाथों राष्ट्रपति पद मिला था। इस तरह वह 23 से ज्यादा साल से रूस की सत्ता पर काबिज हैं। उन्होंने इस दौरान कई सारे रिकॉर्ड भी बनाए हैं। पुतिन ने 18 साल तक शासन करने वाले लियोनिड ब्रेझनिव का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ दिया है। ऐसे में अब सवाल उठता है कि अगर 71 साल के पुतिन चाहें तो आजीवन राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। मगर फिर भी वह अगले साल चुनाव क्यों लड़ना चाहते हैं।

# गाजा में लगातार जारी है इजराइल की बमबारी, 17 हजार के ऊपर पहुंची मृतकों की संख्या

**यरुशलम (एजेंसी)।** इस समय लगातार गाजा में इजराइल की बमबारी जारी है। अब तक यहां मृतकों की संख्या 17 हजार पार कर गई है। ताजा अपडेट के अनुसार इजराइल-हमास युद्ध के कारण गाजा में मारे गए लोगों की संख्या 17,700 हो गई है जिनमें करीब दो तिहाई संख्या महिलाओं और बच्चों की है। हमास नियंत्रित क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल ने दक्षिणी गाजा पट्टी में शनिवार को हवाई हमले और गोलाबारी तेज कर दी। ये हमले अमेरिका द्वारा गाजा में मानवीय आधार पर तत्काल संघर्ष विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के खिलाफ वीटो का इस्तेमाल करने के एक दिन बाद हुए, जबकि इसे सुरक्षा परिषद के अधिकांश सदस्यों और कई अन्य देशों का समर्थन मिला हुआ था। कुल 15 सदस्यीय परिषद में प्रस्ताव के पक्ष में 13 और विरोध में एक मत पड़ा जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा। इजराइल ने कहा कि सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद जमीनी कार्रवाई में उसके 97 सैनिक मारे गए हैं। हमास के सात अक्टूबर के हमले में करीब 1,200 लोगों की मौत हुई थी जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे और उसने 240 लोगों को बंधक बना लिया था। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने धमकी दी है कि गाजा में भोजन और दवाओं की निर्बाध आपूर्ति जब तक सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक वह लाल सागर और अरब सागर से इजराइली बंदरगाहों की ओर जाने वाले हर पोत को रोकेगा।

हालांकि हूती विद्रोहियों ने पिछले सप्ताहों में लाल सागर में कई जहाजों पर हमला किया और इजराइल को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। बता दें कि गाजा के एक छोटे से हिस्से में मामूली मानवीय सहायता पहुंच पा रही है। बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन युद्ध विराम का विरोध कर रहा है। उसका तर्क है कि इससे हमास इजराइल के लिए खतरा बना रहेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रशासन ने इजराइल को 10.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के लगभग 14,000 राउंड टैंक गोला-बारूद की आपातकालीन बिक्री को मंजूरी दे दी है।


# कानून की नजर में अपराधी, पर काम ऐसा कि मिला नोबेल पुरस्कार

### -ईरान की जेल में 31 सालों से हैं बंद नरगिस मोहम्मदी

### -मां की जगह बच्चे लेंगे नोबेल पुरस्कार

### -बच्चे बोले, नहीं पता अब फिर मिल पाएंगे या नहीं

### -अशांति फैलाने के मामले में 31 साल से जेल में बंद नरगिस के बच्चे लेंगे शांति का नोबेल पुरस्कार



**पेरिस (एजेंसी)।** शांति का नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी बीते 31 सालों से ईरान की जेल में कैद हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने ईरान में अशांति फैलाने की कोशिश की है। अब पुरस्कार ग्रहण करने के लिए जेल से बाहर निकलने की अनुमति को लेकर उनके दोनों जुड़वा बच्चों का कहना है कि मां तो पुरस्कार लेने नहीं जा पाएंगी लेकिन हम लोग जरुर जाएंगे। मोहम्मदी के दोनों जुड़वा बच्चे कियाना रहमान और अली का कहना है कि उनकी मां पर उन्हें गर्व है और वो उनका संघर्ष जारी रखेंगे। बच्चों ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वो दोबारा अपनी मां से कभी मिल पाएंगे या नहीं लेकिन वो उनके दिलों में हमेशा रहेंगी।

नरगिस की बेटी कियाना रहमान का कहना हैं उन्होंने अपनी मां को आठ साल पहले देखा था। अब दोबारा उनसे मिल पाएंगी उन्हें नहीं पता। उन्होंने कहा कि मुझे इससे कई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनकी मां हमेशा उनके दिल में और उनके परिवार के साथ हैं और वो हमेशा जिंदा रहेंगी। वहीं उनके बेटे अली ने कहा कि उन्होंने इस बात को बचपन में ही स्वीकार कर लिया था कि वो लोग अब अलग रहेंगे। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई की वो दोबारा अपनी मां को देख सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अगर हम उसे दोबारा नहीं पाएंगे तब भी हम हमेशा उन पर गर्व करेंगे और उनका संघर्ष जारी रखेंगे।

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी के बच्चे अब अपनी से दोबारा कभी मिल पाएंगे या नहीं उन्हें नहीं पता, लेकिन उन्हें अपनी मां पर गर्व हैं। ये कहना है नरगिस के जुड़वा बच्चों ली और कियाना रहमान का, जिनकी उम्र 17 साल है। नरगिस के दोनों बच्चे अपने पिता के साथ पेरिस में रहते हैं। नरगिस के दोनों बच्चे ओस्लो के सिटी हॉल में अपनी मां की तरफ से पुरस्कार लेंगे। इससे पहले उन्होंने मीडिया से कहा कि उनकी मां महिलाओं के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष कर रही हैं, ऐसे में उन्हें अपनी मां के ऊपर गर्व है। दोनों बच्चे अपनी मां की तरफ से नोबेल शांति पुरस्कार स्पीच भी देंगे। इसके साथ ही मोहम्मदी के पति तगी रहमानी ने कहा कि ये पुरस्कार नरगिस को एक बड़ी आवाज देगा, भले ही उनकी अपने हालात और ज्यादा कठिन हो। रहमानी ने कहा कि ये एक राजनीतिक पुरस्कार है और इसलिए नरगिस पर ज्यादा दबाव होगा, लेकिन साथ ही ये लोगों की आवाज को आगे भी बढ़ाएगा। तगी रहमानी भी सामाजिक कार्यकर्ता हैं और लोगों के हक के लिए अपनी आवाज उठाते रहे हैं।

गौरतलब है कि ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने वाली 51 साल की नरगिस मोहम्मदी को तेहरान की इविन जेल में रखा गया है। ईरान की सरकार ने नरगिस को सरकार के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। हिजाब पहनने के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिए जाने के बाद ईरान में 22 साल की महसा अमिनी की पुलिस की हिरासत में मौत हो गई थी। उनकी मौते के ठीक एक साल बाद मोहम्मदी को शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आपको बता दें कि नरगिस मोहम्मदी ये पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला हैं, जिसकी कीमत आज 11 मिलियन स्वीडिश क्राउन या लगभग 1 मिलियन डॉलर है। हिरासत में रहकर पुरस्कार जीतने वाली नरगिस पांचवी शख्स हैं। नोबेल शांति पुरस्कार 10 दिसंबर को स्वीडिश उद्योगपति अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु की सालगिरह के मौके पर प्रदान किया जाता है।

# जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से निपटने के लिए विकसित देशों को आगे आना होगा- केंद्रीय मंत्री

**दुबई (एजेंसी)।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि दुनिया में जिस तरह से जलवायु परिवर्तन हो रहा है वो आने वाले समय के लिए काफी नुकसान देने वाला है। इसके दुष्प्रभावों से निपटने का आसान तरीका है कि दुनिया के सभी विकसित देश आगे आएं और छोटे देशों का सहयोग करें। कॉप 28 में शिखर सम्मेलन में मैंग्रोव एलायंस फॉर क्लाइमेट मंत्रिस्तरीय बैठक में मंत्री यादव ने कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि समानता और जलवायु न्याय, जलवायु कार्रवाई का आधार होना चाहिए तथा यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने आगे कहा, हम (भारत) ने केवल तापमान वृद्धि से निपटने के लिए उत्सर्जन को कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं बल्कि जैव विविधता को समृद्ध करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

भारत सरकार ने शोरलाइन हैबिटेट्स पहल की शुरुआत की। उन्होंने आगे कहा, मानव जाति के लिए जैव विविधता का मूल्य सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं के साथ-साथ इसके आर्थिक आयाम में भी निहित है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने बजट 2023-24 में शोरलाइन हैबिटेट्स की पहल शुरू की। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत समुद्र तट के किनारे मैंग्रोव वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि देश में मौजूद सुंदरबन डॉल्फिन, मगरमच्छ और गंभीर रूप से लुप्तप्राय कछुओं को संरक्षित करने पर सरकार जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने 2005 और 2019 के बीच अपनी जीडीपी उत्सर्जन तीव्रता को 33 फीसदी तक कम करते हुए 11 साल पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने में सार्थक और प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए ग्लोबल स्टॉक टेक (जीएसटी) के नतीजों को लेकर आश्वस्त है। जीएसटी पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की दो साल की समीक्षा है। इसमें खासतौर पर ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य रखा गया है। भूपेंद्र यादव ने आगे कहा, भारत के पर्यावरण मंत्री के रूप में मैं स्वयं भारत के ज्वारीय क्षेत्रों जैसे कि गुजरात और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में कार्यक्रमों में भाग लेता रहा हूं, जहां मैंग्रोव वृक्षारोपण अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि लोग मैंग्रोव लगाने के लिए भारी संख्या में आ रहे हैं।



# शुभमन गिल को मिला विराट कोहली के रिकॉर्ड तोड़ने का मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुभमन गिल साल 2023 में सबसे अधिक शतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर कर सकते हैं। शुभमन गिल 2023 में तीनों फॉर्मेट को मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर हैं। लेकिन शतक के मामले में वे विराट कोहली से पीछे हैं। हालांकि शुभमन गिल और विराट कोहली दोनों के लिए ही साल 2023 बेहतरीन रहा है। विराट कोहली ने इस साल कुल 8 शतक लगाए हैं, जो दुनिया के किसी भी बैटर से ज्यादा है। ज्यादा शतक लगाने की इस फेहरिस्त में शुभमन गिल (7) दूसरे नंबर पर हैं। विराट और शुभमन गिल के बीच सिर्फ एक शतक का फासला है। अगर शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 टी20 मैच या 3 वनडे मैच की सीरीज में एक शतक भी लगाते हैं तो वे विराट कोहली की बराबरी कर लेंगे। अगर शुभमन इन 6 मैचों में 2 शतक लगा दें तो विराट को पीछे छोड़ देंगे। फैंस जानते हैं कि विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 या वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे। कोहली सीधे टेस्ट सीरीज में जुड़ेंगे, जहां शुभमन भी उनके साथ होंगे।

अब पूरी संभावना बन रही है कि शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर विराट के मुकाबले 6 मैच ज्यादा खेलेंगे। साल 2023 में ज्यादा शतक लगाने की लिस्ट विराट कोहली और शुभमन गिल के बाद डेरिल मिचेल तीसरे नंबर पर हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने इस साल तीनों फॉर्मेट को मिलाकर 6 शतक लगाए हैं। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे 5-5 शतक लगाकर संयुक्त रूप से चौथे नंबर पर हैं। एक कैलेंडर ईयर में सबसे अधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 1998 में 12 शतक लगाए थे।




# फ्रेंचाइजी क्रिकेट जैसा ही खेलें: सूर्यकुमार यादव



**डरबन (एजेंसी)।** टी-20 टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैंने खिलाड़ियों से कहा कि वे वैसा ही क्रिकेट खेलें जैसा वे फ्रेंचाइजी क्रिकेट में खेलते हैं। सूर्यकुमार ने रविवार को स्वीकार किया कि विश्व कप फाइनल में मिली निराशाजनक हार को भुलाना काफी मुश्किल है। भारतीय कप्तान ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला में मिली जीत को दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली करार दिया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होने से पहले घरेलू मैदान पर पांच मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को 4-1 से शिकस्त दी। गौरतलब है कि सूर्यकुमार चोटिल हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रहे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 की पूर्व संध्या पर कहा कि विश्व कप की हार निराशाजनक थी और इसे भुला पाना काफी मुश्किल है। लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में मिली जीत मनोबल बढ़ाने वाली थी, हालांकि यह अलग प्रारूप में मिली थी।

सूर्यकुमार ने कहा कि मैंने खिलाड़ियों से कहा कि वे वैसा ही क्रिकेट खेलें जैसा वे फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते हैं। सूर्यकुमार ने टीम संयोजन के बारे में कुछ नहीं बताया और कहा कि संयोजन हमारे दिमाग में है। हम जानते हैं कि कल कौन पारी का आगाज करेगा और शायद हम आज अभ्यास सत्र के बाद ही अंतिम फैसला करें। हां, हमारे पास छठे गेंदबाज के काफी विकल्प हैं। कप्तानी के बारे में उन्होंने कहा कि मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। बस खिलाड़ियों को एकजुट रखना होता है और यह ग्रुप काफी अच्छा है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नई गेंद ही दिलाएगी भारत को जीत: इरफान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नई गेंद ही भारत को जीत दिलाएगी। गौरतलब है कि टीम को दोनों पारियों में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दौरान नई गेंद की चुनौती का सामना करना होगा। बता दें कि भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट खेलना है। पहला टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन में तो दूसरा 3-7 जनवरी तक केप टाउन में होना है। 2 टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीतने के बाद यह 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की भारत की दूसरी सीरीज है। इरफान पठान ने एक शो के दौरान कहा कि देखो, उन्हें जीत के लिए मंत्र की खोज करनी होगी और मुझे लगता है कि यह मंत्र नई गेंद में है। जब आप नई गेंद से अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं तो आप सच पर जीत हासिल कर लेते हैं। इससे आपके लिए चीजें आसान हो जाएंगी। वैसे भी दक्षिण अफ्रीका में सबसे मुश्किल काम बल्लेबाजी करते वक्त नई गेंद का सामना करना ही है। गौरतलब है कि भारत ने आखिरी बार दक्षिण अफ्रीका में दिसंबर 2021-जनवरी 2022 में टेस्ट श्रृंखला खेली थी। भारत ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट जीता था लेकिन इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने जोहान्सबर्ग और केप टाउन टेस्ट जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली थी। इरफान पठान ने कहा कि मैंने पाया कि पिछली बार जब हमने वह खेला था और टेस्ट श्रृंखला जीती थी तब हम उनके खिलाफ जीते थे, जिस तरह से हमने दूसरे और तीसरे स्पैल में गेंदबाजी की थी, हम एक गेंदबाजी इकाई के रूप में थक गए थे। इस बार भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और मुकेश कुमार तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। बल्लेबाजी में कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और ईशान किशन मौजूद हैं।

# इंग्लैंड के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन जारी, वेस्टइंडीज ने 2-1 से जीती वनडे सीरीज

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** कीसी कार्टी के अर्धशतक और रोमारियो शेफर्ड की 28 गेंदों पर 41 रन की पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती।

बारिश के कारण मैच को पहले 43 और फिर बाद में 40 ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन फिर से जारी रहा और उसकी टीम 40 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन ही बना पाई। बारिश के कारण वेस्टइंडीज की पारी शुरू होने में देर लगी, जिससे उसके सामने 34 ओवर में 188 रन का लक्ष्य रखा गया। वेस्टइंडीज ने 31.4 ओवर में छह विकेट पर 191 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की तरफ से शेफर्ड के अलावा कार्टी ने 50 और एलिस अथनेज ने 45 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। तेज गेंदबाज मैथ्यू फोर्ड ने 29 रन देकर तीन विकेट लेने के अलावा नाबाद 13 रन भी बनाए और वनडे में उन्हें पदार्पण पर ही मैन ऑफ द मैच चुना गया। शेफर्ड और फोर्ड ने 69 रन की अटूट साझेदारी की। इससे पहले इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर 5 विकेट पर 49 रन था। इसके बाद बेन डकेट (71) और लियम लिविंगस्टोन (45) विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। वेस्टइंडीज की तरफ से फोर्ड के अलावा अलजारी जोसेफ ने 61 रन देकर तीन और शेफर्ड ने 50 रन देकर दो विकेट लिए।




## इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, इन 15 खिलाड़ियों को मिली जगह

लंदन ।टी20आई सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित कर दी गई है। रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम में 35 वर्षीय बल्लेबाजी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को भी शामिल करने की घोषणा की है। साथ ही कैरेबियाई हिटमैन को भी लगभग दो साल बाद बुलाया गया है। पहला टी20 मैच बारबाडोस में होगा। वहीं, अगले दो मैच ग्रेनाडा में होने हैं। अंतिम दो मैच त्रिनिदाद में खेले जाएंगे। रोवमैन पॉवेल पांच मैचों की श्रृंखला में कैरेबियाई टीम का नेतृत्व करेंगे जो 13 दिसंबर से शुरू होगी और 22 दिसंबर को समाप्त होगी। टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप को उप-कप्तान बनाया गया है। इस बीच निकोलस पूरन और जेसन होल्डर जिन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए नहीं बुलाया गया था उन्हें 15 सदस्यीय टीम में रखा गया है। बॉलिंग-ऑलराउंडर गुडाकेश मोती अपने तीन मैचों में चार विकेट लेने के बाद एकदिवसीय श्रृंखला में प्रभावित किया था, को भी पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला में रखा गया है। टीम की घोषणा करते हुए क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि यूएसए के साथ 2024 टी20 विश्व कप की मेजबानी करने से पहले यह साल की उनकी आखिरी टी20आई श्रृंखला होगी। हेन्स ने कहा ?कि यह 2023 में वेस्टइंडीज के लिए अंतिम घरेलू टी20आई श्रृंखला होगी क्योंकि वे जून 2024 में वेस्टइंडीज और यूएसए में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए दो मेजबान टीमों में से एक बनने की तैयारी कर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले पांच मैचों की टी20आई सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम में रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप (उपकप्तान), रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्डे, शिम्रोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड को शामिल किया गया है।

# वीजा नहीं मिलने से पाकिस्तानी टीम के पास ऑस्ट्रेलिया में नहीं हैं चिकित्सक

कराची ।पाकिस्तानी टीम के पास आस्ट्रेलिया में इस समय कोई चिकित्सक नहीं हैं। इसकी वजह वीजा और पासपोर्ट नहीं मिलना बताया जा रहा है। यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया गई पाकिस्तान की सीनियर टीम के पास कोई भी चिकित्सक नहीं है। जबकि अंडर-19 टीम बिना टीम मैनेजर के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंची है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे के लिए सोहेल सलीम को टीम का आधिकारिक चिकित्सक नियुक्त किया गया था लेकिन वह अभी तक टीम से नहीं जुड़ पाए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अभी डॉक्टर सलीम के लिए वीजा हासिल करने का प्रयास कर रहा है। वीजा मिलने के तुरंत बाद ही वह पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट मैच में टीम से जुड़ जाएंगे। अंडर 19 पर उन्होंने कहा कि पूर्व टेस्ट बल्लेबाज शोएब मोहम्मद को यूएई में एशिया कप में भाग ले रही पाकिस्तान की जूनियर टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया था लेकिन वह भी टीम के साथ नहीं जा पाए। सूत्रों ने कहा कि शोएब के पासपोर्ट की समय सीमा खत्म हो गई थी और बोर्ड उसे सुलझाने में लगा है। उम्मीद है कि वह जल्द ही यूएई में टीम से जुड़ जाएंगे। इतना ही नहीं अबरार अहमद की जगह पाकिस्तान की टीम में चुने गए ऑफ स्पिनर साजिद खान भी वीजा कारणों से ऑस्ट्रेलिया नहीं जा सके हैं।




# इंग्लैंड से हार के बाद दीप्ति शर्मा ने पिच पर दोष मढ़ने से किया परहेज




मुंबई। इंग्लैंड से हार के बाद भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा कि हमें पिच पर दोष नहीं मढ़ना चाहिए। उन्होंने अपनी टीम के लचर बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए पिच पर दोष मढ़ने से परहेज करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए तैयार किया गया विकेट उतना चुनौतीपूर्ण नहीं था जितना कि वह लग रहा था। भारतीय टीम शनिवार को खेले हुए मैच में 16.2 ओवर में केवल 80 रन ही बना पाई। पहला मैच 38 रन से गंवाने वाली भारतीय टीम दूसरे मैच में चार विकेट से हार गई जिससे इंग्लैंड तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने में सफल रहा। दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि पिच इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं थी कि उसमें केवल 70 या 80 रन ही बन पाते। हमें कुछ और रन बनाने चाहिए थे जिससे हमारा स्कोर 110-115 के आसपास पहुंच जाता। उन्होंने कहा कि अगर हमने बीच में साझेदारियां निभाई होती तो हम अच्छे स्कोर तक जरुर पहुंच सकते थे। अब हम इससे सबक लेकर अगले मैच में उतरेंगे। भारतीय प्लेयर दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने इंग्लैंड को आसानी से लक्ष्य तक नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने कहा कि हम मैच को जितना संभव हो उतना खींचना चाहते थे और गेंदबाजों ने अच्छी भूमिका निभाई। हमने पूर्व में भी इस तरह के मैच खेले हैं। हम सकारात्मक बने रहना चाहते थे। दीप्ति ने कहा कि पहले मैच के लिए विकेट बेहतर था और गेंद अच्छी तरह से बल्ले पर आ रही थी। दूसरे मैच की तुलना में पहले मैच में हमारे लिए बल्लेबाजी करना आसान था।

# युवराज सिंह को 2011 विश्वकप जीत का क्रेडिट नहीं मिला: गंभीर


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अभी तक एक दिवसीय विश्वकप दो बार जीता है, दूसरी बार महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2011 में जीता था। भारत के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने कहा है कि 2011 में भारत को विश्व कप जिताने में उनकी भूमिका के लिए पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को उचित श्रेय नहीं मिला है। युवराज ने 2011 विश्व कप में 362 रन बनाए और 15 विकेट हासिल किए। उन्होंने इस पूरी प्रतियोगिता में चार प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिला था, वही संख्या जो श्रीलंका के अरविंद डी सिल्वा ने 1996 में, दक्षिण अफ्रीका के लांस क्लूजनर ने 1999 में और हमवतन रोहित शर्मा ने 2019 में जीते थे। गौतम गंभीर ने कहा कि आप यह जानते हैं। आप कृपया मुझे बताएं कि एक खिलाड़ी युवराज सिंह जो 2011 में मैन ऑफ द टूर्नामेंट थे, कितने लोग उनके बारे में बात करते हैं। क्यों? शायद उनके पास कोई अच्छी पीआर एजेंसी नहीं है। शायद उनके लिए अंडररेटेड शब्द अनुचित है। इसे वास्तव में कम दिखाया गया है, यदि आप लोगों को नहीं दिखाएंगे, तो उन्हें पता नहीं चलेगा। अगर आप एक व्यक्ति को ही दिखाते रहेंगे, तो वह एक ब्रांड बन जाएगा।



विश्व कप 2011 फाइनल में 97 रन बनाने वाले गौतम गंभीर का मानना ??है कि अगर एक व्यक्ति को हर समय दिखाया जाएगा और बाकी को कम दिखाया जाएगा, तो केवल एक ही व्यक्ति को सारी सुर्खियां मिलेंगी और दूसरे व्यक्ति को श्रेय नहीं मिलेगा। वह इसके लायक है। गंभीर ने कहा कि अगर आज मेरे पास मशीनरी है और मुझे 2 व्यक्तियों को चुनना है, जहां मैं एक व्यक्ति को 2 घंटे और 50 मिनट के लिए और दूसरे व्यक्ति को केवल 10 मिनट के लिए दिखाऊंगा, तो 2 घंटे और 50 मिनट के लिए दिखाया गया एक व्यक्ति एक ब्रांड बन जाएगा। जब आपने दूसरे व्यक्ति को नहीं दिखाया, तो आपने दूसरे व्यक्ति को महत्व नहीं दिया। जब तक आप दूसरे व्यक्ति को महत्व नहीं देते तो देश उन्हें कैसे महत्व देगा।

गौरतलब है कि गौतम गंभीर ने भारत के लिए 147 एकदिवसीय मैचों में 39.68 की औसत से 11 शतक और 34 अर्द्धशतक के साथ 5,238 रन बनाए हैं। वह 37 टी20 में 27.41 की औसत से 932 रन बना चुके हैं। वहीं उन्होंने 58 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 41.95 की औसत से 4,154 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 104 पारियों में 9 शतक और 22 अर्द्धशतक बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 206 रहा। वह मार्च 2009 से अप्रैल 2010 के बीच लगातार 5 टेस्ट मैचों में शतक बनाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने 2009 में आईसीसी टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता।

# लिवरपूल ने क्रिस्टल पैलेस को 2-1 से हराया, प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर पहुंचा




लंदन। हार्वे इलियट के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से लिवरपूल ने क्रिस्टल पैलेस को 2-1 से हराया, जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। मोहम्मद सलाह ने प्रीमियर लीग में अपना 150वां और लिवरपूल की तरफ से सभी प्रतियोगिताओं में 200वां गोल करके लिवरपूल को बराबरी दिलाई थी। इसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी इलियट ने 91वें मिनट में विजयी गोल दागा। क्रिस्टल पैलेस को जीन फिलिप माटेटा ने 57वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके बढ़त दिलाई थी। लिवरपूल इस जीत से आर्सेनल से एक अंक आगे हो गया है। आर्सेनल को एस्टन विला ने 1-0 से हराया। लिवरपूल के अब 16 मैच में 37 अंक हो गए हैं जबकि आर्सेनल के इतने ही मैचों में 36 अंक हैं। एस्टन विला के 35 अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है।

# श्रीसंत के आरोप पर पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर खुलकर आए सामने

## -विराट कोहली, शाहिद अफरीदी, नवीन उल हक से जुड़ी कंट्रोवर्सी पर की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर कंट्रोवर्सी को लेकर खुलकर सामने आए हैं। श्रीसंत के गंभीर आरोप लगाने के बाद उन्होंने अनेक अनकहे रहस्यों पर से पर्दा उठाया है। उन्होंने एक शो के दौरान विराट कोहली, शाहिद अफरीदी और नवीन उल हक से जुड़े अनचाहे किस्सों का जिक्र करते हुए असलियत बताने की कोशिश की। गंभीर ने इससे पहले कहा कि भारतीय दर्शक सितारा क्रिकेटर के मुरीद हो जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्रिकेट विश्व कप 2011 में भारतीय टीम की जीत का जो श्रेय युवराज सिंह को मिलना चाहिए था, वह उन्हें नहीं मिल पाया। गंभीर ने इस दौरान और भी मुद्दे पर अपनी बात रखी। गंभीर ने विराट कोहली का नाम लेने पर दर्शकों को अभद्र इशारा करने से साफ इंकार कर दिया। गंभीर ने उस किस्से को याद करते हुए कहा कि अगर मैं वहां जा रहा हूं और कुछ प्रशंसक इशारा करते हैं और हिंदुस्तान मुर्दाबाद कहते हैं और सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें एक बार ऐसा नहीं करने के लिए कहा है, तो मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने गलत इशारा किया है। हर कोई अलग तरह से प्रतिक्रिया करता है, हर किसी की मानसिकता अलग होती है। गौतम गंभीर ने कहा कि अगर कोई सुनना नहीं चाहता है तो आप प्रतिक्रिया देते हैं और मैं स्वीकार कर रहा हूं कि मुझे ऐसा इशारा नहीं करना चाहिए था। गंभीर ने घटनाक्रम के बाद आई मीडिया रिपोर्ट्स पर कहा कि कुछ पत्रकारों ने केवल प्रतिक्रिया दी है। यह भी कहा गया कि यह भारत-पाकिस्तान मैच था लेकिन ऐसा नहीं था, कोई स्पष्टीकरण नहीं था। मीडिया के एक वर्ग ने केवल एक प्रतिक्रिया दिखाई लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। आईपीएल की घटना से आगे बढ़ें; आप इसे जारी रखना चाहते हैं। ऐसा कहा गया था कि एक व्यक्ति के नाम का जाप किया जा रहा था और इसीलिए मैंने इस तरह से प्रतिक्रिया दी। लोग किसी के भी नाम का जाप कर सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं झगड़ों को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेता। लेकिन हां, जब किसी के द्वारा मेरे देश को गाली देने की बात आती है, तो मुझे वैसे भी प्रतिक्रिया देने का अधिकार है। गंभीर ने कहा कि मैं शायद अधिक समझदार तरीके से चाहता हूं, लेकिन जो चीजें लिखी और बोली गईं, वे गलत थीं। जब भी भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होता है तो हमेशा शाहिद अफरीदी के साथ मेरी लड़ाई दिखाते हैं। क्या और झगड़े नहीं हुए। कुछ सकारात्मक दिखाओ। यह दिखाओ कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप कब जीता है। 1984 में भारत ने शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को 54 रनों से हराकर अपना पहला एशिया कप खिताब जीता था। गौतम गंभीर और शाहिद अफरीदी के बीच 2009 में कानपुर वनडे के दौरान लड़ाई हुई थी। इसके बाद गंभीर का अफरीदी पर बयान चर्चा में आया था कि अफरीदी की उम्र तो बढ़ी रही है, लेकिन मानसिक रूप से वह अभी भी 16 साल के हैं। अफरीदी के साथ अपने विवाद के बारे में बात करते हुए गंभीरने कहा कि वह बहुत पहले ही इससे आगे बढ़ चुके हैं और अगर वे इसी पर कायम रहना चाहते हैं तो पूर्व खिलाड़ी को इससे पूरी तरह से कोई दिक्कत नहीं है।

# जिम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर रजा समेत 2 पर लगा बैन

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिसंघ (आईसीसी) ने जिम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर राजा पर 2 मैचों का प्रतिबंध लगा दिया है। सिंकदर राजा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में आचार संहिता की लेवल-1 का उल्लंघन के दोषी पाए जाने के कारण 2 मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है। खबरों के अनुसार जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में हुए पहले टी20 मैच में रजा के अलावा आयरलैंड के खिलाड़ी कर्टिस केम्फर और जोस लिटिल को भी आईसीसी की आचार संहिता के उल्लघंन का दोषी पाया गया और इसके लिए उन दोनों पर भी 2 मैच खेलने पर पाबंदी लगाई गई है। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा पर उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और 2 डिमेरिट अंक दिए गए है, जिसका अर्थ है कि उनके नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके संचित डिमेरिट अंक चार तक पहुंचने के बाद उन्हें मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला के शेष 2 मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है। आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा कि इन तीनों को आईसीसी आचार संहिता की लेवल-1 का उल्लंघन करते पाया गया था, जो 'खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है। हालांकि कप्तान रजा के शानदार खेल की बदौलत जिम्बाब्वे ने यह मैच 1 विकेट से जीत लिया था। आईसीसी द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया कि कैंपर और लिटिल पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और प्रत्येक को एक डिमेरिट अंक प्राप्त हुआ है, जो 24 महीने के भीतर एक मैच खेलने से वंचित रहेंगे। कैंपर और लिटिल ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और आईसीसी मैच रेफरी के एमिरेट्स एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित मंजूरी को स्वीकार कर लिया और इस तरह से अब औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं रही। वहीं सिकंदर रजा ने भी अपनी गलती मान ली है, पर पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार नहीं किया है। इस मामले में शुक्रवार को औपचारिक सुनवाई में मंजूरी की पुष्टि की गई। कप्तान रजा ने कहा कि कैम्फर और लिटिल ने उस पर हमला करने के उद्देश्य से अपना बल्ला दिखाने और अंपायर को दूरी बनाने को बोला था। जिन्होंने स्थिति को शांत करने की कोशिश की थी।

# हार्दिक की वापसी को लेकर बीसीसीआई का बड़ा अपडेट, जैसे ही फिट होंगे हम बता देंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के जांबाज व दुनिया के बेस्ट ऑलराउंडर्स में से एक हार्दिक पंड्या की वापसी को लेकर बीसीसीआई ने बड़ा अपडेट दिया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि जैसे ही वह फिट होंगे तो हम बता देंगे। गौरतलब है कि वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल हो गए। भारतीय टीम के लिए हार्दिक एक अहम खिलाड़ी ही नहीं बल्कि टी20 में टीम के कप्तान भी हैं। लेकिन आगामी टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी के लिए रोहित शर्मा पर कयास लगाए जा रहे हैं। हिटमैन ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद छोटे प्रारूप कप्तानी नहीं की है। लेकिन रोहित शर्मा कैप्टैंसी को लेकर क्या प्लान है और हार्दिक पंड्या कब वापसी कर सकते हैं, इन दोनों सवालों के उत्तर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने दे दिए हैं। वुमेन प्रीमियर लीग के ऑक्शन के चलते 9 दिसंबर को माहौल गर्म रहा। इस दौरान जय शाह ने मेंस क्रिकेट टीम के बारे में भी अपने विचार रखते हुए रोहित शर्मा की कप्तानी को लेकर कहा कि अभी स्पष्टता की आवश्यकता नहीं है। टी20 वर्ल्ड कप जून में शुरू हो रहा है, हमारे पास उससे पहले आईपीएल है और अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज है। हम देख रहे हैं कि वह एनसीए में ही है और काफी मेहनत कर रहे हैं। जैसे ही वह फिट होंगे हम आपको उचित समय पर बता देंगे। उन्होंने कहा कि वह अफगानिस्तान श्रृंखला से पहले भी फिट हो सकते हैं।' गौरतलब है कि टीम इंडिया टी20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका दौरे पर पहुंच चुकी है। टी20 सीरीज का आगाज हो चुका है। इस सीरीज में टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव के हाथों में है।

टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मो। सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर शामिल हैं।







# अमेरिका में भारी भीड़ के बीच घिरे एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा

फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल एक सप्ताह पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे पहले दिन ही ब्लॉकबस्टर हिट घोषित कर दिया गया था। विजय देवरकोंडा की अर्जुन रेड्डी और शाहिद कपूर की कबीर सिंह के बाद एनिमल संदीप की तीसरी निर्देशित फिल्म है। केवल तीन फिल्मों के साथ संदीप ने इंडस्ट्री में और लोगों के बीच अच्छी खासी फैन फॉलोइंग बना ली है।

हाल ही में उन्हें अमेरिका में भीड़ ने घेर लिया और उनके नाम का नारा लगाने लगे। संदीप हाल ही में एक कार्यक्रम के लिए डलास, टेक्सास में थे, जब भारी भीड़ ने उन्हें घेर लिया। जैसे ही संदीप कार्यक्रम स्थल से निकलने की कोशिश कर रहे थे, लोगों की भारी भीड़ ने उन्हें घेर लिया, जिससे उनका बाहर निकलना मुश्किल हो गया। भीड़ ने फिल्म निर्माता का नाम भी जपना शुरू कर दिया। इसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे पहले एनिमल के प्रमोशन के दौरान एक संदीप ने कहा था कि वह और रणबीर पहले ही एक और बहुत डार्क विचार के बारे में बात कर चुके हैं और अगर एनिमल सफल होती है तो वे उसी पर सहयोग करेंगे। झसंदीप ने कहा था, भगवान की कृपा से अगर एनिमल सफल होती है तो यह निश्चित रूप से होगा। मेरे और रणबीर के पास साथ काम करने का एक और विचार है। आगामी प्रोजेक्ट और भी डार्क है। हमने सोचा कि अगर यह काम करता है तो हमें निश्चित रूप से अत्यधिक डार्क फिल्म की तैयारी करनी चाहिए। संदीप रेड्डी वांगा ने एनिमल पोस्ट–क्रेडिट सीक्वेंस में अगली कड़ी का संकेत दिया, जिसे उन्होंने एनिमल पार्क कहा। यह ब्लॉकबस्टर फिल्म एक बेहद हिंसक दृश्य में पेशेवर कसाई अजीज हक की भूमिका के साथ समाप्त हुई, जिसे रणबीर कपूर ने दोहरी भूमिका में निभाया था। रणबीर के रणविजय सिंह ने एनिमल में अनिल कपूर द्वारा निभाए गए अपने पिता बलबीर सिंह की रक्षा के लिए अजीज के भाइयों अबरार हक और असरार हक (बॉबी देओल और बब्लू पृथ्वीराज द्वारा अभिनीत) की हत्या कर दी और अब अजीज रणविजय और उनके परिवार से अपना बदला लेना चाहता है। वहीं बात करें फिल्म की तो एनिमल रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।

फिल्म अब तक 361.08 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल फिल्म एक दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। एनिमल में रणबीर कपूर के साथ अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना समेत कई दिग्गज सितारों ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

# टॉक्सिक में नजर आएंगे साउथ स्टार यश, फिल्म का टीजर हुआ रिलीज

साउथ फिल्मों के रॉकिंग स्टार यश को फिल्म केजीएफ से दुनियाभर में जबरदस्त लोकप्रियता मिली है। बीते दिनों यश ने अपनी नई फिल्म की घोषणा की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म के टाइटल का खुलासा नहीं किया था। वहीं अब यश ने इस फिल्म के टाइटल से पर्दा उठाते हुए टीजर भी रिलीज कर दिया है। रॉकिंग स्टार यश की अगली फिल्म का नाम टॉक्सिक – ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन–अप्स है। यह फिल्म गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनाई जा रही है। इस फिल्म का प्रोडक्शन केवीएन प्रोडक्शंस कर रही है। निर्माता श्री वेंकट के नारायण ने कहा, हम अब तक की अपनी सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए रॉकिंग स्टार यश के साथ सहयोग करके खुश हैं। इसमें समय लगा क्योंकि यश और गीतू ने एक मजबूत कथा और बड़े पैमाने पर एक्शन के साथ कुछ गतिशील करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मैं इस शानदार और विशाल फिल्म को देखने के लिए दुनिया का इंतजार नहीं कर सकता जो हम बना रहे हैं। गीतू मोहनदास ने कहा, मैंने हमेशा अपनी कहानियों की शैली के साथ प्रयोग किया है। हालांकि लायर्स डाइस और मूथॉन को अंतरराष्टीय स्तर पर अच्छा स्वागत मिला, लेकिन मैं हमेशा अपने देश में अपने दर्शक ढूंढने के लिए उत्सुक रहा हूं। यह प्रोजेक्ट उसी सोच से तैयार किया है। यह फिल्म दो विपरीत दुनियाओं और कहानी कहने के सौंदर्यशास्त्र का एक संयोजन है और मुझे यश मिला। जो सबसे शानदार कलाकारो में से एक है, मैं उससे मिला हूं और मैं हमारी टीम के इस जादुई सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।



# स्टोलन ने हासिल की एक और उपलब्धि, अब केरल के 28वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा प्रीमियर

बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बनर्जी की मुख्य भूमिका वाली बेहतरीन थ्रिलर फिल्म स्टोलन कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में तारीफें हासिल कर चुकी है। स्टोलन, जंगल बुक स्टूडियो के संस्थापक गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित और करण तेजपाल द्वारा निर्देशित है। अभिषेक बनर्जी की मुख्य भूमिका वाली, स्टोलन कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में जबरदस्त हिट रही है और वेनिस फिल्म फेस्टिवल 2023 में शानदार समीक्षा और स्टैंडिंग ओवेशन हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म बन गई है। फिल्म को बीएफआई लंदन, ज्यूरिख और एसएक्सएसडब्ल्यू सिडनी में भी जोरदार स्वागत मिला, इसके बाद हाल ही में 14 और 18 नवंबर को स्टॉकहोम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में डिस्कवरी- पावरफुल स्टोरीज फॉम डेब्यूटिंग डायरेक्टर्स श्रेणी के तहत इसका प्रीमियर हुआ। जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में शानदार भारत प्रीमियर के बाद, स्टोलन अब केरल के आगामी 28वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फेस्टिवल कैलीडोस्कोप अनुभाग के तहत एक विशेष प्रीमियर में दिखायी जाएगी। यह फेस्टिबल 8 से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाला है।



# रश्मिका ने फिल्म के एक सप्ताह पूरे होने पर जताया

बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर स्टारर एनिमल सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म में रणबीर कपूर के साथ रश्मिका मंदाना अहम किरदार में नजर आई हैं। उन्होंने फिल्म में रणबीर की पत्नी की भूमिका निभाई है। फिल्म को रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा हो गया है। ऐसे में रश्मिका ने अपने किरदार को लेकर एक नोट लिखा है और अपने फैंस का आभार व्यक्त किया है। रश्मिका मंदाना ने शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह अपने चरित्र को गहन और गंभीर के शूट करती नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में रश्मिका निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के पास बैठी हैं और मॉनिटर पर उनके शॉट्स देख रही हैं। वहीं तीसरी फोटो निर्देशक की मध्यस्थता में रश्मिका और रणबीर कपूर के बीच फिल्माए जा रहे एक सीन की है। तस्वीरें साझा कर रश्मिका ने लिखा, गीतांजलि। अगर मैं एक वाक्य में उसका वर्णन करूं, तो वह घर की एकमात्र ताकत होगी जो परिवार को एक साथ जोड़े रखेगी। वह शुद्ध, वास्तविक, अनफिल्टर्ड, मजबूत और कच्ची है। कभी–कभी एक अभिनेता के रूप में, मैं गीतांजलि के कुछ कामों पर सवाल उठाती थी। अभिनेत्री ने कहा, मुझे याद है कि मेरे निर्देशक ने मुझसे कहा था, यह कहानी रणविजय और गीतांजलि की थी। यह उनका प्यार और जुनून था। उनका परिवार और उनका जीवन यही वे हैं। रश्मिका मंदाना ने आगे कहा, सभी तरह की हिंसा, चोट और असहनीय दर्द से भरी दुनिया में गीतांजलि शांति, विश्वास और शांति लाएगीं। वह अपने पति और बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए अपने भगवान से प्रार्थना करेगीं। वह वह चट्टान थीं जिसने सभी का सामना किया। उन्होंने कहा, गीतांजलि मेरी नजर में बेहद खूबसूरत हैं। कुछ मायनों में वह उन ज्यादातर महिलाओं की तरह हैं जो मजबूती से खड़ी हैं और दिन–ब–दिन अपने परिवार की रक्षा कर रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने एनिमल के एक सप्ताह पूरे होने पर फिल्म की टीम को बधाई दीं। हमारी एनिमल टीम को एक सप्ताह की शुभकामनाएं। आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। यही मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है और हर फिल्म के साथ मुझे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। आप सभी को भी बड़ा आलिंगन।

# द आर्चीज के लिए प्यार और सराहना पाकर बेहद खुश हैं अदिति सहगल

जोया अख्तर की द आर्चीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म से सुहाना खान, अगस्त्य नंदा और खुशी कपूर ने एक्टिंग डेब्यू किया है। इस फिल्म ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। फिल्म को हर तरफ से प्यार मिल रहा है। इस म्यूजिकल में एथेल का किरदार नवोदित अभिनेत्री–कलाकार अदिति सहगल उर्फ डॉट भी अहम किरदार निभा रही हैं। जिन्हें अपने डेब्यू के लिए खूब तारीफें मिल रही हैं!



डॉट फिल्म में अपने महत्वपूर्ण संगीत योगदान से शहर में चर्चा का विषय बन गई हैं। उन्होंने ख़ुशी कपूर पर फिल्माए गए सभी चार डियर डायरी थीम्स को लिखा और गाया है, साथ ही बेट्टी (खुशी कपूर) के किरदार को अपनी आवाज़ दी है और एसिमिट्रिकल गीत गाया और संगीतबद्ध किया है। उन्होंने अन्य दो चार्टबस्टर्स ढिशूम ढिशूम और सुनोह भी गाए हैं। डॉट कहती हैं, द आर्चीज में अपनी भूमिका के लिए इतना प्यार और सराहना प्राप्त करना अद्भुत लगता है। जोया ने मुझमें फिल्मी दुनिया के बारे में इतनी उत्सुकता जगाई है कि मैं इसे गहराई से जानने और यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि अभिनय और संगीत दोनों के माध्यम से मेरा करियर कैसे आकार ले सकता है। उन्होंने कहा, संगीत की जड़ों से आने के कारण, आर्चीज़ मेरे लिए एकदम सही शुरुआती बिंदु की तरह लग रहा था क्योंकि मुझे संगीतमय/गीतात्मक रूप से (डियर डायरी एसिमिट्रिकल और सुनोह के माध्यम से) योगदान देने का मौका मिला, साथ ही स्क्रीन पर जिद्दी एथेल की भूमिका निभाने का भी मौका मिला। अदिति कहती हैं, मैं इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी और मैं इन दोनों रचनात्मक क्षेत्रों के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने की इच्छा रखूंगी। दो अविश्वसनीय वर्षों तक सेट पर काम करने, पागलों की तरह रिहर्सल करने और बहुत कुछ सीखने के बाद – मेरे पास केवल कृतज्ञता बची है। जोया जैसी दूरदर्शी के साथ काम करने के लिए आभार, अविश्वसनीय कलाकारों, क्रू और संगीत टीम के लिए आभार, काम से जुड़ने वाले प्यारे लोगों के लिए आभार। बता दें कि अदिति सहगल को उनके स्टेज के नाम डॉट से भी जाना जाता है। अदिति एक भारतीय सिंगर और गीतकार हैं। अदिति अपने इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर गाए हुए गानों को पोस्ट करती रहती हैं। द आर्चीज में एक अभिनेत्री के रूप में यह अदिति की पहली फिल्म है।

# करण जौहर ने गुप्त रूप में शूट किया था कुछ कुछ होता है का यह सीन, शाहरुख-काजोल भी हो गए थे हैरान



करण जौहर ने खुलासा किया कि उन्होंने कुछ कुछ होता है में शाहरुख और काजोल का एक सीन उन्हें बिना बताए गुप्त रूप से शूट किया था, जिस पर सब हैरान रह गए थे। करण जौहर ने हाल ही में शाहरुख खान और काजोल के साथ अपनी पहली फिल्म कुछ कुछ होता है में काम करने को याद किया। फिल्म निर्माता ने खुलासा किया कि उन्होंने एक बार फिल्म में एक महत्वपूर्ण दृश्य के लिए मुख्य अभिनेताओं को गुप्त रूप से फिल्मा कर अपने पिता यश जौहर को आश्चर्यचकित कर दिया था। करण ने खुलासा किया कि जहां शाहरुख खान का किरदार राहुल और काजोल का किरदार अंजलि आठ साल बाद फिर से मिलते हैं, वह दृश्य उन दोनों को बिना बताए गुप्त रूप से शूट किया गया था।

हाल ही में दिए साक्षात्कार में उन्होंने खुलासा करते हुए कहा, मैंने शाहरुख और काजोल को दृश्य समझाया और माहौल के लिए मैंने एक गाना बजाया। दोनों ने फ्रेम में आकर प्रदर्शन किया, लेकिन रिहर्सल शुरू होने से पहले मैंने अपने डीओपी संतोष को कैमरा रोल करने के लिए कहा। हमारा काम पूरा होने के बाद मैंने कहा कट करो। शाहरुख ने पूछा, अब हम टेक करेंगे? मैंने कहा, नहीं, हमने रोल किया है। इसके बाद वे हैरान हो गए। इसके बाद करण ने बताया कि उनके पिता की इस पर क्या प्रतिक्रिया थी। करण ने कहा, मेरे पिता कहते थे कि बेटा तू घर जा और सोजा। हो गया ना काम।

किसी भी बात की चिंता मत करो। इसके बाद करण जौहर ने कहा कि उन्होंने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग के दौरान भी कुछ ऐसा ही किया था। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के बीच बातचीत की केमिस्ट्री बहुत अच्छी है। जरूरत पड़ने पर वे एक–दूसरे को समय देते हैं, जरूरत पड़ने पर एक–दूसरे पर बोलते हैं, दो कलाकार एक–दूसरे के साथ इतने तालमेल में हैं। दोनों के बीच इस केमिस्ट्री को देखने के बाद ही करण ने सिंगल कंटीन्यूअस लेंथ शॉट्स का विकल्प चुना, जहां रानी बताती हैं कि वे एक–दूसरे से शादी क्यों नहीं कर सकते और रॉकी कहते हैं कि ध्यान से संभालो, मैं नाजुक हूं।

### जल्दी खत्म हो गई थी शूटिंग

करण ने कहा, यह स्वाभाविक रूप से हुआ। एक शॉट इतना अच्छा था कि हमने दोपहर एक बजे तक काम पूरा कर लिया था। हमने उस दिन के लिए और कुछ योजना नहीं बनाई थी। मैंने पैक अप के लिए फोन किया और अपूर्वा का हड़बड़ाहट भरा फोन आया, जिसने कहा कि आपने पूरे दिन शूटिंग नहीं की। मैंने कहा कि मुझे इसकी जरूरत नहीं थी।



# कोंकणा की निर्देशन प्रतिभा के कायल हुए करण जौहर

कोंकणा सेन ने बॉलीवुड की कई चर्चित फिल्मों में अपने अभिनय से रूबरू कराया है। कोंकणा बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री हैं और अभिनय के साथ–साथ अपने निर्देशन से भी दर्शकों के बीच लोकप्रिय हैं। इस साल आई सीरीज लस्ट स्टोरीज 2 के एक सेगमेंट द मिरर का निर्देशन उन्हीं ने किया, जिसे काफी पसंद किया गया। हाल ही में करण जौहर भी कोंकणा सेन की तारीफ करते नजर आए। हाल ही में एक मीडिया बातचीत में करण जौहर और कोंकणा सेन शर्मा दोनों शामिल हुए। इस दौरान करण जौहर ने कोंकणा सेन के निर्देशन की दिल खोलकर तारीफ की। इस दौरान करण जौहर ने लस्ट स्टोरीज 2 में कोंकणा सेन शर्मा द्वारा निर्देशित द मिरर के समापन दृश्य पर खासतौर से बात की, जिसमें तिलोत्तमा शोम और अमृता सुभाष की मुलाकात एक सब्जी वाले के पास होती है। करण जौहर ने कहा कि उन्होंने किसी सब्जी विक्रेता के यहां प्रतिभा का इससे ज्यादा शानदार दृश्य नहीं देखा है। करण जौहर ने इस दौरान उन सीन की बारीकियों पर गौर किया, जिसमें ठहराव, चुप्पी, बेढंगापन और आखिर में एक समाधान, सब दिखाई देता है। ये सीन सिर्फ एक्टर से निर्देशन की दुनिया में उतरा कोई शख्स ही कर सकता है। करण जौहर ने ये खुलासा भी किया कि उन्होंने इस सीन को तीन बार रिवाइंड करके देखा। इस सीन ने भावनात्मक स्तर पर उन्हें काफी ज्यादा प्रभावित किया। इसकी तारीफ करते हुए करण जौहर ने सिनेप्रेमियो और मेकर्स से इस सीन को खासतौर से देखने का आग्रह किया। वहीं, कोंकणा को भी अपने इस काम से बेहद संतुष्टि मिली। बता दें कि लस्ट स्टोरीज में चार कहानिया हैं। अन्य तीन कहानियों का निर्देशन आर बाल्की, सुजॉय घोष और अमित रविंद्रनाथ शर्मा ने किया।